राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 17
लखनऊ, सोमवार 15 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी का हो रहा चहुंमुखी विकास, हर पात्र को मिलेगा सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ 03

इंस्टाग्राम पर महिला को फॉलो करना युवक को पड़ा महंगा 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,11,300/ |
| 22 कैरेट | = 10,2050/ |
| 18 कैरेट | = 83,520/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,33,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### एयरपोर्ट पर दो विदेशी फर्जी पासपोर्ट के साथ गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों दो विदेशी नागरिकों को फर्जी पासपोर्ट के साथ पकड़ कर सहार पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। सहार पुलिस स्टेशन की टीम इन दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे सहार पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने 67 वर्षीय एक बांग्लादेशी नागरिक निरंजन नाथ सुबल को ओमान देश से मुंबई आने पर हिरासत में लिया था। इसी दौरान दूसरे नेपाली नागरिक कृष्णा मर्पण तमांग (29) को भी फर्जी पासपोर्ट मामले में हिरासत में लिया गया था।

### सरहद पार से आई 15.7 किलो हेरोइन बरामद, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** फिरोजपुर पुलिस ने एक बार फिर सरहद पार से नशा तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने 15.7 किलोग्राम हेरोइन समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। राज्य के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि खुफिया जानकारी पर आधारित पर फिरोजपुर पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। फिरोजपुर के हबीबवाला निवासी सोनू सिंह के पास से 15.7 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है। डीजीपी यादव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कोई भी पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। प्राथमिक जांच से पता चला है कि यह ड्रग नेटवर्क कपूरथला जेल में बंद एक व्यक्ति चला रहा है।

### उत्तर बंगाल में 5.9 तीव्रता का भूकंप, लोगों में दहशत

**सिलीगुड़ी।** उत्तर बंगाल के बड़े इलाके में फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रविवार शाम 4.41 बजे अचानक सब कुछ हिल गया। कई लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए क्योंकि सितंबर में पहले भी कई बड़े भूकंप आ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि, भूकंप का केंद्र असम की राजधानी गुवाहाटी और तेजपुर के बीच ढेकियाजुली नामक स्थान पर था। भूकंप सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.9 थी। असम सीमावर्ती अलीपुरद्वार जिले के अलावा कूचबिहार, दिनहाटा, चेंगराबांधा और जलपाईगुड़ी जिलों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है। वहीं, मालदा और दिनाजपुर में भी झटके महसूस किए गए हैं।

### कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना पर फिर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार को लेकर एक बार फिर से केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया है कि इस परियोजना में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है, जिससे पर्यावरण और आदिवासी समुदायों के अधिकारों का हनन हो सकता है।

प्रधानमंत्री ने नुमालीगढ़ में 18,500 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर व इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा

# कांग्रेस ने घुसपैठियों को दिया बढ़ावा

एजेंसी



**दारांग, असम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में बाजार संरक्षणवाद की बढ़ती प्रवृत्तियों के बीच रविवार को एक बार फिर देशवासियों से स्वदेशी और स्थायीय सामानों की खरीद-फरोख्त को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश में, खास कर सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ से उत्पन्न खतरों के प्रति लोगों को आगाह करते हुए स्पष्ट घोषणा की कि उनकी सरकार घुसपैठियों को देश के संसाधनों और जमीन पर कब्जा नहीं करने देगी। वह दारांग में एक नये मेडिकल कालेज, हॉस्पिटल और नसिंग कालेज के नये परिसर, गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र पर नये पुल और गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना का ऑनलाइन तरीके से शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 6500 करोड़ रुपये लागत वाली इन परियोजनाओं का निर्माण पूर्वोत्तर और असम को अर्थिक वृद्धि के नये इंजन के रूप में विकसित करने के उनकी सरकार के संकल्प के तहत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने असमिया गायक स्वर्गीय भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिये जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी के लिए पार्टी की कटु आलोचना की। उन्होंने घुसपैठ की समस्या से निपटने की अपनी सरकार की नीतियों और नियमों का विरोध करने के लिए भी विपक्ष और कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुये कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को भारत में स्थायी रूप से बिठाना चाहती है। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर से करते हुये कहा कि मां काम्याख्या के आशीर्वाद से आपरेशन सिंदूर को जबरदस्त सफलता मिली। उन्होंने जनता से देश और नयी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वदेशी सामान खरीदने का आश्वासन मांगा। उन्होंने कहा, स्वदेशी की मेरी व्याख्या बहुत सीधी है। कंपनी कहीं की हो, पैसा दुनिया में कहीं से लगा हो, पर सामान को बनाने में मेरे देश के लोगों का पसीना लगा होना चाहिए, उसमें देश की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने दुकानदारों से अपनी दुकान पर स्वदेशी का बोर्ड लगाने की अपील भी की। उन्होंने स्वदेशी के प्रभाव का उदाहरण देते हुए कहा कि करीब 50 साल पहले वह कुछ समय कन्याकुमारी में रहते थे। वहां एक दिन वह गले में गमछा डाल कर घूम रहे थे तो कुछ लोगों ने उनके पास आकर पूछा आप असम से हैं, तो उनका जबाव था, मैं गुजरात का हूं। श्री मोदी ने कांग्रेस पर महापुरुषों को अपमान करने का आरोप लगाते हुये कहा, कुछ समय पहले ही हमने भारत रत्न, सुधाकंठ भूपेन हजारिका की जयंती मनाई है। उन जैसे हमारे पूर्वजों ने जो सपना देखा था असम में भाजपा की डबल इंजन सरकार वह सपना पूरा कर रही है। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व शर्मा ने आज सुबह मुझे एक वीडियो दिखाया जिसमें जिस दिन भारत सरकार ने भूपेन दा को भारत रत्न दिया, उस दिन कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष को यह बयान देते हुए दिखाया गया है कि मोदी नाचने गाने-वाले को भारत रत्न दे रहा है।

**कांग्रेस जब सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से था लहूलुहान**

श्री मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग हमारी सेना के बजाय आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देश हित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देश विरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और आज कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाए और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें। आप वायदा कीजिए कि आप स्थानीय सामान के लिए मुखर होंगे।

**कांग्रेस से भूपेन दा के अपमान का जवाब मांगे असम की जनता**

श्री मोदी ने कहा, मैं जानता हूं उनका पूरा इकोसिस्टम मेरे ऊपर टूट पड़ेगा और कहेगा कि मोदी ने फिर रोना धोना शुरू कर दिया। जनता ही मेरी भगवान मेरी पूजनीय है जनता ही मेरा रिमोट कंट्रोल है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं की ओर से अपने खिलाफ कहे जाने वाले कथित अपशब्दों की ओर संकेत देते हुए कहा इनका अंहकार तो इतना है कि नामदार जब कामदार की पिटायी करता है, और कहीं दर्द से कामदार की आवाज निकल जाय तो उस पर और आक्रमण करते हैं। ऐसा अहंकार सार्वजनिक जीवन में शोभा नहीं देता है। असम की जनता को कांग्रेस से भूपेन दा के अपमान का जवाब मांगना चाहिए।

## विमान रनवे पर दौड़ रहा था, पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका

▶ लखनऊ एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा 151 यात्री थे सवार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार की सुबह इंडिगो फ्लाइट दिल्ली के लिए टेकऑफ के समय गंभीर स्थिति में फंस गई। फ्लाइट रनवे पर दौड़ रही थी, लेकिन टेकऑफ नहीं कर पाई और पायलट को इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा। इस घटना से बड़ा हादसा टल गया। फ्लाइट में सपा सांसद डिंपल यादव सहित कुल 151 यात्री सवार थे।

सूत्रों के अनुसार, सुबह 10.55 बजे, जब फ्लाइट उड़ान भरने के लिए रनवे पर थी, पायलट ने तकनीकी खराबी का सामना किया। रनवे के आखिरी तक पहुंचने से पहले पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को रोक दिय। इस फैसले से संभावित दुर्घटना टल गई। फ्लाइट रनवे के कोने तक पहुंचकर टेकऑफ नहीं कर पाई और उसे सुरक्षित रूप से वापस लाया गया। इमरजेंसी की स्थिति के बावजूद सभी यात्रियों को सुरक्षित रखा गया। एयरलाइन ने तुरंत उनकी दूसरी फ्लाइट में व्यवस्था की और सभी यात्रियों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इंडिगो एयरलाइन ने तकनीकी खराबी की पुष्टि की और कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, घटना के दौरान एयरपोर्ट का संचालन थोड़ी देर के लिए बाधित हुआ, लेकिन किसी यात्री को चोट नहीं आई। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पायलट की त्वरित प्रतिक्रिया और टीम की कोऑर्डिनेशन ने बड़ी दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फ्लाइट की समय-सारिणी के अनुसार, इसे सुबह 11 बजे रवाना होना था और दिल्ली में लैंडिंग का समय 12.10 पीएम निर्धारित था। तकनीकी खराबी के कारण इसमें देरी हुई।

### राहुल गांधी आज पहुंचेंगे पंजाब, बाढ़ पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

**नयी दिल्ली।** पंजाब में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को गुरदासपुर जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वह बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेंगे और पीड़ितों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को पंजाब के गुरदासपुर पहुंचेंगे, जहां वे बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इस दौरान वे बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन भी करेंगे। राहुल गांधी का यह दौरा राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य बड़े नेता भी पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर चुके हैं।

## सेवानिवृत्त आईएएस अमित खरे उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन के सचिव नियुक्त

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमित खरे को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने इस संबंध में मंजूरी प्रदान की है।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के शनिवार को जारी आदेश के अनुसार 1985 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी खरे की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर सचिव के पद और वेतनमान पर की गई है। वे पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। खरे 12 अक्टूबर, 2021 से प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित विषयों को देख रहे थे। अपने लंबे प्रशासनिक कार्यकाल में उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। वे केंद्र सरकार में छह वर्ष तक उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव रहे, जहां उन्होंने यूनेस्को, शिक्षा नीति, पुस्तक संवर्धन और कॉपीराइट से जुड़े दायित्व संभाले। झारखंड में उन्होंने मानव संसाधन विकास सचिव और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य किया।

### असम में 5.8 तीव्रता के भूकंप के बाद दो और कम तीव्रता के भूकंप से दहशत

**गुवाहाटी।** असम के शोणितपुर जिलांतर्गत ढेकियाजुली में रविवार दोपहर बाद 4.41 मिनट के आसपास आए भूकंप के तेज झटकों से लोगों के बीच दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रारंभिक सूचना के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5.8 बतायी गयी है। अंतिम सूचना मिलने तक भूकंप से किसी भी प्रकार के नुकसान का अभी पता नहीं चला है। भूकंप का केंद्र शोणितपुर जिला के ढेकियाजुली से 15 किमी दूर जमीन के अंदर 5 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 26.78 उत्तरी अक्षांश तथा 93.33 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था। भूकंप का असर पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के साथ ही पड़ोसी देश बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान एवं चीन तक महसूस किया गया है।

## अशोक सिद्धार्थ को बसपा प्रमुख मायावती ने बनाया केंद्रीय कोऑर्डिनेटर, चार राज्यों की दी जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी हैं।इसके साथ ही उन्हें जम्मू कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़ और हिमांचल प्रदेश राज्य का प्रभारी भी बनाया गया है। मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के अशोक सिद्धार्थ ससुर हैं।

विरोधी गतिविधियों के चलते आकाश और उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। आकाश के माफी मांगने के बाद 6 सितंबर को अशोक ने भी बसपा प्रमुख से सार्वजनिक माफी मांगते हुए पार्टी में शामिल करने का आग्रह किया था। उसके तुरंत बाद मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्हें माफ करते हुए उनको पार्टी में शामिल करने का ऐलान किया था। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को केंद्रीय कोर्डिनेटर बनाया है।

साथ ही उन्हें जम्मू कश्मीर, गुजरात, छत्तीसगढ़ और हिमांचल प्रदेश का प्रभार भी सौंपा गया है। इससे पहले इन राज्यों का काम देख रहे रणधीर सिंह बेनीवाल को सेक्टर चार का केंद्रीय कोआर्डिनेटर बनाया गया है।

वहीं, सेक्टर चार का काम देख रहे डॉ. लालजी मेधांकर को सेक्टर पांच और सेक्टर पांच की जिम्मेदारी पूर्व विधायक अतर सिंह राव को मिली है। उनसे पहले पूर्व विधायक धर्मवीर सिंह देख रहे थे। उल्लेखनीय है कि बसपा प्रमुख ने पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में छह सेक्टर बनाए हैं। हर सेक्टर में तीन से चार राज्यों को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद इन केंद्रीय सेक्टरों के कार्यों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट पार्टी प्रमुख को पहुंचाने का काम करेंगे।

## नेपाल में नवनियुक्त प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने संभाला कार्यभार

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल की नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय एवं मंत्रिपरिषद का भवन हाल ही में आंदोलनकारियों की हिंसात्मक घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी वजह से गृह मंत्रालय भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को श्रीमती कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। कांतिपुर समाचार पत्र के मुताबिक श्रीमती कार्की ने कार्यभार संभालने से पहले लांचोर पुघेर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री कार्की ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद जेन-जेड आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया। मुख्य सचिव एकनारायण आर्याल ने बताया कि घायलों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी की गई है।

### खराब मौसम के कारण माता वैष्णो देवी यात्रा फिर हुई स्थगित

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर तीर्थयात्रा खराब मौसम के मद्देनजर रविवार को पुनः को स्थगित कर दी गयी। यह यात्रा 19 दिनों के लंबे अंतराल बाद रविवार से शुरू होने वाली थी। मंदिर बोर्ड के अधिकारी ने बताया, श्री माता वैष्णो देवी यात्रा जो रविवार से शुरू होने वाली थी, भवन और मार्गों पर लगातार बारिश के कारण अगले आदेश तक पुन~ स्थगित की जाती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं से निवेदन है कि आधिकारिक संचार तंत्र के जरिये जानकारी प्राप्त करते रहें। 26 अगस्त को अधकुवारी में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश से आये भूस्खलन में कम से कम 34 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी।

## जीएसटी सुधार से लोगों पर कर का बोझ होगा कम

▶ भारत के लिए कर सुधार नाम से हुए सम्मेलन को वित्त मंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को व्यापार एवं उद्योग संघ की ओर से उभरते भारत के लिए कर सुधार के नाम से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दावा किया कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लागू होने पर देश भर में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद है और इसक सीधा प्रभाव भारत के एक सौ चालीस करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी का लाभ देश के हर नागरिक को रोजमर्रा की हर चीज में मिलेगा। इसका असर लोगों को सुबह की चाय से लेकर रात के खाने और सोने तक देखने को मिलेगा। जीएसटी में किए गए सुधारों से लोगों पर कर का बोझ कम होगा। अब 99 प्रतिशत सामानों पर जीएसटी की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह आम आदमी की जेब पर बोझ कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक समान कराधान सुनिश्चित करने के लिए 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यवसाय ही टैक्स प्रणाली में शामिल थे। लेकिन पिछले आठ वर्षों में यह संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है। यह सरकार की पारदर्शी और सरल टैक्स नीति का नतीजा है। जीएसटी सुधारों के तहत वस्तुओं और सेवाओं के वर्गीकरण को सरल बनाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कर की श्रेणियां स्पष्ट और सरल हों, जिससे व्यापारियों और कारोबारियों में कोई भ्रम न फैले। साथ ही जीएसटी सुधारों के कारण अब कई उत्पादों की इनपुट लागत कम होगी।

### सपा ने विश्वकर्मा समाज को साधने के लिए शुरु की होर्डिंग वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों की आहट से पूर्व ही होर्डिंग्स वार शुरू हो गया है और 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा से पहले इस समाज को साधने के लिए एक होर्डिंग यहां समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर लगाया है। इस होर्डिंग में सपा और भाजपा के समय में विश्वकर्मा समाज को मिलने वाली सौगात की तुलना की गई है। समाजवादी पार्टी नेता इंजीनियर संदीप विश्वकर्मा की ओर से लगाई होर्डिंग में विश्वकर्मा समाज के मुद्दों पर समाजवादी पार्टी और भाजपा की तुलना की गई है। पोस्टर पर साफ लिखा फर्क साफ है। विश्वकर्मा समाज को समाजवादी पार्टी और भाजपा से अब तक क्या मिला है, की उपलब्धियां गिनाई गई हैं।

## श्रद्धा व विश्वास पर चलती है पूरी दुनिया : मोहन भागवत

एजेंसी



**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हमारा देश श्रद्धा का देश है। यहां कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। तर्क और शास्त्रार्थ में हमारा देश कहीं भी पीछे नहीं है, परंतु हम लोग जानते हैं कि श्रद्धा और विश्वास से जीवन चलता है। जिनको जड़वादी कहा जाता है, वे भी आजकल इसको मानते हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है।

आज दुनिया में संघर्ष इसलिए है, क्योंकि सभी के मन में अहम है, जिसमें केवल यह सोच है कि मैं ही आगे बढ़ूं और दूसरा कोई आगे न बढे, इसलिए सभी आपस में भिड़े हुए हैं। सरसंघचालक डॉ. भागवत रविवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नर्मदा खंड सेवा संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की लिखी पुस्तक परिक्रमा कृपा सार का विमोचन किया।

### आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख आज

**नयी दिल्ली।** आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की सोमवार को आखिरी तारीख है और ऐसे में आयकर विभाग ने लोगों को अंतिम समय में संभावित परेशानी से बचने के लिए आज ही अपना रिटर्न भरने की सलाह दी है। विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से रविवार को बताया कि अपना आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें। अक्सर देखा जाता है कि जब बड़ी संख्या में लोग अंतिम समय में लॉगइन करते हैं तो सर्वर हैंग होने या प्रक्रिया धीमी होने की शिकायत आती है। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख फिलहाल 15 सितंबर है। इसके बाद रिटर्न भरने पर पांच लाख तक की कुल आय वालों को एक हजार रुपये और उससे अधिक की आय वालों को पांच हजार रुपये का जुर्माना देना होगा।

**सम्मेलन** शाह की अध्यक्षता में महात्मा मंदिर गांधीनगर में पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ

# हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि मित्र

एजेंसी



**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हर नागरिक अपनी मातृभाषा को महत्व दे और राजभाषा को सहयोग प्रदान करे। उन्होंने कहा कि 'हिंदी' अन्य भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि मित्र है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 'हिंदी दिवस-2025' और 'पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के शुभारंभ पर केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में हिंदी भाषा प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा, ÷हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि मित्र है।÷ पहले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होते थे। इसमें कुछ परिवर्तन किए गए और पिछले पाँच वर्षों से यह कार्यक्रम देश के विभिन्न भागों में आयोजित किया जा रहा है। परिणामस्वरूप हमें राजभाषा और देश की सभी भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की लड़ाई के दौरान तीन बातों पर बल दिया था—स्वराज, स्वधर्म और स्वभाषा। ये तीनों बातें आपस में जुड़ी हुई हैं और देश के स्वाभिमान से संबंधित हैं। महात्मा गांधी गुजरात राज्य साहित्य परिषद के अध्यक्ष थे और उन्होंने गुजराती शब्दकोश के निर्माण में भी बड़ा योगदान दिया। वे जानते थे कि जब तक भाषा मजबूत न हो, तब तक कोई भी समाज विश्व में सिर उठाकर खड़ा नहीं रह सकता।

**अनेक विद्वानों ने हिंदी को अपनाकर उसका प्रचार किया**

गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात में प्रारंभ से ही दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, कन्हैयालाल मुनशी, उमाशंकर जोशी तथा अन्य अनेक विद्वानों ने हिंदी को अपनाकर उसका प्रचार किया है। इन दूरदर्शी नेताओं ने भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे से संवाद के लिए और प्रत्येक राज्य में हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए आग्रह किया था। गुजरात में गुजराती और हिंदी का सहअस्तित्व रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गुजराती बच्चों की पहुँच राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अधिक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाहर यह पाँचवाँ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित हो रहा है। यह सम्मेलन भाषा प्रेमियों को नई दृष्टि, ऊर्जा और प्रेरणा देता है। आज इस परिषद में कई प्रकाशनों का लोकार्पण किया गया, जो भाषा के प्रति हमारे प्रेम और शैलियों में उसके उपयोग को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हिंदी को बोलचाल और प्रशासन के साथ ही विज्ञान, प्रौद्योगिकी और न्याय की भाषा भी होना चाहिए।

गृहमंत्री शाह ने यह भी बताया कि डिजिटल 'हिंदी शब्द सिंधु' में लगभग 7 लाख शब्द शामिल किए गए हैं, जो वर्ष 2029 तक विश्व की सबसे बड़ी शब्दावली बन जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी ने दिव्यांगजनों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

# जाली पेपर से लोन कराने वाला बैंक मैनेजर समेत चार लोग गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज




**गिरोह लखनऊ समेत आस-पास के जिलों में कूटरचित दस्तावेजों और बैंक कर्मचारियों की आईडी हैक करके मुद्रा लोन और ऑटो लोन पास कराकर करोड़ों रुपए हड़प चुका है।**

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने साइबर फ्रॉड करने वाले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह लखनऊ समेत आस-पास के जिलों में कूटरचित दस्तावेजों और बैंक कर्मचारियों की आईडी हैक करके मुद्रा लोन और ऑटो लोन पास कराकर करोड़ों रुपए हड़प चुका है।

गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड गौरव सिंह (ब्रांच हेड, यूनियन बैंक जानकीपुरम), नावेद हसन, अखिलेश तिवारी और इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। आरोपियों ने मिलकर दर्जनों फर्जी फर्म बनाई और उन्हीं के खातों में लोन का पैसा ट्रांसफर कराते थे। राज बहादुर गुरुंग नामक व्यक्ति को 2-3 लाख रुपए के लोन की जरूरत थी। वह गैंग के इंद्रजीत सिंह के सम्पर्क में आया। इंद्रजीत ने उसे बैंक मैनेजर गौरव सिंह से मिलवाया और कई कागजों पर साइन करवा लिए। कुछ महीनों बाद उसके फोन पर ईएमआई का मैसेज आया तो पता चला कि उसके नाम से 24.8 लाख रुपए के दो लोन पास हुए हैं। एक 9.8 लाख का मुद्रा लोन और दूसरा 15 लाख का कार लोन था। एसटीएफ ने राज बहादुर गुरुंग की शिकायत पर 13 सितंबर को न्यू हजरतगंज अपार्टमेंट, ओमेक्स सिटी (थाना सुषांत गोल्फ सिटी) से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से 5 मोबाइल, एक डेस्कटॉप, 268 फर्जी दस्तावेजों की छायाप्रति, नकली आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 2 चेकबुक, 4 कारें, प्रिंटर और 50,750 नकद बरामद किए। नावेद और अखिलेश फर्जी दस्तावेज बनाते थे। इंद्रजीत फील्ड से कस्टमर लाकर उनके दस्तावेजों पर फोटो और सिग्नेचर बदलकर फाइल तैयार करता था। गौरव सिंह अपनी अथॉरिटी और अन्य बैंक कर्मचारियों की आईडी से लोन अप्रूव कर देता था। लोन की राशि फर्जी फर्मों के खातों में आती और कैश निकालकर आपस में बांट ली जाती थी। गिरोह 2015 से सक्रिय है और अब तक करीब 20 गाड़ियां फाइनेंस कराई जा चुकी हैं। आरोपियों ने कई बैंकों से फर्जी तरीके से लोन पास कराकर करोड़ों रुपए का घोटाला किया है। लखनऊ में चारों आरोपियों के खिलाफसाइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसटीएफ ने जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का फोरेंसिक परीक्षण कराने और गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# भारत-पाकिस्तान मुकाबले के खिलाफ प्रदर्शन, छात्रों और पुलिस के बीच झड़प

समृद्धि न्यूज

**बीसीसीआई मुर्दाबाद व जय शाह मुर्दाबाद के लगाए नारे**

**लखनऊ।** एशिया कप 2025 में आज भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का विरोध हो रहा है।

रविवार को कांग्रेस के छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ कार्यकर्ताओं ने लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र अपने साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का पुतला लेकर आए थे, जिसपर उन्होंने कालिख पोत कर भारत-पाकिस्तान मैच के प्रति अपना रोष जताया है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भी हो हुई। जब पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया, तो दोनों पक्षों में बहस और धक्का-मुक्की हुई। जिसके बाद पुलिस ने किसी तरह पुतला कब्जे में लिया और प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। एनएसयूआई उपाध्यक्ष आर्यान मिश्रा ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए नारे लगाए। बीसीसीआई मुर्दाबाद और जय शाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। हमने बीसीसीआई के पुतले पर कालिख पोतकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच का विरोध किया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मृतकों की चिंता ठंडी नहीं हुई है, ऐसे में पाकिस्तान के साथ मैच खेलना बेहद शर्मनाक है। हाल ही में हुए हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी के बयान का भी जिक्र किया, जिन्होंने इस मैच को भारतीयों का अपमान बताया था।

## खबरें एक नजर में

### बंथरा में 15 साल की छात्रा लापता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र से एक 15 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने उन्नाव जिले के पुरवा निवासी जगाथा, मंगत खेड़ा निवासी रजनीश और उसकी बहन नीलम पर अपहरण का आरोप लगाया है। घटना 11 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे की है। किशोरी कक्षा 10 की छात्रा है। पिता का आरोप है कि रजनीश कई महीनों से उनकी बेटी को बरगला रहा था। विरोध के बावजूद वह अपनी बहन के साथ मिलकर प्रेम प्रसंग का झांसा देकर किशोरी को ले गया। परिजनों के अनुसार घर से 22 हजार रुपए नकद और महिला के सोने के जेवर भी गायब हैं। इनमें चेन, झुमकी और पायल शामिल हैं। काफी खोजबीन के बाद परिवार ने बंथरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है। किशोरी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफकार्रवाई जल्द की जाएगी।

### चौकी प्रभारी ने दिव्यांग को गोद में उठाकर कराया रेलवे ट्रैक पार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-कानपुर रेल खंड पर हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर एक दिव्यांग व्यक्ति की मदद कर चौकी प्रभारी अर्जुन राजपूत ने मानवता की मिसाल पेश की। रविवार दोपहर करीब 12.15 बजे की यह घटना है। 35-40 वर्षीय दिव्यांग व्यक्ति मोहान की ओर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहा था। दोनों पैरों से अपंग यह व्यक्ति ट्रैक के पास बैठा था। इसी दौरान वहां पहुंचे चौकी प्रभारी अर्जुन राजपूत ने तुरंत मदद की। राजपूत ने दिव्यांग को गोद में उठाया और उसे सुरक्षित रूप से रेलवे ट्रैक के दूसरी तरफ पहुंचाया। मौके पर मौजूद लोग इस मानवीय कार्य को देखकर भावुक हो गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की मदद से पुलिस की छवि और बेहतर होगी। चौकी प्रभारी के इस कदम ने न केवल एक जरूरतमंद की मदद की, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास को भी मजबूत किया। यह घटना हरौनी क्षेत्र में सकारात्मक संदेश बनकर उभरी है।

### इंजीनियर्स डे पर रक्तदान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगामी 15 सितम्बर को महासंघ के संस्थापक सदस्य स्व आर के दत्ता जी के 37 वीं पुण्य तिथि पर अभियंता दिवस के अवसर पर लखनऊ मंडल के डिप्लोमा इंजीनियर्स वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगे। जिसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री नगर विकास राकेश राठौर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेंगे। अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स के उपाध्यक्ष इं एन डी द्विवेदी तथा उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष इं एच एन मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थिति रहेंगे। मंडल अध्यक्ष राजर्षि त्रिपाठी ने बताया है कि लखनऊ मंडल में 300 यूनिट रक्तदान के लक्ष्य के साथ कुल 5 इस ववक बैंक की टीमें शिविर में प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के समस्त मंडल मुख्यालयों एवं कई जनपद में आयोजन के साथ कुल 3000 यूनिट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर पर इतनी बड़ी संख्या में एक दिन में रक्तदान करने वाला यह पहला सरकारी सेवा संगठन है।

### गुरु पूजा व भंडारे में कबीर पंथी का उमड़ा संत समाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री सदगुरु कबीर जागू आश्रम दसौली पर आज गुरु पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक ऋषि त्रिवेदी के संयोजकत्व में हुये इस कार्यक्रम में काफी संख्या में साधु-संतों सहित विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। जिनमें श्री श्री108 महंत योगेंद्र दास साहेब, महंत अनुराग दास जगदीशपुर गौरैया आश्रम सीतापुर, महंत विचार साहेब मातापुर सीतापुर, आचार्य शिवपूजन दीक्षित, योगाचार्य प्रकाश श्रीवास्तव, अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण मिश्रा, राम तिवारी, अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक पंकज तिवारी शामिल थे। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः बीजक पाठ व गुरू पूजा संध्या पाठ,आरती के साथ हुई जिसके उपरांत दोपहर एक बजे से भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

### धनगर समाज को नहीं मिल रहा अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** धनगर समाज के लोगों ने रविवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रमाण पत्र न बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी दारुलशफा से विधानभवन की तरफ चले तो पुलिस दल ने घेराबंदी करके रोक लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से मांगों को ज्ञापन लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी धनगर ने रविवार को दारुलशफा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति का प्रमाण पत्र न बनाए जाने को लेकर प्रांतीय कार्य कारिणी बैठक को बुलाया था। इस बैठक में महासभा के पदाध्धिकारियों ने तहसीलदारों की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क पर उतरने का निर्णय लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय के समक्ष पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने उनको रोक लिया।

### जैन समाज ने मनाया क्षमावाणी पर्व एवं विश्व मैत्री दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमती नगर जैन मंदिर में जैन धर्म के दशलक्षण धर्म व्रत समाप्त होने पर क्षमावाणी पर्व एवं विश्व मैत्री दिवस रविवार को मनाया गया। मैं सभी प्राणियों को क्षमा करता हूं सभी जीव मुझे क्षमा करें मेरा सभी के साथ मैत्री भाव है, किसी के प्रति बैरभाव नहीं है ,इसी आशय के साथ यह पर्व मनाया जाता है इसमें सर्वप्रथम मंगलाचरण नव्या जैन द्वारा महावीर वंदना, अनीता, सुनीता, बबीता, अर्चना, जुली द्वारा की गई, सभी का स्वागत अनीता जैन ने अपने भाषण से किया। इसके बाद भजन अर्चना जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। गोमती नगर महिला मंडल की अनीता, वैशाली, पिंकी, सपना, रश्मि, अंजू, जया, स्वाति, कनिका, तनुप्रिया, मोना, आदि द्वारा भक्ति भाव नृत्य नाटिका माता के सोलह सपने एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा जिनवाणी का संदेश नाटक प्रस्तुत किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूती देने की दिशा में एक नया कदम

# सर्वोदय विद्यालयों में हर रविवार को होगा श्रमदान

**योगी सरकार की अनूठी पहल, छात्र खुद संवारेंगे परिसर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूती देने की दिशा में एक नया कदम उठाया है।

राज्य के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में अब हर रविवार श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के नेतृत्व और समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देशन में की गई है। इसका उद्देश्य न सिर्फ परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखना है, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता की भावना को भी विकसित करना है। अब प्रत्येक रविवार विद्यार्थियों को स्वेच्छा से श्रमदान करना होगा। इसमें वे अपने विद्यालय और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, फर्नीचर की मरम्मत, नालियों की सफाई और कचरा प्रबंधन जैसे कार्यों में भाग लेंगे। इसके लिए सभी जरूरी उपकरण जैसे झाड़ू, फावड़े, बाल्टी, तसला और कूड़ेदान पहले से मुहैया करा दिए गए हैं। इस पहल के तहत बागवानी को भी प्रमुखता दी गई है। छात्र पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई करेंगे, नए पौधों का रोपण करेंगे और सूखे पत्तों से खाद बनाने का काम भी करेंगे। इससे हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी पैदा होगी। विद्यालयों को विभिन्न सदनों में बांटकर श्रमदान की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और स्वच्छता के प्रति प्रेरणा बढ़ेगी। इससे टीम भावना और सहयोग की संस्कृति को भी बल मिलेगा।

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** एनबीआरआई लखनऊ में दो दिवसीय सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव का रविवार को डिप्टी सीए ब्रजेश पाठक ने फीता काटकर शुरुआत की। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन, टेक्नोलॉजी शो और स्टार्टअप पिच सेशन का आयोजन होगा। इसमें सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह शामिल होंगे। कॉन्क्लेव को ऑर्गनाइज कर रहे एनबीआरआई के निदेशक डॉ.अजीत कुमार शासनी ने बताया कि इसका मकसद नए स्टार्टअप, रिसर्चर, उनके नवाचारों, उद्योग जगत के दिग्गजों, उद्यमियों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाना है। एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने बताया इस कॉन्क्लेव का मकसद उत्तर प्रदेश और खासकर लखनऊ में नवाचार के लिए माहौल बनाना है। इस सम्मेलन के जरिए फूलों की खेती, हर्बल उत्पादों और कृषि से संबंधित स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना है। इससे हरित अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। इस कॉन्क्लेव में एनबीआरआई के अलावा सीएसआईआर, सीडीआरआई और आईआईटी आर भी शामिल होंगे।

### एनडीए की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी, तीन मिनट देर सेंटर पहुंचने पर लौटाए

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी (एनडीए एंड एनए) की प्रवेश परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जा रही हैं। मौके पर पुलिस बल के साथ में मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाई गई है। इस दौरान अमीनाबाद स्थित सिंधी विद्यालय गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों को तय समय से 3 से 5 मिनट की देरी पर पहुंचने पर एंट्री नहीं दी गई। इस पर लोग नाराज हो गए। अजीत तिवारी ने कहा कि बच्चे को टेस्ट दिलवाने के लिए लेकर आए थे। तीन मिनट की देरी हुई तो विद्यालय के लोगों ने प्रवेश नहीं दिया।

# शिक्षा, कौशल विकास व एआई पर जनता दे रही सुझाव, डेढ़ लाख फीडबैक दर्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा संचालित %समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश ञ2047% अभियान निरंतर जनभागीदारी और सुझावों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया।

इस संवाद में न केवल विगत आठ वर्षों की विकास यात्रा साझा की गई, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने हेतु रोडमैप पर चर्चा और फीडबैक भी प्राप्त किया गया। सरकार द्वारा विकसित पोर्टलsamarthuttarpradesh.up.gov.in पर अब तक करीब डेढ़ लाख फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से करीब एक लाख फीडबैक ग्रामीण क्षेत्रों से और बाकि नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त हुए। आयु वर्ग के अनुसार करीब 50 हजार सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से, 75 हजार सुझाव 31-60 वर्ष वर्ग से और बाकि सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से आए हैं। जनता के बीच शिक्षा अब भी सबसे बड़ा मुद्दा है। करीब 50 हजार सुझाव शिक्षा से जुड़े मिले। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण विकास से जुड़े करीब 25 हजार, स्वास्थ्य पर 15 हजार से अधिक, समाज कल्याण पर करीब 15 हजार और कृषि क्षेत्र से संबंधित 20 हजार से अधिक सुझाव दर्ज किए गए।

### राजाभैया के पीआरओ रहे राजीव यादव की कुर्क होगी सम्पत्ति

**लखनऊ।** जिला मजिस्ट्रेट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 14 (1) की कार्रवाई करते हुए सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के करीबी राजीव यादव व शराब माफिया सुधाकर सिंह के करीबी शेखर सिंह की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है। प्रशासनिक अधिकारी राजीव की 82 लाख और शेखर की पांच लाख की संपत्ति कुर्क करेंगे।जिला प्रशासन के अनुसार सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव गैंग के लीडर के रूप में मानिकपुर थाना क्षेत्र के गोतनी निवासी राजीव यादव उर्फ राजू की जमीन व चार पहिया वाहन को कुर्क करने का आदेश दिया गया है, जो उसने आपराधिक कृत्यों से प्राप्त की है। राजीव पर संग्रामगढ़ थाने में हत्या, गुंडा एक्ट, आर्म्स व गैंगस्टर समेत 16 मुकदमे दर्ज हैं।

# टीईटी संबंधी अव्यवहारिक आदेश को वापस लिए जाने के लिए सरकार करे पुनर्विचार याचिका : सुशील पांडे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने आज पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश का शिक्षक चाहता है कि सरकार ही उनकी सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाए ।

उन्होंने कहा कि ञ्श्वञ्ज संबंधी अव्यवहारिक आदेश को वापस लिए जाने के लिए सरकार स्वयं पुनर्विचार याचिका दाखिल करे और यदि सरकार अपने शिक्षकों की सेवा सुरक्षा नहीं करेगी तो देश और प्रदेश का एक एक शिक्षक अपनी सेवा की सुरक्षा के लिए संगठन के माध्यम से हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में देश के विभिन्न राज्यों सहित उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपदीय पदाधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 20 सितंबर तक प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार सहित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा जा रहा है। वहीं इस संबंध में वरिष्ठ अधिकवक्ताओं से भी कानूनी सलाह और विचार विमर्श किया जा रहा है इसके बाद एक तरफ देश का शिक्षक सड़क पर संघर्ष करते हुए सरकार से गुहार करेगा तो वहीं दूसरी तरफ अपनी सेवा की सुरक्षा के लिए वह कानूनी लड़ाई भी लड़ेगा।

# गुडंबा पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा, लंबे समय से थे फरार



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशानुसार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पूर्वी जोन की गुडम्बा पुलिस ने रविवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटियों की पहचान संतोष निवासी ग्राम दसौली थाना गुडम्बा उम्र करीब 25 वर्ष और मो0 शब्बीर निवासी ग्राम बेहटा थाना गुडम्बा उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुई। जो काफी समय से न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन कर फरार चल रहे थे जिन्हें गुडम्बा पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। वारंटियों के विरुद्ध पुलिस ने लिखा पढ़ी करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संदीप सिंह गौर उपनिरीक्षक सौरव सिंह, कांस्टेबल विवेक सिंह की अहम भूमिका रही।

### पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर हुसैनगंज पुलिस ने भेजा न्यायालय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मध्य जोन की थाना हुसैनगंज पुलिस ने पांच फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को लिखापढ़ी के बाद कोर्ट में पेश कर दिया है। रविवार को हुसैनगंज पुलिस टीम ने फरार वारंटियों के मकानों और उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान पांच फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम सुभाष चन्द्र निवासी उदयगंज थाना हुसैनगंज, मनीष उर्फ़ मुन्ना निवासी हुसैनगंज, सैय्यद हसन अली, हुसैनगंज, अफ़सर जहां निवासी छितवापुर भुइयां हुसैनगंज, और फूलचंद्र निवासी हुसैनगंज है। सभी वारंटी लंबे समय से फरार थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहे थे। जिन्हें गिरफ़्तार कर हुसैनगंज पुलिस ने माननीय न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए रवाना कर दिया।

# अभियंता दिवस पर सीएम योगी से मांगा तोहफा, निजीकरण का निर्णय करें निरस्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश 15 सितम्बर को अभियन्ता दिवसश् के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से अपील करती है कि वे उप्र राज्य विद्युत परिषद की तरह प्रदेश के ऊर्जा निगमों में विशेषज्ञ बिजली इंजीनियरों को शीर्ष प्रबंधन के पदों पर तैनात करने की घोषणा कर विद्युत परिषद के समय के स्वर्णिम काल को वापस करें।


संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा कि बिजली कर्मी और अभियंता मुख्यमंत्री से उम्मीद करते हैं कि वे अभियन्ता दिवस के अवसर पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त करने का तोहफा बिजली कर्मियों को देंगे जिससे बिजली कर्मी उनके अत्यन्त कुशल नेतृत्व में प्रदेश की बिजली व्यवस्था में गुणात्मक सुधार कर 2047 में समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश का सपना साकार करने में पूरी एकाग्रता से जुट जाएं। पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री जी ने शिक्षकों को कैशलैस इलाज का तोहफा देकर सुखद आश्चर्य दिया था। इसी क्रम में बिजली कर्मी और अभियन्ता सरकारी क्षेत्र में बने रहने के तोहफे की उम्मीद लगाए हुए हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी किसी भी चुनौती के समय सदा ही कसौटी पर खरे उतरे हैं। चाहे महाकुंभ में निर्बाध बिजली आपूर्ति की बात हो या भीषण गर्मी में देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का नया कीर्तिमान बनाने की बात।

# यूपी का हो रहा चहुंमुखी विकास, हर पात्र को मिलेगा सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह सभागार चित्रकूट में चित्रकूट में कराए जा रहे विकास कार्यों,निर्माण कार्यो मे गति लाने हेतु अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए।निर्माण कार्यो मे और अधिक गति लाने के निर्देश दिये। जनप्रतिनिधि को अधिकारी व कर्मचारी उचित सम्मान दे, जनता की समस्याये पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ सुने,



समस्याओ का यथोचित व समयबद्ध समाधान करे, जो प्रकरण उनके स्तर से हल होने वाला न हो, उसके बारे मे समस्या लाने वाले व्यक्ति को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुये उसे पूरी तरह संतुष्ट करने का हर सम्भव प्रयास करें।

उपमुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना, सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश, मनरेगा सोशल ऑडिट, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए उन्होंने चित्रकूट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चित्रकूट आकांक्षी जनपद है, विकास कार्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों के साथ कोई भी भेदभाव नहीं होना चाहिए।


**बैठक** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास अमित घोष के साथ की समीक्षा बैठक

# पशुओं को लम्पी रोग से बचाने के लिए सरकार गम्भीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के कई जनपदों में पशुओं में फैले लम्पी रोग की स्थिति, उसके बचाव के लिए त्वरित कार्यवाही के संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास अमित कुमार घोष के साथ समीक्षा बैठक की।

वर्तमान में इस रोग से चंदौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर सिद्धार्थनगर, बस्ती, मऊ संतकबीरनगर और महराजगंज के गौवंश प्रभावित हैं। प्रभावित जनपदों में गोवंशीय पशुओं की संख्या



1454088 है। इनमें से प्रभावित गोवंश की संख्या 5091 है। 4325 गोवंश अभी तक उपचार से ठीक हो चुके हैं। जबकि 1006 गोवंश का उपचार चल रहा है। रिंग वैक्सीनेशन प्रक्रिया में किये गये टीकाकरण गाँवों की संख्या 1583 है, कुल टीकाकरण की संख्या 344000 है। बेल्ट वैक्सीनेशन प्रक्रिया में किये गये टीकाकरण गाँवों की संख्या 545 तथा टीकाकरण की संख्या 122979 है। प्रदेश में गोटपॉक्स वैक्सीन की उपलब्धता 49 लाख है। देवरिया में मुख्यालय से 1 संयुक्त निदेशक तथा 16 पशु चिकित्सकों की अतिरिक्त टीम टीकाकरण एवं उपचार तथा एलएसडी के प्रभावी नियंत्रण हेतु 7 सितंबर को भेजी गयी। कुशीनगर में मुख्यालय से 1 संयुक्त निदेशक तथा 6 पशु चिकित्सकों की अतिरिक्त टीम टीकाकरण एवं उपचार तथा एलएसडी के प्रभावी नियंत्रण हेतु 7 सितंबर को भेजी गयी। प्रभावित जनपदों में कार्यरत मोबाइल वेटनरी यूनिट के स्टाफ को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निर्देशन में एलएसडी प्रभावित गोवंशों के उपचार एवं टीकाकरण हेतु कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कराकर ग्राम स्तर पर जागरूकता, साफ-सफाई एवं मख्खी मच्छर की रोकथाम हेतु फागिंग, सैनिटाइजेशन आदि सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। मंडलीय अपर निदेशक ग्रेड-2 मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद करने तथा वास्तविक स्थिति से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक मृत गोवंश का डेथ आडिट कर मृत्यु का सही कारण ज्ञात करने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि कोई जनपद पूर्णतया प्रभावित नहीं है वरन छिटपुट केसेज प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। इससे पशुपालक किसानों को पशुधन हानि से बचाया जा सके।

# मकान की जर्जर छत अचानक भरभरा कर गिरी, एक की मौत, तीन घायल

▸ प्रशासन ने तत्काल राहत कार्य कर घायलों को पहुंचाया अस्पताल



समृद्धि न्यूज

**गोंडा** । शहर के मोहल्ला मेवतियान, पूरे नूरी मस्जिद की गली में एक व्यक्ति ने अपने पुराने मकान की छत को मजदूरों से तोड़वा रहा था उसी समय अचानक हादसा हो गया। मकान की जर्जर छत अचानक भरभरा कर गिर गई, जिससे मौके पर काम कर रहे चार व्यक्ति मलबे के नीचे दब गए।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों का दल पहुंचा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी तहसील सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार सदर मनीष कुमार, जिला आपदा विशेष राजेश श्रीवास्तव तथा एसडीआरएफ की टीम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी में जुट गए। स्थानीय पुलिस व प्रशासन की मदद से सभी घायलों को तत्परता के साथ मलबे से बाहर निकाला गया और तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की टीम द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है, हालांकि दुर्भाग्यवश इस हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील एवं प्रभारी जिलाधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों से भेंट कर संतावना व्यक्ति की गई तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

**घायलों का विवरण**

1. इंतजाम पुत्र ननकू आयु 23 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी गोण्डा।
2. गुफरान आयु 20 वर्ष निवासी राजा मोहल्ला नई बस्ती।
3. शाहिल पुत्र सोनू आयु 30 वर्ष निवासी महराजगंज।

**मृतक**

1. राम प्रकाश पुत्र नन्द राम आयु 40 वर्ष निवासी पाण्डेय पुरवा थाना खरगूपुर।

## ग्रामीणों को कम प्रीमियम में मिलेगा बेहतर लाभ : पोस्ट मास्टर

**गोंडा।** गोरखपुर परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव ने समस्त डाकघर के कर्मचारियों को एक पत्र जारी कर ग्रामीणों को कम प्रीमियम में बेहतर बीमा योजना का लाभ के बारे में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। डाक निरीक्षक करनैलगंज सुरेश कुमार सोनकर ने बताया कि गोरखपुर डाक परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव ने एक पत्र जारी कर कहा कि डाक विभाग 345 रुपए वार्षिक प्रीमियम में 5 लाख रुपए, 665 रुपए में 10 लाख व 749 रुपए में 15 लख रुपए का दुर्घटना बीमा उपलब्ध करा रहा है। बीमा एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा और प्रत्येक वर्ष इसका नवीनीकरण आवश्यक है। बीमा योजना में दुर्घटना से मृत्यु व आशिक विकलांगता की स्थिति पर बीमा कवर का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज हेतु 1 लाख रुपए ,दो बच्चों की पढ़ाई के लिए 50 हजार रुपए तक की सहायता अस्पताल में भर्ती रहने पर 15 दिन तक प्रतिदिन 5 सौ रुपए का भत्ता मृत्यु की स्थिति अंतिम संस्कार है 5 हजार के धनराशि तथा डॉक्टर से पोषण और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के सुविधा शामिल है।

# साइकिल रेस सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में भाई रिसितव बहन आरना अग्रवाल ने मारी प्रथम बाजी



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अग्रसेन जयंती समारोह का 46 वां वर्ष पर रविवार को नवीन गल्ला मंडी स्थल पर साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज के तमाम बच्चों ने हिस्सा लिया।

साइकिल रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ अग्रवाल नव युवक संघ के कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल और समाजसेवी कमल किशोर शाह ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रेस प्रतियोगिता बालक और बालिकाओं का चार वर्गों में प्रतियोगिता हुई, जिसमे बालिका वर्ग जूनियर में हर्षिता संघई को प्रथम, मोली जैन को द्वितीय,और दिव्या अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग सीनियर में आरना अग्रवाल को प्रथम, राध्या मित्तल को द्वितीय, और विती सिंघल को तृतीय स्थान मिला और इसी तरह जूनियर बालक वर्ग में आदविक बंसल को प्रथम रुद्रांश सोमानी को द्वितीय और श्रेष्ठ गर्ग को तृतीय स्थान मिला। और सीनियर बालक वर्ग में रिसित अग्रवाल को प्रथम, अविल पचेरिया को द्वितीय और कार्तिक अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। साइकिल रेस सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में भाई रिसित अग्रवाल और बहन आरना अग्रवाल ने प्रथम बाजी मारी। रेस प्रतियोगिता मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा द्वारा आयोजित किया गया। रेस प्रतियोगिता कराने में मंच के अध्यक्ष पीयूष मित्तल, महामंत्री विकास बंसल,मुकेश नहारिया,विकास जैन,प्रिंस गर्ग ,कृष्ण अग्रवाल, वैभव अग्रवाल,और देवेश जालान रहे। अग्रसेन जयंती समारोह अग्रवाल नव युवक संघ द्वारा मनाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम 20, 21 और 22 सितंबर को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में होगा।,और अग्रसेन जयंती धूमधाम से 22 सितंबर को मनाई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया की 20 सितंबर को निबंध लेखन, कुकिंग, शतरंज, एकल नृत्य और महिलाओं की नृत्य की प्रतियोगिता का कार्यक्रम होगा। 21 सितंबर को पोस्टर पेंटिंग, बोरा दौड़, छोटे बच्चों की गुढ़लिया, पॉट पेंटिंग, बेबी रेस, सुलेख, मंडला आर्ट ड्राइंग, कुर्सी दौड़, कैरम, रसाकसी महिला वर्ग ,म्यूजिकल चेयर, फैंसी ड्रेस, प एकल नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के महामंत्री विकास जैन ने बताया की 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से ध्वजारोहण के साथ मनाया जाएगा फिर उसके बाद पूजन एवं हवन कार्यक्रम होगा एवं अग्रसेन चौराहे पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर आरती थाल, रस्साकस्सी पुरुष वर्ग, लड्डू गोपाल जी का श्रृंगार प्रतियोगिता, व्यंजन, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रतियोगिता सीनियर वर्ग किया जाएगा और शैक्षणिक पुरस्कार वितरण के साथ-साथ कार्यक्रम में प्रतिभागियों को भी पुरस्कार वितरण किया जाएगा। साइकिल रेस प्रतियोगिता के दौरान संघ के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन, कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल, महेश नहारिया, सुधीर तुलस्यान, अजय अग्रवाल, गोपाल मित्तल, हरीश केडिया और अतुल अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### परिवार परामर्श केन्द्र में दो जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़ों को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण–प्रभारी निरीक्षक महिला थाना अनीता यादव, यशोदानंदन त्रिपाठी, राजमंगल मौर्य, गंगाधर शुक्ल, शशि भारती, संतोष ओझा, अनीता श्रीवास्तव, म0आ0 ज्योति राजभर म0आ0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

### कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में तेंदुए की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा रेंज में शनिवार को एक तेंदुए का शव मिला। नौबना बीट में गश्त के दौरान वन कर्मियों को जंगल में यह शव दिखाई दिया। मृत तेंदुआ करीब 7 वर्ष का नर था। वन विभाग के अनुसार, तेंदुए की गर्दन और पेट में घाव के निशान मिले हैं। अधिकारियों का मानना है कि मेटिंग सीजन के दौरान हुए आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत हुई है। रेंजर धर्मेंद्र कनौजिया को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और शव को रेंज कार्यालय ले आए। तीन पशु चिकित्सकों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में भी आपसी संघर्ष से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद रेंज कार्यालय परिसर में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग एक संरक्षित क्षेत्र है। यहां बाघ, तेंदुए समेत कई वन्य जीव रहते हैं। चिंता की बात यह है कि पिछले डेढ़ साल में इस वन्य जीव प्रभाग में यह नौवें तेंदुए की मौत है। इससे वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### डीएम ने बनाई 4 सदस्यीय जांच टीम, प्रिंसिपल को हटाने की मांग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र शिवम ने प्राचार्या स्मिता फिलिप्स पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए फांसी लगाने का प्रयास किया। यह घटना शुक्रवार की देर शाम की है।घटना के बाद सैकड़ों छात्र–छात्राएं अस्पताल के सामने और जिलाधिकारी आवास पर एकत्र हो गए। उन्होंने लगभग 9 घंटे तक प्रदर्शन किया और प्रिंसिपल को हटाने की मांग की। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एक जांच समिति का गठन किया है। छात्रों ने प्राचार्या पर मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है।चार सदस्यीय जांच टीम में नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश कुमार गौतम और जिला विद्यालय निरीक्षक शामिल हैं। टीम को 7 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### जंगली जानवरों का आतंक : बुजुर्ग महिला को घर से घसीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में जंगली जानवर का आतंक जारी है। रविवार दोपहर फखरपुर ब्लॉक के नंदवल इलाके में एक और हमला हुआ। जानवर ने घर में नल से पानी निकाल रही 70 वर्षीय चंद्रावती पर हमला कर दिया। जानवर महिला को घसीटकर ले जा रहा था। परिजनों और ग्रामीणों ने लाठी–डंडों से हमला कर महिला को बचाया। वो महिला को करीब 50 मीटर तक घसीट ले गया था। हमले में चंद्रावती के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया। हमले की सूचना पर पूर्व प्रधान सतगुरु मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का दावा है कि हमला करने वाला जानवर तेंदुआ था। घायल महिला को इलाज के अस्पताल भेजा गया है। पिछले चार दिनों में जानवर के हमलों में दो लोगों की मौत हो चुकी है। चार अन्य लोग घायल हुए हैं। वन विभाग की सात टीमें उसे पकड़ने में जुटी हैं। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि भोपाल और बंगाल से विशेष टीमें बुलाई गई हैं। ड्रोन और कैमरों से भी तेंदुए की तलाश की जा रही है। वन विभाग की कोशिशों के बावजूद अभी तक जानवर को पकड़ा नहीं जा सका है।

# 29 अक्टूबर को जायसवाल समाज मनाएगा कुल देवता का जन्मोत्सव

▸ कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, देश के तमाम प्रतिष्ठित जायसवाल सम्मिलित होंगे



समृद्धि न्यूज

गोंडा। जायसवाल समाज गोंडा द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक जायसवाल परिवार के प्रतिष्ठित व्यवसाय संजय जयसवाल के हरिनारायण सावित्री देवी चैरिटेबल ट्रस्ट क्लीनिक पर आयोजित हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अक्टूबर 2025 को शाम 5.00 से जायसवाल समाज के कुल देवता भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव समारोह गांधी पार्क के टाउन हॉल में मनाया जाएगा। जिसमें समाज के मेधावियों, बुजुर्गों, जनपद में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों आदि को सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान समाज के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाकर समाज को गर्व महसूस करायेंगे।

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर पापा मोदी मुंबई, राष्ट्रीय महामंत्री शैलेंद्र जायसवाल अधिवक्ता दिल्ली हाई कोर्ट, राष्ट्रीय संरक्षक जायसवाल अटल कुमार गुप्ता कोयंबटूर, केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नाईक, उत्तर प्रदेश सरकार से मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र कुमार जायसवाल, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनुपमा जायसवाल सहित समाज के तमाम शीर्ष नेतृत्व को आमंत्रित किया गया है।

समाज द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत अपने समाज के युवाओं को रोजगार एवं जो बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक स्थिति से कमजोर हैं उन्हें भी समाज द्वारा आर्थिक सहायता दी जाएगी एवं अपने समाज के चिकित्सकों द्वारा समन्वय स्थापित कर उनके द्वारा निशुल्क इलाज के लिए प्रेरित भी किया जाएगा।

बैठक में जायसवाल समाज के संरक्षकगण गोपाल जायसवाल, संजय जायसवाल व कृष्णचंद्र जायसवाल, अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, अनूप जायसवाल व रवि जायसवाल, महामंत्री पवन जायसवाल, कोषाध्यक्ष बच्चा जायसवाल, उपाध्यक्ष आलोक जायसवाल, संतोष जायसवाल, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अजीत गुप्ता सहित पदाधिकारियों में अनिल जायसवाल, शशांक जायसवाल, राम आशीष जायसवाल, मनोज जायसवाल, संजय जायसवाल, असित जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, विजय जायसवाल, शक्ति सामन्त, राजेश जायसवाल पत्रकार, अमन जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पयागपुर में चोरों का तांडव : लाखों के जेवर व नकदी पार, ग्रामीणों में दहशत

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के मनकापुर कला गांव में शनिवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपये के गहने और नकदी समेटकर फरार हो गए। घटना के समय परिवार आंगन में सो रहा था, जिसका फायदा उठाकर चोर पिछले दरवाजे से घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के मुताबिक शीतला प्रसाद विश्वकर्मा के बेटे फूल बाबू के घर में चोरी हुई। शनिवार देर रात करीब ढाई बजे चोर पीछे की खिड़की से घर में दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी व बक्सों को तोड़कर सोने-चांदी के गहने व नकदी उड़ा ले गए।प्रभारी वरिष्ठ उप निरिक्षक सुरेश मणि मिश्रा ने बताया की फूल बाबू पुत्र शीतला प्रसाद वर्मा निवासी मनकापुर कला की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जाँच की जा रही है।

**सुबह मचा हड़कंप**

रात में परिजनों की नींद खुलने पर उन्हें कमरे का सामान बिखरा मिला। अलमारी और बक्से खुले थे तथा गहने व नकदी गायब थी। यह देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी ली।

# बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ किसान यूनियन का विरोध, सात दिन से धरना जारी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जरवलरोड में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना सातवें दिन भी जारी है। किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर वर्मा की अगुवाई में चल रहे इस धरने में कई मांगें रखी गई हैं। प्रमुख मांगों में 24 से अधिक बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद करना और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शामिल है।

क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग भी की जा रही है। किसानों ने बी.पैक्स लिमिटेड अलीनगर के पुराने भवन की जगह नया भवन बनाने और किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी है।

मुस्तफाबाद सरकारी अस्पताल के सामने की सड़क में बने गड्ढों को भरकर आरसीसी मार्ग बनाने और जरवलरोड-रेवढा मार्ग की मरम्मत की मांग भी की जा रही है। ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर वर्मा ने बताया कि रविवार को आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। धरने में प्रदेश सचिव ओम प्रकाश वर्मा, मध्यांचल जोन महासचिव मोहनलाल वर्मा समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।

## भेड़िए का आतंक : एक रात में दो लोगों पर हमला

**बहराइच।** कैसरगंज तहसील में भेड़िए का आतंक जारी है। मझरा तौकली में शनिवार की देर रात भेड़िए ने दो लोगों पर हमला कर दिया। नरेश पुरवा में सियार्थी नाम की महिला अपने घर के बरामदे में लेटी हुई थी। रात करीब एक बजे जंगली जानवर ने उस पर हमला किया। महिला की चीखें सुनकर जागे परिजनों और ग्रामीणों ने शोर मचाकर जानवर को भगा दिया। हमले में महिला का हाथ घायल हो गया। इसी इलाके के हरीराम पुरवा में दूसरी घटना हुई। यहां मदन नाम के व्यक्ति पर भेड़िए ने हमला कर दिया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। पिछले चार दिनों में आदमखोर जानवरों के हमले में दो बच्चों की मौत हो चुकी है और तीन लोग घायल हुए हैं। वन विभाग और स्थानीय ग्रामीण रात में जागकर पहरा दे रहे हैं लेकिन आदमखोर जानवर अभी तक नहीं पकड़ा जा सका है। लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# सिंचाई विभाग डाक बंगले में हुई पत्रकार समाज कल्याण समिति रजिस्टर्ड की बैठक





समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** पत्रकार समाज कल्याण समिति रजिस्टर्ड की एक आवश्यक बैठक सिंचाई विभाग डाक बंगले में संपन्न हुई जिसमें समस्त पत्रकार साथियों को एक शपथ दिलाई गई।

पत्रकार समाज कल्याण समिति के सभी साथी सभी पत्रकारों के लिए 24 घंटे उनकी आवाज पर हमें उपलब्ध होंगे साथ ही पत्रकार साथियों को संगठन का आई कार्ड दिया गया सभी पत्रकार साथियों को उनके पद की घोषणा की गई बैठक लगभग 4 घंटे चली और इसमें यह तय किया गया कि यदि किसी पत्रकार साथी पर कोई परेशानी है और वह पत्रकार समाज कल्याण समिति के सदस्यों से मिलता है चाहे वह संगठन का पत्रकार हो या किसी दूसरे संगठन का उसकी मदद पूरी तरह से पत्राचार समाज कल्याण समिति करेगी इस बैठक में जिला अध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता, प्रदेश सचिव डॉक्टर कल्प राम त्रिपाठी, जयप्रकाश ओझा, रक्षा राम पाठक, मोहम्मद आवेश अंसारी, हामिद अली, रोहित वर्मा, आनंद यादव, रियाज अहमद सिद्दीकी, अयूब आलम, अनिल यादव, सुनील तिवारी, गीता जैसवाल, अनुराग दुबे, बृजनंदन कश्यप, सोनू खान, डी एन शुक्ला, सतीश चंद्र जायसवाल, मोनू जायसवाल मोहित तिवारी एवं अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित सहित सैकड़ों पत्रकार शामिल हुए।

# निबिया गांव की महिलाओं ने सड़े व कीड़े वाले खाद्य सामान का किया विरोध



समृद्धि न्यूज

▸ आंगनबाड़ी में घटिया पोषाहार का मामला

**बहराइच।** नवाबगंज सीमा क्षेत्र के ग्राम सभा सहजना के निबिया गांव में आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार वितरण की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। महिलाओं ने घटिया क्वालिटी का पोषाहार मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया।

आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों और महिलाओं को दिया जा रहा पोषाहार मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। महिलाओं को पौष्टिक आहार के बजाय सड़ा हुआ और अधूरा सामान मिल रहा है। दाल का पाउडर खराब हालत में है और रिफाइंड तेल घटिया क्वालिटी का है। राजरानी, नसरून सहित कई महिलाओं ने खाद्य सामग्री में कीड़े होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार पोषण सुधार पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन जिम्मेदार कर्मचारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले की जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच से भविष्य में बच्चों और महिलाओं को योजना का सही लाभ मिल सकेगा।

सम्मान

**सोशल मीडिया का शिक्षा पर प्रभाव विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन**

# 60 शिक्षकों को सम्मान-पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज




**बहराइच ।** लगातार सामाजिक सरोकारों से जुडी हुई संस्था कलाम फाउंडेशन नें मातृभाषा हिंदी दिवस पर रविवार मध्याह्न ठाकुर हुकुम सिंह स्वायत्त शासी किसान महाविद्यालय सभागार में हिन्दी और संस्कृत विषय के लगभग 60 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मान -पत्र एवं प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनपद के लगभग दस कॉलेजों के छात्र- छात्राओं के मध्य सोशल मीडिया का शिक्षा पर प्रभाव विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गाया। जिसके निर्णायक मण्डल में राजकीय इंटर कॉलेज के उपप्रचार्य नागेश कुमार मिश्र, भागवत शुक्ल, नागेंद्र अवस्थी एवं राजेंद्र प्रसाद रहे?।निर्णायक मण्डल नें सर्वसम्मति से पं रामहर्ष मिश्र स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज के छात्र विकास वर्मा (निवासी देवरायपुर) व राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के छात्र निशान मिश्र को प्रथम, चंदन यादव एवं प्रज्ञा शुक्ला को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा असरा अहमद एवं रचना शुक्ला को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्रदान किया।विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त एवं लेखा अधिकारी वीरेश पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी पं योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, ललित दीक्षित, पं. संजीव शर्मा रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह विसेन, प्रदेश अध्यक्ष दिव्या पोरवाल, उपाध्यक्ष, आकाश सिंह,जिलाध्यक्ष राम अचल मांझी द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण एवं बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवी पुंडरीक पाण्डेय,रसल रघुवंशी,कृष्ण कुमार शुक्ल,मदन मोहन उपाध्याय,राजेश मौर्य,संजीव शर्मा,पंकज सिंह के साथ -साथ दर्जन भर कॉलेजों के अध्यापक एवं बच्चों समेत भारी संख्या में स्थानीय हिंदी भाषा प्रेमी, राष्ट्रभक्त उपस्थित रहें।

## नानपारा मंडल में सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला का आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम संपूर्ण जनपद के सभी 33 मंडलों में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में सभी मंडलों में दिनांक 11 सितंबर से 13 सितम्बर तक तैयारी बैठकर की गई।

इसी क्रम में नानपारा मंडल में सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे मुख्य अतिथि के रूप में सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला का शुभारंभ महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर के किया। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है तथा उसी दिन विश्वकर्मा भगवान की जयंती भी है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी का 75 वां जन्मदिन है। जिसमें जिला स्तर पर युवा मोर्चा के जिला संयोजक के द्वारा 75 यूनिट रक्तदान किए जाने की पूर्ण तैयारी कर ली है। इसी प्रकार मंडलों में पीएससी तथा सीएचसी पर कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान किया जाएगा। तथा बूथ स्तर पर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें पार्क, स्कूल, मंदिर व ऐतिहासिक स्थलों पर यह कार्यक्रम किया जाएगा। 17 सितंबर से 24 सितंबर तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सभी जिला स्तर व मण्डल स्तर पर लगेगा। जिसमें क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को महिलाओं बच्चों से संपर्क करके शिविर में लाकर उनको मुफ्त में दवाई व उनसे संबंधित उपकरणों को दिलाया जाएगा। इस अवसर पर मंडल नानपारा विधायक राम निवास वर्मा मण्डल अध्यक्ष रेखा पांडे, प्रभात शुक्ला सहित मंडल के सभी पदाधिकारी सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### छत पर खेल रहीं बालिका के पैर पर गिरा पत्थर, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत छत पर खेल नहीं बालिका के पैर पर पत्थर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि सुहानी पुत्री बिंदादीन उम्र लगभग 11 वर्ष निवासी कस्बा बछरावा अपने भाई के साथ हो रही बरसात का लुक्त उठाने के लिए छत पर पानी में खेल रही थी। तभी उसके निर्माणाधीन मकान में बनी नाली के ऊपर पत्थर डालने के लिए वह पत्थर छत पर ही ढाले गए थे और छत की बाउंड्री वाल के किनारे खड़े थे। खेलते समय उक्त बालिका पत्थर के पास पहुंची, तभी उसके पैर पर पत्थर गिर गया, जिससे उसके पैर की उंगली व अंगूठा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बालिका की चीख पुकार पर छत पर पहुंचे परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो ने चाट के ठेले में मारी टक्कर

**डलमऊ, रायबरेली।** एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने चाट के ठेले में टक्कर मारते हुए पुराने डाक खाने के इमारत में टकरा गई जिससे आसपास की दुकानों में अफरा तफरी मच गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी डलमऊ थाना क्षेत्रके घुरवारा बाजार में रहने वाले ऋषि फौजी किसी काम से बाहर गए थे घर वापस आते समय घुरवारा गेट से कर्कशा मार्ग में की ओर जैसे ही मुड़े वैसे ही तेज रफ्तार स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित हो कर सूरज चाट भंडार के ठेले में टक्कर मारते हुए पुराने डाकखाने की इमारत में टकरा गई जिससे बाजार में अफरा तफरी मच गई गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### जेसीआई बिसवां एलीट ने कराया टैलेंट हंट का आयोजन



**बिसवां/सीतापुर।** जेसीआई सप्ताह के अंतर्गत जेसीआई बिसवां एलीट ने बिसवां टैलेंट हंट 2025 का आयोजन किया। कस्बे और आसपास के विद्यालयों से 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने जूनियर और सीनियर वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर दिव्यादर्शी सिंह सिविल जज, रहे। निर्णायक मंडल में संदीप मिश्रा 'सरस', अंजनी सिंह और अलंकृता शुक्ला शामिल रहीं। जूनियर विंग में आशिर्या श्रीवास्तव प्रथम, आध्या श्रीवास्तव द्वितीय और परी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर विंग में आकांक्षा शुक्ला ने प्रथम, निधि राज ने द्वितीय तथा जानवी तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को ट्रॉफ़ी व प्रमाणपत्र और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष अंकित बंसल, सचिव आयुष नाथ सिंह, आईपीपी अजीत श्रीवास्तव, चेयरपर्सन अंजली बंसल, कोषाध्यक्ष वैभव अग्रवाल, फाउंडर अध्यक्ष हिमांशु नाथ सिंह समेत संस्था के कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### खोए मोबाइल फोन उसके मालिक को किया सुपुर्द



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए/लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को सकुशल उनके परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंतलाल तिवारी के नेतृत्व में में थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा को खोए/गुमशुदा एंड्रॉइड मोबाइल को CEIR पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद मोबाइल फोन को उसके धारक को सुपुर्द किया गया।

### ट्रक ने बाइक सवार को 100 मीटर तक घसीटा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक बाइक समेत 100 मीटर तक ट्रक के नीचे घसीटता चला गया। गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना रोड नंबर चार की है। घायल युवक की पहचान सराय आलम नियावा निवासी आलोक शुक्ला के रूप में हुई है। आलोक औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में कार्यरत है। रविवार को वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था, तभी अचानक पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आलोक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। कमरौली थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है।

### सुरक्षा के दृष्टिगत थानों द्वारा की गई पैदल गश्त



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु शनिवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा कस्बा मुसाफिरखाना में, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थानाक्षेत्र शिवरनगंज एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गयी।

### मंदिर में शादी कराकर पति ने पत्नी को प्रेमी संग किया विदा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र कमरौली के अंतर्गत दीना का पुरवा मजरे सिंदूरवा गाँव में एक अनोखी घटना प्रकाश में आई है, यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना क्रम के अनुसार एक विवाहिता अपने प्रेमी के मोह से निकल नहीं पाई और आखिरकार पति ने ही सामाजिक विवाद से बचने के लिए पत्नी को उसके प्रेमी के साथ विदा कर दिया। दीना का पुरवा सिन्दुरवा गाँव निवासी शिवशंकर का विवाह बीते 2 मार्च को रानीगंज उत्तरगाँव निवासिनी उमा प्रजापति से सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद उमा ससुराल भी पहुँची और कुछ समय तक वहीं रही। लेकिन इस दौरान उसका अपने पुराने प्रेमी से बातचीत और मुलाकात का सिलसिला बंद नहीं हुआ। पति को जब इस रिश्ते की जानकारी हुई तो उसने पहले तो समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन उमा अपने प्रेमी से संबंध तोड़ने को तैयार नहीं हुई। वह उसी के साथ रहना चाहती थी। लगातार तनाव बढ़ने से परिवार में विवाद की स्थिति बनने लगी। पति शिवशंकर को यह भी डर सताने लगा कि कहीं मामला गंभीर रूप न ले ले।आखिरकार, शिवशंकर ने आपसी सहमति और लिखापढ़ी के बाद पत्नी उमा को प्रेमी के साथ औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित एक मंदिर में जहाँ बाकायदा वरमाला और सिंदूर चढ़ाकर दोनों को सामाजिक मान्यता दिलाते हुए विदा कर दिया। लोग इसे चौंकाने वाला तो मान ही रहे हैं, साथ ही इस अनोखी घटना की पूरे क्षेत्र में चर्चा है।

### ससुराल आए युवक को पट्टे से पीटा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मोहनगंज के अंतर्गत पूरे शिवसिंह कूरा गांव में मामूली विवाद के बाद ससुराल आए एक युवक को ससुरालीजनों ने बेरहमी से पट्टे से पीट दिया। पीड़ित युवक का आरोप है कि पट्टे से की गई पिटाई में युवक के पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। घायल युवक का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस मामले की मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है।

## हिंदी दिवस पर हिंदी काव्य कलश मंच द्वारा-

# कवि सम्मेलन का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



हिंदी काव्य कलश मंच महाराजगंज के तत्वाधान में काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रभात साहू रहे तो विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह रहे ।प्रभात साहू ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है तथा हिंदी का हमें सम्मान करना चाहिए और अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग लिखा पढ़ी सहित बोलचाल में करना चाहिए उन्होंने कहा कि हिंदी भारत माता के माथे की बिंदी है और इस मौके पर उन्होंने कविता भी सुनाई जिसे सुनकर लोगों ने तालियां बजाई और वाह वाह किया पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने भी हिंदी दिवस पर व्याख्यान दिया और कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हिंदी एक सेतु का काम करती है जिस तरह से एक पुल लोगों के आवागमन में बहुत ही सहायक सिद्ध होता है उसी तरह हमारी हिंदी है। इस मौके पर बहुत सारे कवि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की सक्रियता से पकड़ी गई लकड़ी पहुंची थाने, दर्ज हुआ मुकदमा

**महराजगंज, रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के चौप सिंह मंज़रे सिकंदरपुर गांव में प्रतिबंधित वृक्ष की कटाई चल रही थी जिस पर ग्रामीण नाराज हो गए वहीं कुछ युवकों द्वारा 112 को फोन किया गया और पिकअप सहित लकड़ी थाने पहुंचाई गई ।युवकों ने सोशल मीडिया पर भी वीडियो वायरल कर दिया था ग्रामीण और युवकों द्वारा एक्शन से वन विभाग और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर वन विभाग और पुलिस कहां रहती है कि लगातार क्षेत्र में वन माफिया सक्रिय है और अवैध रूप से लकड़ी काट रहे हैं और पर्यावरण को पूरी तरह से नष्ट करने पर तुले हैं उसके बावजूद भी केवल खाऊ कमाऊ नीति के तहत जिम्मेदार आंखें बंद कर रहे हैं और क्षेत्र से लगातार हरियाली उजाड़ रही है। मामले में चन्दापुर थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि लकड़ी ठेकेदार राजेंद्र के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शिवगढ़, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना शिवगढ़ पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 229/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस के वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र हनोमान निवासी ग्राम रामपुर टिकरा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के रामपुर टिकरा नहर पुलिया के पास से नियमानुसा गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त के पास से बरामदगी में 50 किलोग्राम गेहूं दो बोरियों में (चोरी के) बरामद हुए हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक हरिशंकर चौधरी, उप निरीक्षक सुधीर कुमार पांडे, मुख्य आरक्षी शिवकुमार यादव, आरक्षी अतुल सिंह, आरक्षी सिकंदर अली की महती भूमिका रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर बीते शनिवार की देर रात लगभग 9:00 बजे के आसपास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल हो गया। जिसे राहगीरो एवं ग्रामीणों के द्वारा एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल बाइक सवार अधेड़ देशराज उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी रामपुर मजरे अघौरा, आसपास के किसी गांव से बाजार करके वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह अघौरा गाँव के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल अधेड़ अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। तभी मार्ग से गुजर रहे राहगीरो की नजर उस पर पड़ी। तब उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर एम्बुलेंस की सहायता से घायल अवस्था में इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह में बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## विषय को हमें रटना नहीं समझना है: वत्सल वर्मा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के एक युवक ने कस्बे सहित जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है कस्बे के बर्तन व्यवसाई के पुत्र वत्सल वर्मा पुत्र कमल वर्मा ने बी ए राजनीति विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जहां अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है तो वही जिले का नाम भी रोशन किया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है वत्सल वर्मा ने बताया कि मुझे यह प्रेरणा गुरुजनों से मिली है एवं माता-पिता द्वारा हमेशा ये कहा जाता रहा है कि जीवन में कुछ ऐसा कीजिए जो उदाहरण बने तथा मैं आज के युवाओं से कहना चाहता हूं कि पढ़ाई को हमें रटना नहीं समझना है और निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ाना है ।उन्होंने बताया कि भविष्य में शिक्षक बनने की इच्छा है वत्सल वर्मा को बी ए राजनीति विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल व मंत्री योगेश उपाध्याय के द्वारा श्री वी एस पारलियामेंट स्वर्ण पदक प्रशस्ति पत्र लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मे प्रदान किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

### बिजली का संकट ग्रामीणों के लिए बना नासूर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र कठगर के अंतर्गत तीन दर्जन से अधिक गांव के लोगो को बिजली का संकट नासूर बना हुआ है। बीते एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो चुकी है। डलमऊ के महुवाहार? विद्युत केंद्र से डलमऊ नगर पंचायत और मुराई बाग के लिए विद्युत आपूर्ति की जाती है। लेकिन शासन के द्वारा जारी रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। फाल्ट ठीक करने के बहाने घंटो बिजली आपूर्ति बाधित की जाती है कुल मिलाकर डलमऊ नगर पंचायत में 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है वही बात की जाए कठगर पावर हाउस की तो यहां की स्थिति बहुत ही दयनीय है। विद्युत उपकेंद्र कठगर के अंतर्गत से चौदहमील, कठगर, तेरुखा आदि फीडर निकले हैं। इन फीडरों से घुरवारा, कठगर, मनेहरू,करकसा, मटरू का पुरवा, खागीपुर सड़वा, सैदनपुर, बल्दी का पुरवा, राजापुर, चौदहमील समेत दर्जनों गांवों को बिजली की आपूर्ति होती है। शनिवार को सुबह अचानक फॉल्ट होने कारण इन गांवों की बिजली गुल हो गई। पूरे दिन लाइन में फॉल्ट खोजा गया। अभियंताओं के नदारद रहने से कर्मचारियों ने पूरी लाइन की जांच की। रविवार को किसी तरह दोपहर 11 बजे विद्युत आपूर्ति की गई लेकिन कुछ देर बाद पुनः कट गई। नरसंवा गांव निवासी अवधेश, वरूण, संदीप, भाजपा नेता जितेंद्र पटेल, सहित आदि लोगों ने बताया कि इसी तरह विद्युत आपूर्ति की जाएगी तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

## राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर केंद्रीय मंत्री ने आवास पहुंचकर पारिवारिक जनों से की मुलाकात



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

अपना दल यस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपना दल यस के राष्ट्रीय महासचिव प्यारेलाल पटेल के निधन पर शोक संतप्त परिवार से व्यक्त की संवेदना। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय महासचिव प्यारेलाल पटेल के सीतापुर मोहिउद्दीनपुर आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्ति कि उन्होंने कहा कि प्यारेलाल पटेल सोनेलाल पटेल के साथी थे और पार्टी के स्तंभ थे वह हमेशा पार्टी के प्रति निष्ठावान थे उन्होंने हमेशा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमेशा कार्य किया, उनके निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। इस मौके पर इस प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव आर बी पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार, राष्ट्रीय महासचिव मुनव्वर प्रजापति, सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग व राष्ट्रीय महासचिव करुणा शंकर पटेल, प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम, प्रदेश महासचिव किसान मंच ताराचंद पटेल, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष लहरपुर दिनेश पटेल, राजू राजवंशी विस अध्यक्ष कमलाकांत पटेल सहित पार्टी के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विहिप द्वारा रखा गया पुरखों के तर्पण का कार्यक्रम



**सीतापुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा तारकनाथ मंदिर में पितृपक्ष में अपने पुरखों के प्रति तर्पण का कार्यक्रम रखा गया इसमें विभिन्न जातियों के लोग एक साथ अपने पूर्वजों का तर्पण किया विधि विधान से वेद मित्रों द्वारा मंत्र बोले थे जिसमें से 58 परिवार के लोग सामूहिक तर्पण कार्यक्रम किया विश्व हिंदू परिषद द्वारा यह कार्यक्रम रखने का उद्देश्य सामाजिक समरसता का भाव जागृत करना कि सभी हिंदू एक हैं मैं किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है जाति वर्ग से ऊपर सभी लोगों नहीं एक साथ तर्पण का कार्यक्रम किया इस कार्यक्रम में विभाग मंत्री उत्तम सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख धर्मेन्द्र, कार्याध्यक्ष प्रमोद सिंह जिला संगठन मंत्री अरविंद, जिला मंत्री आशीष मिश्रा, नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा, ध्रुव, ओंकार दीक्षित, नवम, मानसा, अरविंद, नरेश मौर्य, सुरेन्द्र, मलिखे आदि विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। और अपने पूर्वजों को याद किया।

### जिले के थानों पर दुर्गापूजा आयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ की गयी गोष्ठी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में रविवार को आगामी त्यौहार दुर्गापूजा एवं दशहरा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी अमेठी व क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा थाना संग्रामपुर व थाना अमेठी पर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा थाना गौरीगंज पर, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थाना इन्हौना पर एवं जनपद के विभिन्न थानों पर थानाक्षेत्र के दुर्गापूजा समिति के आयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी कर शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों से अवगत कराते हुये त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई।

## राजनीति मेरा पेशा नहीं, हिंदुत्व मेरा जुनून है: विकास हिन्दू

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



विधानसभा चुनाव 2027 भले ही अभी दूर हों, लेकिन जिले की राजनीति में हलचल शुरू हो गई है। इस बार चुनावी मैदान में कई नए चेहरे अपनी किस्मत आजमाने को तैयार हैं। इन्हीं में से एक नाम राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू का भी सामने आया है। विकास हिन्दू ने सीतापुर सदर सीट से चुनाव लड़ने के संकेत देते हुए कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं है और न ही मैं किसी राजनीतिक परिवार से आता हूँ। मेरे लिए सिर्फ हिंदुत्व ही मेरा जुनून है। मेरी शुरुआत भी हिंदुत्व से हुई और अंत भी हिंदुत्व के लिए ही होगा। जब उनसे यह सवाल किया गया कि वे हिंदुत्व की बात करने के साथ-साथ भाजपा सरकार की आलोचना भी करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया। केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार ने बहुत कुछ किया है, जिसका मैं सम्मान करता हूँ और भविष्य में भी सीएम योगी की सरकार ही बनेगी। लेकिन विधानसभा स्तर पर देखा जाए तो जनता अपने विधायकों से नाराज़ है। यही सच्चाई है। टिकट की दावेदारी को लेकर विकास हिन्दू ने साफ कहा कि वे भाजपा के समर्थक रहे हैं लेकिन कभी सदस्य नहीं बने। उनका संगठन ही उनकी असली पार्टी है। मैं टिकट मांगने कहीं नहीं जाऊँगा। न ही नेताओं की गणेश परिक्रमा करूँगा। अगर मेहनत और जनता का आशीर्वाद होगा तो चुनाव लड़ूँगा। टिकट मेरी मेहनत का होना चाहिए, गणेश परिक्रमा का नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि कई नेता टिकट न मिलने पर विचारधारा और पार्टी बदल लेते हैं, जबकि वे केवल हिंदुत्व के लिए राजनीति में आए हैं। अगर किसी हिंदूवादी पार्टी को लगता है कि मैं उनका उम्मीदवार बनूँ तो यह संभव है, लेकिन जनता के बीच रहकर ही चुनाव लड़ूँगा। विकास हिन्दू का यह बयान जिले की सियासत में चर्चा का विषय बना हुआ है और माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे सीतापुर की राजनीति में बड़ा असर डाल सकते हैं।

## त्यौहारों के दृष्टिगत एएसपी द्वारा थाने पर की गयी गोष्ठी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा आगामी त्यौहार दुर्गापूजा एवं दशहरा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से थाना अमेठी व थाना रामगंज पर थानाक्षेत्र के दुर्गापूजा आयोजन समिति के आयोजकों के साथ गोष्ठी कर मूर्तियों की स्थापना, विसर्जन, विसर्जन मार्ग, विद्युत सुरक्षा एवं त्यौहार के दृष्टिगत किये जाने वाले यातायात डायवर्जन आदि विभिन्न विषयों के संबन्ध में अवगत कराते हुये त्यौहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई व आयोजन समिति से उनके सुझावों व समस्याओं को सुनकर संबन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने की अपील की गयी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## दवा लेने गई पांच दिन से लापता महिला और पुत्र सकुशल मिले



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जायस के अंतर्गत दवा लेने के लिए पांच दिन पूर्व अपने 5 वर्षीय पुत्र के साथ घर से निकली महिला रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने महिला को ढूंढना शुरू किया, लेकिन महिला का कुछ पता न चल सका, थक हार कर परिजनों ने थाने में तहरीर दर्ज कराई थी। थाना जायस पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला और बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कर खोज बीन शुरू कर दी गई थी। परिजनों को जानकारी मिली कि महिला अपने ननिहाल मऊ नसीराबाद में अपनी मां राजकुमारी के पास सकुशल है। खबर मिलने पर परिजन मऊ पहुंचे और महिला व उसके पुत्र को घर लाए। रविवार को महिला के परिजनों ने जायस थाना जाकर सूचना दी कि उनकी बेटी और नाती सुरक्षित मिल गए हैं पुलिस द्वारा आगे कार्यवाही न की जाए।

## गोकशी की योजना बना रहे दो अंतर्जनपदीय गोकश गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



गोकशी की योजना बना रहे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो बदमाशों को पुलिस ने घायलावस्था में पकड़ लिया है। उ.नि. अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष जायस मय हमराह व उ.नि. अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम मय हमराह क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमणशील थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शुक्रवार में ग्राम सराय महेशा में गोकशी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त मुर्गी फार्म के पास एकत्र होकर गोकशी करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी की गई तभी अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर शुरू कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग करने पर 2 बदमाश घायल होकर गिर पड़े तथा अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग गये। घायलों को पकड़ कर नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम आजाद पुत्र अल्लू निवासी कंचाना थाना जायस बताया।जिसके पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए तथा निरीक्षण करने पर बायें पैर में गोली लगी होना पाया गया। दूसरे ने अपना नाम सिरताज पुत्र अल्लू निवासी कंचाना बताया जिसके पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए तथा निरीक्षण करने पर बायें पैर में गोली लगी होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के निरीक्षण में कुछ दूरी पर एक खोखा कारतूस 315 बोर भी बरामद हुआ। मौके पर एक लकड़ी का ठीहा, एक चाकू, एक लोहे का चापड़, तीन रस्सी, दो टार्च, 15 काली छोटी बड़ी पन्नी, दो प्लास्टिक की बोरी तथा एक स्पेलेण्डर मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट बरामद हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि सरायमहेशा में उन्होंने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर गोकशी की घटना कारित की थी । आज वह लोग पुनः गोकशी करने के लिए इकट्ठे हुए थे । घायलों को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जायस पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद अमेठी व रायबरेली में गोवध निवारण अधि, चोरी, धोखाधड़ी व गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं।

## पड़ोसी देशों का हाल और भारत

भारत के करीबी और पड़ोंसी देशों के हाल बेहाल है। म्यांमार में 2021, पाकिस्तान में श्रीलंका में 2022, 2024 में बाग्लादेश और अब नेपाल चुनी हुई सरकार के साथ जो कुछ हुआ वह अचानक नही बल्कि पिछले कुछ अरसे से बढ़ता आक्रोश था। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों तक को जानबचाकर भागते देखा गया, जिनकों पकड़ लिया उन पर हमला कर दिया गया। यानि यह जन आक्रोश जिस सरकारे जानबूझ कर अनदेखी कर रही थी। यह तो सच है कि दुनिया का कोई भी देश वहा की सरकार शत प्रतिशत रोजगार नही दे सकती। बढ़ती आबादी के हिसाब से महंगाई नही रोक सकती, लेकिन वह जो कर सकती है वह भी नही कर रही उपर से भ्रष्टाचार और सरकारी रहनुमाओं के ऐशोआराम से अब जनता दूखी और आक्रोशित है। सरकार की मशीनरी के सामने भले ही दुबकी नजर आती हो लेकिन जैसे ही उसे मौका मिलता है तख्ता पलट का रूप सामने आता है। दक्षिण एशिया खासकर भारत के पड़ोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता बार–बार दस्तक दे रही है। कभी चुनी हुई सरकारों को बदल दिया जाता है, तो कभी उनका तख्तापलट हो जाता है। व्यवस्था पत्ते की तरह बिखर जाती है। बीते सालो में म्यांमार, अफगानिस्तान, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश में तख्तापलट हो चुका है। अब इसका ताजा शिकार नेपाल बना है। भारत के पड़ोसी देशों में जो कुछ हुआ और हो रहा है वह सामान्य घटनाक्रम नही बल्कि लम्बे अरसे से सुलगता जनाक्रोश है जिसकी वहॉ की सरकारों द्वारा लगातार अनदेखी की गई, इसका परिणाम था कि वहॉ के विपक्षी दलों और कतिपय सरकार विरोधी गुटों ने सुलग रही चिनगारी को हवा दे तो और स्थिति खतरनाक हो गई। इतिहास गवाह है कि लंबे समय तक बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे कारणों से शोषण झेल रही जनता जब बगावत पर उतर आती है तो वह अच्छे और बुरे का फर्क भूल जाती है। ऐसे हालात ही क्रांति को जन्म देते हैं। ऐसा ही नेपाल में हुआ जहां सत्ताधारी नेता देश को भूल कर खुद का घर भरने में लग गए। देश के युवाओं का सब्र का बांध उस वक्त टूट गया जब नेपाली सरकार ने उनकी अभिव्यक्ति की आजादी छीनने का प्रयास करके जले पर नमक छिडकने का काम किया। नेपाल में जो घटनाक्रम हुआ, उससे भारत के नेता भी सबक ले सकते हैं। देश की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय गुमराह करने वाले मुद्दों पर राजनीति का नतीजा नेपाल विद्रोह है। वैसे तो नेपाल में हुए घटनाक्रम को लेकर कहा जा रहा है कि नेपाल की सरकार ने बीते दिनों फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सहित 26 मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बैन लगा दिया था। ओली सरकार ने यह बैन सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करते हुए लगाया लेकिन बैन का यह फैसला किशोर एवं युवा पीढ़ी को पसंद नहीं आया। वह इसके खिलाफसोमवार को सड़कों पर उतर आई और हिंसक प्रदर्शन किया। हिंसा एवं उपद्रव को देखते हुए ओली सरकार ने सोशल मीडिया से बैन तो हटा लिया लेकिन बैन हट जाने के बाद हिंसक विरोध–प्रदर्शन बंद नहीं हुआ। यानि यह विरोध केवल सोशल मीडिया के वैन होने तक सीमित नही था। क्योकि इसके बाद हिंसक प्रदर्शन और उपद्रव भ्रष्टाचार के खिलाफथा। प्रदर्शनकारी राजधानी काठमांडू सहित कई शहरों पर उपद्रव और उत्पात मचाने लगे। चुन–चुनकर पूर्व प्रधानमंत्रियों, कैबिनेट मंत्रियों, नेताओं पर हमले हुए और उन्हें सड़क पर दौड़ाकर मारा–पीटा गया। पूर्व पीएम झालनाथ खनाल की पत्नी को आग के हवाले कर दिया गया।

# मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया : आधुनिक भारत के विश्वकर्मा व विकास के अग्रदूत

**योगेश कुमार गोयल**



**अभियंता दिवस (15 सितम्बर) पर विशेष**

**आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं।**

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है।

दरअसल, आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना। भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता- भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ रही है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वककर्मा भी कहा जाता है।

देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी 'फादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेट' कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी। विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। 1955 में उन्हें सर्वोच्च भारतीय सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एम विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा 'अभियंता दिवस' घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है। शुरुआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे। कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा 'कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायर' से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे।

## -: बाज़ार -:



सोशल मीडिया के बाजार में
जीवन के अंतर्तम
नितांत निजी पल।
होते जा रहे हैं कैद
तकनीकी के भ्रमजाल में
अपने-आप से बेख़बर
क्षणिक मनोरंजन,
रील.. स्टेटस .. लाइक. अनलाइक।
अब यही जिंदगी है
यह कैसा समय
बेंचें जा रहे हैं
डिब्बे में बंद.. नशा
पूंजीपतियों का बढ़ता जाता कद।
अब हमें
सोचना भी नहीं है
वह कार्य भी करेगी अलेक्सा......
जेमनी.........चैट जीबीटी, एआई।

**डॉ0 सत्येन्द्र कुमार**
**अध्यक्ष, हिन्दी विभाग**
**डीएन पीजी कालेज फतेहगढ़**

## तर्पण

### पूर्वजों के संस्कार से आज भी एकजुट है तिवारी परिवार








छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला तिवारियान में ब्रह्मलीन महेश चंद्र तिवारी एवं ब्रह्मलीन दिनेश चंद्र तिवारी के दिए संस्कारों व आशीर्वाद से तिवारी परिवार आज के इस दौर में भी एकजुट है, जब संयुक्त परिवारों की अवधारणा खत्म होती जा रही है। हम सभी के लिए दोनों ही अनुकरणीय व्यक्तित्व रहे और उनकी सूझबूझ से व उनके दिखाए रास्ते पर चलकर पूरा परिवार प्रगति पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। धनार्जन के साथ ही हमारा परिवार धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। परिवार के पूर्वज महाकवि भगवत दयाल तिवारी आदि कवि शंकर एवं ब्रह्मलीन राजरानी तिवारी के पुण्य कार्यों का फल तिवारी परिवार को लगातार प्राप्त हो रहा है। पल-पल पर आने वाली बाधाएं व कठिनाइयां भी पूर्वजों के शुभाशीर्वाद से छूमंतर हो जाती हैं।

पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर उनको शत-शत नमन।

श्रीपति तिवारी, श्रीचंद्र तिवारी ललुआ, अनुराग तिवारी, विश्वनाथ तिवारी पुत्रगण ब्रह्मलीन महेश चंद्र तिवारी

- तिलक चंद्र तिवारी, सर्वेश तिवारी, आशीष तिवारी पुत्रगण ब्रह्मलीन दिनेश चंद्र तिवारी

## विचार

# लोकतंत्र : दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था

**डॉ. लोकेश कुमार**



आज विश्व में लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति को शासन में भागीदारी करने का मौका मिलता है। अन्तरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर वर्ष 15 सितम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाना है। लोकतंत्र का तात्पर्य जनता के शासन से माना जाता है, जिसमें जनता शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाती है। अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र 'जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है।'

उन्होंने लोकतंत्र को केवल एक राजनीतिक प्रणाली के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे शासन के रूप देखा जो समानता और स्वतंत्रता के आदर्शों पर आधारित है । ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट मिल का मानना था कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही सबसे अच्छी है। लेकिन, सच्चा प्रजातंत्र तो वह है, जिसमें सभी नागरिक प्रत्यक्ष रीति से शासन कार्य में भाग लेते हैं, किन्तु यह प्रयोग संभव नहीं है। वर्तमान दौर में बड़े-बड़े देशों में प्रत्यक्ष प्रजातंत्र चलना संभव नहीं है। लोकतंत्र में सर्वोत्म शासन अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र या प्रतिनिधिमूलक शासन ही होना चाहिए। यद्यपि यह लोकतंत्र व्यवस्था पूर्णतया दोषमुक्त नहीं है, लेकिन फिर भी उसको अच्छा बनाया जा सकता है। लोकतंत्र का जन्म यूनान में हुआ है। ईसा से लगभग सात-आठ सौ वर्ष पूर्व यूनानी सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां सैकड़ों जनसमूह भिन्न-भिन्न घाटियों में जीवन व्यतीत करते थे। ऐसे जनसमूहों के प्रदेशों को नगर राज्य कहा जाता था। यहां के लोगों ने राजनीतिक संगठन कायम किए। नगर राज्य में ग्रामीण एक-दूसरे से पृथक रहकर भी सामुदायिक जीवन व्यतीत करते थे। इनके सामुदायिक हित भी समान रूप से थे। यूनान के एथेंस में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था थी। यहां के सभी नागरिक एक्लीजिया नामक परिषद में इकट्ठे होकर नगर में शासन व्यवस्था चलाने पर विचार-विमर्श किया करते थे और वहां के सभी नागरिकों को शासन में भागीदारी निभाने का बारी-बारी से मौका मिलता था। 461-629 ई.पू. में एथेंस की प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था उन्नति के शिखर पर विराजमान थी। इस नगर का भू-भाग लगभग 1000 वर्ग मील था। इसकी जनसंख्या लगभग 3-4 लाख के मध्य थी। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. रोमिला थापर कहती है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के गुण वैदिक काल और 600 ईसवी पूर्व में ही मिलने लगे थे। वर्तमान दौर की संसद की तरह प्राचीन समय में परिषदों का निर्माण किया गया था, जो वर्तमान संसदीय व्यवस्था मिलता -जुलता है।

ऐसा अनुमान है कि वैदिककालीन 'सभा ' जन (कबीला) के वृद्ध लोगों की परिषद रही होगी और समिति सारे जन की एक सामान्य परिषद होगी। जिस कबिला में निर्वाचित राजा नहीं होता था, ये परिषदें, सरकार के कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन करती थीं। लगभग 600 ई.पू. हिमालय की तलहटियों में, उनके कुछ दक्षिण और आधुनिक पंजाब में प्रजातंत्र राज्य बसे हुए थे, जबकि भारत के राजतंत्र गंगा के मैदानों में केन्द्रित थे। राजतंत्रों की अपेक्षा प्रजातंत्र व्यक्तिवादी और स्वतंत्र मत के कम विरोधी थे और आगे चलकर महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक रूढ़िमुक्तता का रूप धारण करने वाले दो सम्प्रदायों के नेता प्रजातंत्रों में ही उत्पन्न हुए थे।

**अन्तरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस (15 सितम्बर) पर विशेष**

**यद्यपि यह लोकतंत्र व्यवस्था पूर्णतया दोषमुक्त नहीं है, लेकिन फिर भी उसको अच्छा बनाया जा सकता है। लोकतंत्र का जन्म यूनान में हुआ है। ईसा से लगभग सात-आठ सौ वर्ष पूर्व यूनानी सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां सैकड़ों जनसमूह भिन्न-भिन्न घाटियों में जीवन व्यतीत करते थे। ऐसे जनसमूहों के प्रदेशों को नगर राज्य कहा जाता था। यहां के लोगों ने राजनीतिक संगठन कायम किए। नगर राज्य में ग्रामीण एक-दूसरे से पृथक रहकर भी सामुदायिक जीवन व्यतीत करते थे। इनके सामुदायिक हित भी समान रूप से थे। यूनान के एथेंस में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था थी। यहां के सभी नागरिक एक्लीजिया नामक परिषद में इकट्ठे होकर नगर में शासन व्यवस्था चलाने पर विचार-विमर्श किया करते थे और वहां के सभी नागरिकों को शासन में भागीदारी निभाने का बारी-बारी से मौका मिलता था।**

बुद्ध का सम्बंध शाक्य जन और जैन मत के संस्थापक महावीर का यांत्रिक जन से था। जब भारत देश को स्वतंत्रता मिली सभी ने लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। भारत में 75 साल से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बनी हुई है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हाल ही के वर्षों में हमारे दो पड़ोसी मुल्कों में लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ कुछ युवाओं ने हिंसात्मक आन्दोलन करके सरकारों को बेदखल कर दिया। राजनीतिक चिंतक डॉ. धर्मवीर चंदेल कहते हैं कि दुनिया में लोकतंत्र ही अच्छी शासन व्यवस्था है, लेकिन चुनी हुई सरकारों को जनता के हितों के लिए काम करना चाहिए। बहरहाल,यह कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक सरकारें भी अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक खाई पर लगाम लगाने का प्रयास करें नहीं तो आज का युवा चुनी हुई सरकारों के खिलाफ हो सकता है। दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था साबित होती रही है।



## राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क :-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु :** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# स्वाधीन भारत और संकुचित मानसिकता

**संजीव ठाकुर**



प्र स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। भारत में स्वाधीनता के मायने कितने लोग समझ पाते हैं और कितना इसका सही और सटीक प्रयोग कर पाते हैं। किसी भी राष्ट्र के लिए शिक्षा और साक्षरता का उस देश और काल को समझने का एक कारगर हथियार हो सकता है पर भारत में मानसिक स्वाधीनता को समझना भी एक बड़ी समस्या है यह अशिक्षा जनित समस्या बहुत ही विकराल है।

हम अभी भी पश्चिमी जगत की शिक्षा, कार्यशैली, विज्ञान एवं चिकित्सा पर संपूर्ण रूप से निर्भर हैं केवल एक शिक्षा ही ऐसा अस्त्र है जो स्वतंत्र भारत के नागरिकों को स्वाधीनता के महत्व को समझने में सक्षम होगा ।अतः स्वाधीन भारत के स्वतंत्र नागरिकों को शिक्षा के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वतंत्र नागरिक बनाकर देश के प्रति सजग और सचेत किया जा सकता है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है।

भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि ष्एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहींष,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 78 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है। महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी दैव दैव आलसी पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है।

गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता-राम सहायक उनके होते, जो होते हैं, आप सहायक, हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंग ने व्यक्ति पर बोला हमला, बचाने दौड़ी पत्नी-पुत्री को भी पीटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के खैराकनकू गाँव में दबंग विपक्षियों द्वारा गाली गलौज का विरोध करने पर गृह स्वामी की पिटाई कर दी गई बचाने आई पत्नी एवं पुत्र पुत्री को भी पीट दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। गांव निवासी श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि गांव के ही रहने वाले राधेश्याम, गुरुप्रसाद व अंशु पुत्रगण बाबादीन गुप्ता दरवाजे पर आकर गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर लात-घूसों, लाठी-डण्डो से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। बचाने दौड़ी पत्नी श्रीकानी, पुत्री कीमती 15 वर्ष, पुत्र रौनक 10 वर्ष को भी मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

### थानाध्यक्ष ने की पीस कमेटी की बैठक, त्यौहार मनाए शांति सौहार्द के साथ



**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर थाना परिसर मे प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। जैदपुर थाना परिसर मे आगामी त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई शांति समिति की बैठक रविवार करीब 1 बजे संपन्न हुई। बैठक मे थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आगामी नवरात्र पर्व को लेकर आयोजको से उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा किया।वही उन्होंने कहाकि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी इसके साथ ही नवरात्रि पर्व पर जगह जगह आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की गई इस मौके पर कस्बा इंचार्ज विनय कुमार,दरोगा हलीम बाबू,जयचंद सिंह,रामनाथ,आलोक सिंह,पंकज राठौर,शैलेश यादव, जयनारायण सहित कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रो के भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मारफीन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**जैदपुर बाराबंकी।** थाना पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर 130 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को चंदौली नहर की पुलिया के पास सारिक पुत्र इम्तियाज उर्फ छुट्टन निवासी टिकरा उस्मान को जैदपुर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर 130 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की गई। जैदपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बदरका चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे पर बदरका चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा है। कानपुर के ककवन थानाक्षेत्र उत्था गांव निवासी सुखराम (20) पुत्र सत्यनारायण शुक्ला हलवाई का काम करता था। वह इस समय परिवार के साथ कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बैरी में परिवार के साथ रह रहा था। बीतीरात करीब दस बजे वह घर से बिना कुछ बताए निकला था। रात करीब दो बजे अचलगंज थानाक्षेत्र के बदरका चौराहा पर उसकी बाइक ने अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए भाग निकला। इसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे अज्ञात में जिला अस्पताल लाई जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी बाइक के नंबर से उसकी पहचान करा पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बड़े भाई राधे उसका यहां आने का कारण नहीं बता सका। उसने आशंका जताई कि सुखराम किसी साथी के साथ आया होगा। लेकिन पुलिस ने वह अकेले घायल मिला था। सुखराम की चार माह पहले ही शादी हुई थी। उसकी मौत से पत्नी गौरी सदमे में है। वह चार भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से मां ममता सहित पिता रो-रोकर बेहाल है। एसओ राजेश पाठक ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**उन्नाव।** रक्षाबंधन से अपने मायके में रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां उसके किसी जहरीला पदार्थ निगलने से मौत होने की आशंका पर पर विसरा सुरक्षित किया गया। असोहा थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोहो निवासी सीता रावत (22) की शादी पुरवा कोतवाली के भदनांग गांव निवासी मुकेश रावत से हुई थी। पति केरला में आइसक्रीम बेचता है। पति से हुई कहासुनी के बाद सीता अपनी छोटी बेटी के साथ मायके में रह रही थी। रविवार भोर पहर उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कालूखेड़ा एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर लौट और मां शिव शिवकुमारी ने पुलिस को सूचना देकर सांप काटने से बेटी की मौत होने की बात बताई। पुलिस की जांच में मामला संदिग्ध निकला। इसपर शव को मोर्चरी भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम में उसके जहर निगलने की संभावना मिलने पर विसरा सुरक्षित किया गया।

### चोरों ने सेंधमारी कर पार किये लाखों के जेवर व नकदी

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत देवगांव में बीती रात चोरों ने एक मकान में नकब काट कर लाखों रुपए के जेवर व नगदी पार कर दी। वारदात के बाद तकरीबन एक किलोमीटर दूर बक्से व साड़ियां बिखरी मिली। चोरी की दरमियानी रात्रि गृह स्वामी और उसका बेटा उन्नाव गए थे। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत देवगांव निवासी सुधीर पुत्र रामनरेश के घर पर चोरों ने बीती रात्रि नकब काट कर व दरवाजा के लगे ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गृह स्वामिनी संध्या पत्नी सुधीर के मुताबिक व्यवसाय के सिलसिले में पति उन्नाव रहते हैं। बेटा वही पर पढ़ता है, जिनका दो-तीन दिन में आना-जाना बना रहता है। पीड़िता संध्या के मुताबिक 13 व 14 सितंबर की रात्रि पति व पुत्र घर पर नहीं थे। वह अपनी पुत्री के साथ खाना खाकर आगे बने कमरे में सो गई सो गई। सुबह उठने पर घर के समान के बिखरे हुए पड़े होने पर शक हुआ। घर के बाहर जाने पर नकब कटी पड़ी थी। पीड़िता संध्या ने चोरी की वारदात से पति को अवगत कराया। वहीं पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की। उसे 1 किलोमीटर दूर कपड़े व खाली बक्सा बिखर पडा मिला। पुलिस में दर्ज रपट में सोने व चांदी के लाखों रुपए के जेवरातों के साथ लाखों की नगदी और जरूरी कागजातो के सूटकेस के गायब होने का ब्यौरा दर्ज कराया गया है।

### पारिवारिक कलह के चलते महिला ने लगाई फांसी

**उन्नाव।** पारिवारिक कलह के चलते नवविवाहिता ने फांसी पर लटककर जान दे दी। पति कि सूचना पर पहुँची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर नायब तहसीलदार की उपस्थिति में शव को नीचे उतरवाया। जहाँ जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। औरास थाना क्षेत्र के मवई गांव निवासी गंगाराम के बेटा अंकुर उर्फअंकुल कश्यप की शादी 5 माह पूर्व जनपद हरदोई के थाना अतरौली के महगवां गांव निवासी चंदा उर्फरामचन्द्र की 22 वर्षीय बेटी नन्ही के साथ हुई थी। पारिवारिक कलह के चलते नन्ही ने अपनी ससुराल में घर के अंदर कमरा बंद कर धोती का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गई। काफी समय बीत जाने पर जब कमरा नही खुला तब रविवार सुबह परिजन कमरे में झांक कर देखा कि वह फाँसी पर झूल रही है। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई पति की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम व नायब तहसीलदार को बुलाकर कमरे का दरवाजा खुलवाया। इसके बाद शव को फाँसी के फंदे से नीचे उतरवाया। जहाँ जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सैफई, इटावा।** मूर्ति देवी इंटर कॉलेज, बघुइया सैफई में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में सैफई ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, 500 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1000 मीटर दौड़ जैसे कई खेलों में भाग लिया। बच्चों ने प्रतिस्पर्धा भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों ने उनकी प्रशंसा की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय निदेशक दिनेश चन्द्र ने स्वयं बच्चों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। प्रधानाचार्य दुर्वेश कुमार, लल्लन चौहान (आजमगढ़), सहायक अध्यापक सौकीन सिंह, प्रधानाध्यापक संजीव यादव, प्रधानाध्यापक राजपाल, ब्लॉक पीटीआई यतेन्द्र सिंह, प्रधानाध्यापक जे.पी. सर एवं ब्लॉक नोडल हेड अरुण की उपस्थिति में आयोजन सफलतापूर्वक संचालित हुआ। अतिथियों ने विद्यालय के सुव्यवस्थित वातावरण, विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों के सहयोग और खेल आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, दंपती घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तेज रफ्तार मे फिल्मी स्टाइल मे लहराते हुए ट्रक चला रहे एक चालक द्वारा पानी टंकी के पास अनियंत्रित होकर ट्रक घर मे घुसा दिया।हादसे मे में पति, पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये।जिन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह व पुलिस टीम ने घायलो को उपचार हेतु भेज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार जिले के जैदपुर नगर पंचायत के पानी टंकी के निकट जैदपुर सिद्धौर मार्ग का हैं। जहां पर शनिवार की रात करीब 10:30 बजे सिद्धौर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक यूपी 32 केएन 8118 एक खंभे में टक्कर मारने के बाद घर में जा घुसा।घर में मौजूद अम्बर और उनकी पत्नी फूलमती इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद भारी संख्या में आसपास के लोग एकत्रित हो गएसऔर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को सीएचसी जैदपुर पहुंचाया।जहां पर डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।वही घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।घटना की जानकारी होते ही पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद व चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने अस्पताल व मौके पर पहुंचकर घायलो की स्थिति को जाना।वही जैदपुर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइकसवार को मारी टक्कर, चाचा-भतीजे सहित तीन लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर थाना लोनी कटरा क्षेत्र के हुसैनाबाद चौराहे के निकट तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर द्वारा टक्कर मार देने से बाइक सवार चाचा भतीजे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद फरार होने की कोशिश कर रहे ट्रक ट्रेलर को पुलिस एवं आम जनता की मदद से हैदरगढ़ चौराहे पर पकड़ लिया गया।बाद में चालक व क्लीनर को लोनी कटरा पुलिस के हवाले कर दिया गया। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी इंद्रजीत सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम उनके भाई अनिल सिंह भतीजे सूरज पुत्र वासुदेव सिंह एवं मौसेरे भाई राहुल सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे रात्रि लगभग 8 बजे जब उनकी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर पहुंची तभी लखनऊ की ओर से तेज गति व लापरवाही से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी थी और मौके से भाग निकला था ।मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा करके ट्रक का नंबर नोट कर लिया था। इसकी मदद से लोनी कटरा पुलिस ने हैदरगढ़ पुलिस की सहायता से दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर को चालक और क्लीनर के साथ पकड़ लिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाये गए घायलों को गंभीर अवस्था के चलते पहले जिला अस्पताल और फिर वहां से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है जहां पर सूरज सिंह की हालत चिंता जनक बनी हुई है।

## पुरानी रंजिश में दबंगों ने बोला हमला, आधा दर्जन घायल, मुकदमा दर्ज

▸ लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लखापुर गांव का है मामला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लखापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर माता-पिता सहित लगभग आधा दर्जन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी धर्मराज ने बताया कि गांव के ही रहने वाले अनुज, शिकारी और रवि पुत्रगण चेतराम व रामशरण, देवशरण, जगशरण पुत्रगण लायकराम रावत एवं आंचल पत्नी जगशरण व चेतराम पुत्र दुर्गाप्रसाद घर परिवार से गांव की रंजिश मानते हैं। इसी रंजिश के चलते शनिवार को घर में घुसकर उसे व उसके पिता रामबहादुर, मां बबुला, छोटे भाई रामराज व बहन राजकुमारी को लाठी कुल्हाड़ी, फावड़ा आदि से मां बहन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसके माता एवं पिता को काफी गंभीर चोटे आयी ।शिकारी ने बहन का हाथ बुरी तरह कुल्हाड़ी मारकर काट दिया। गावं वालों को आता देख विपक्षी मां बहन की बुरी बुरी गालियां देते व कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये । घटना के बाद गम्भीर घायल माता पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।

## भीम आर्मी ने बाइक रैली निकालकर दिया भारत एकता भाईचारे का संदेश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संरक्षक एडवोकेट शिव बरन सिंह, जिला संयोजक सुभाष चंद्र रावत तथा जिला प्रभारी हरिनंदन सिंह के नेतृत्व में रविवार को तहसील फतेहपुर में बहुजन भाईचारा बनाओ बाइक रैली का आयोजन बड़े उत्साह एवं जोश के साथ किया गया। इस रैली में हजारों की संख्या में लोग अपनी मोटर साइकिलों के साथ शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे उजड़वारा पूर्व से हुआ, जो क्रमशः गुरुशेल, कंदरौला, दादनपुर सरवा, मोहम्मदपुर खाला, बटुआ मऊ, बेलहरा, बिहूरा, मिठवरा, कर्षाभारी, झांसा पुरवा, मदनपुर, फतेहपुर पटेल तिराहा, आंबेडकर पार्क



पचघरा होते हुए सम्पन्न हुई।

यात्रा का समापन कस्बा इसरौली में सायं 5 बजे किया गया। इस भव्य बाइक रैली के दौरान हजारों युवाओं ने संविधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और भाईचारे का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में जिला महासचिव विपिन बहुजन, सह संयोजक धर्मेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष स्टूडेंट फेडरेशन ऋषभ देशमुख, कार्यालय प्रभारी विकाश, सचिव राम मिलन, मीडिया प्रभारी हरिकेश रावण, प्रवेश कुमार, देशराज गौतम,विशाल कुमार,अनुज कुमार, अजीत, मनीष, संदीप, ब्रजेश, पिंटू, यह रैली जनपद भर में चर्चा का विषय बनी और लोगों ने इसका स्वागत करते हुए भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रयासों की सराहना की।

### मस्जिद के बाहर लगा वाटर कूलर बना शो पीस, जिम्मेदार अंजान



**बेलहरा, बाराबंकी।** नगर पंचायत बेलहरा में लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों पर वाटर कूलर लगाए गए थे ताकि राहगीरों और स्थानीय लोगों को गर्मी में ठंडा पानी मिल सकेगा लेकिन यहां धार्मिक स्थल के बाहर लगा एक वाटर कूलर शो पीस बना हुआ है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 खाले टोला में स्थित बड़ी मस्जिद के बाहर नगर पंचायत द्वारा लगाया गया वाटर कूलर पिछले कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी में जब लोग ठंडे पानी को तरस रहे हो ऐसे में यह वाटर कूलर सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वाटर कूलर से काफी लोगों को ठंडा पानी मिल रहा था, स्कूल के बच्चे और मस्जिद आने वाले नमाज़ी भी इसका फायदा उठा रहे थे लेकिन पिछले कई दिनों से यह वाटर कूलर खराब पड़ा है जिससे भीषण गर्मी में आमजन को ठंडा पानी नहीं मिला रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो जिस स्थान पर यह वाटर कूलर लगा है वहां से नगर पंचायत के कई कर्मचारियो का प्रतिदिन आवागमन भी होता रहता है लेकिन किसी की भी नज़र इस ओर नहीं जा रही है। बताया जाता है कि इससे पहले भी कई बार यह वाटर कूलर खराब हो चुका है। स्थानीय लोगों ने जल्द वाटर कूलर सही कराए जाने की मांग की है ताकि गर्मी में ठंडा पानी मिल सके। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी राजेश चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

### नहर में शव मिलने से मचा हड़कंप

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र निकली शारदा नहर की धारा में ग्रामीणों ने एक शव बहता हुआ देखा। नहर के किनारे स्थित सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने बहते शव का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शव किसी महिला का होने की चर्चा है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र अंतर्गत गांव रामदीन खेड़ा के निकट शारदा नहर में ग्रामीणों ने एक शव तेज़ धारा में बहता हुआ देखा। नहर के समानांतर स्थित सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने बहते हुए शव का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि मीडिया वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। फिर भी नहर में बहते शव की चर्चा आसपास के गांवों में जोरों पर है। ग्रामीणों के अनुसार शारदा नहर में बहते देखा गया शव किसी महिला का है। महिला काले रंग के कपड़े पहने हुए है और शव कई दिन पुराना है। फिलहाल पुलिस शव ढूंढने के लिए पुलिस नहर खंगालने में जुटी है।

## जातीय विद्वेष के चलते दबंगों ने नाली निर्माण का कार्य किया बाधित

▸ दलित बस्ती का पानी निकलने से रोका, अनशन पर बैठे प्रभावित लोग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

रामनगर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत निजामपुर में जातीय विद्वेष के कारण ग्राम प्रधान द्वारा बनवाई जा रही जलनिकास नाली गांव के दबंगो द्वारा रोक दिया गया, जिसको लेकर दलित बस्ती के आधा दर्जन परिवार पिछले एक सप्ताह से गन्ना संस्थान परिसर में अनशन पर बैठे हैं। अनशनकारियों को अभी तक प्रशासन ने कोई आश्वासन नही तक नही दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत निजामपुर में ग्राम प्रधान द्वारा कार्ययोजना के अनुरूप गांव में मतोले




गौतम के घर से अनिल गौतम के घर तक जल निकास के लिए नाली निर्माण का कार्य ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुरूप करवाया जा रहा था। यह नाली पुरानी है जो कच्ची व जर्जर होने तथा जगह जगह अवरूद्ध होने के कारण पुर्ननिर्माण कराया जा रहा है। लगभग 150 मीटर नाली बन चुकी है, मात्र 15 मीटर नाली बनना शेष है। शेष 15 मीटर नाली बनने से बड़े नाले में जुड़ जायेगी और जलनिकास हो जायेगा। जिससे गांव में जगह-जगह होने वाले जल भराव से मुक्ति मिलेगी। जातीय विद्वेष एवं पंचायत की राजनैतिक कटुता के कारण ग्राम पंचायत द्वारा बनवायी जा रही नाली का अवशेष हिस्सा 15 मीटर नाली निर्माण का कार्य गांव के निवासी कुलदीव वर्मा, राजकुमार वर्मा, रामदुलारे, कन्हैयालाल आदि एवं गांव के कुछ उच्च वर्ग के लोगों द्वारा रोका जा रहा है। जातीय विद्वेष में इन लोगों का कहना है कि दलित बस्ती का पानी मेरे मोहल्ले से होकर बड़े नाले में नही जाने दिया जायेगा। जबकि पहले से उक्त नाली थी और उसी रास्ते से जलनिकास होता था।

पंचायत में जल निकास हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक नाली निर्माण में उत्पन्न किये जा रहे अवरोध को दूर कराने एवं लोकहित में कार्य करवाने के लिये ग्राम प्रधान से लेकर गांव के प्रभावित लोग उच्चाधिकारियों से मिले किंतु प्रयास बौने साबित हुए। दलित बस्ती के लोग सार्वजनिक कार्य कराने के लिए गन्ना संस्थान में अनशन पर बैठे हैं। अनशनकारियों का आरोप है कि क्षेत्र के पूर्व विधायक शरद अवस्थी की सह पर नाली निर्माण नही होने दिया जा रहा है। वहीं प्रधान ममता रावत ने इस समस्या से निजात पाने के लिए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेज कर कार्यवाई करने का अनुरोध किया है।

## चोरी के माल सहित पांच अभियुक्त गिरफ्तार

▸ पुलिस ने एक को थाने से छोड़ दिया अभयदान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज़।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के माल सहित 5 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायलय में पेश किया। सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मासवासी में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अमिता शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीतीरात विद्यालय की रसोई से मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखा गैस




सिलेंडर, बर्तन व थालियां अज्ञात चोरों ने पार कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर प्रनि संजीव कुमार मय हमराह पुलिसबल के साथ मगरवारा के आगे नाले की पुलिया के पास से पांच अभियक्तगण विशाल पुत्र सालिग्राम, नन्हा उर्फ राजा पुत्र ब्रजमोहन, सचिन उर्फ लल्लू पुत्र केशन ग्राम मासवासी, अनुराग उर्फ गोलू पुत्र छत्रपाल निवासी बिलसी रऊकरना थाना माखी, दीपेश पुत्र प्रकाश निवासी पड़री निबरना थाना अचलगंज को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से चोरी के सामान दो अदद सिलेण्डर इण्डेन व दो अदद भगोना सफेद धातु तथा 70 अदद स्टील थाली खानेदार बरामद किया गया। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में मगरवारा चौकी प्रभारी अरविन्द पाण्डेय, विजय शर्मा, प्रवीण कुमार, हरिओम सिंह, हेमन्त कुमार, विनीत गिल, अंकेश यादव रहे।

### एक आरोपी को छोड़ने का आरोप

**उन्नाव।** उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तों के परिजनों ने मगरवारा चौकी पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस ने रुपए का लेन-देन करते हुए एक आरोपी हर्ष प्रजापति पुत्र स्व. अजय प्रजापति कोतवाली से छोड़ दिया।

## सद्भावना शांति यात्रा धूमधाम से निकाली गई

**इटावा।** हंस ज्ञान मंदिर विकास कॉलोनी से सदगुरु देव सत्यपाल महाराज के जन्मोत्सव के उपलच्य में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से महाराज के शिष्य महात्मा रुद्राक्षानंद मार्गदर्शन में सद्भावना शांति यात्रा निकल गई जिसका शुभारंभ महात्मा रुद्राक्षानंद एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग कनेरा रजनीश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यात्रा ज्ञान मंदिर विकास कॉलोनी से शुरू होकर पक्का बाग चौराहा, रामलीला रोड, बजरिया होमगंज चौराहा, तकिया तिराहा, तिकोनिया रोड होते हुए हंस ज्ञान मंदिर पर पहुंची। यात्रा के दौरान काफी लोग शामिल हुए। यात्रा समापन पर सद्भावना शांति समारोह का आयोजन किया गया! समारोह में महात्मा रुद्राक्षानंद ने कहा कि



भगवान ने जीव को मानव चोला देकर संसार में भेजा हमें उस एक ईश्वर को भेजना था जो समस्त मानव के लिए है हम उसे भूलकर मजहबो में फंस गए हैं जिसमें अशांति उत्पन्न होती है हम आत्मज्ञान के माध्यम से उस एक ईश्वर को जानकर हम खुद अशांति पाकर समाज में भी शांति फैला सकते हैं कार्यक्रम के दौरान मातादीन शाक्य, कमलेश, रणवीर सिंह, मोहर सिंह, विमला देवी, पुष्पा देवी, रेनू यादव, बादशाह, पूनम आदि लोग मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी बने बृजेश, सुशील सम्राट

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दो जिला मीडिया प्रभारी का ऐलान किया गया और टीम का विस्तार किया गया संतोष सिंह चौहान के द्वारा अपनी टीम का विस्तार करते हुए जिले में दो मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गए जिसमें बृजेश पोरवाल एवं सुशील सम्राट को महत्वपूर्ण कार्य सोंपा गया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि जनपद में 121 सदस्य टीम काम कर रही है जिसमें दो मीडिया प्रभारी आज, बनाए गए हैं जिससे कि जनपद में मीडिया का



कार्य प्रत्येक तहसील पर सुचारू रूप से हो सके, जिससे कि जिले में और नगर में कहीं भी कोई समस्या हो वह उजागर हो सके और उसका निवारण जल्द से जल्द किया जा सके जिससे कि व्यापारियों को पूरा लाभ पहुंचे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, जिला महामंत्री रमेश यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष शरद वाजपेई, शैलेंद्र सिंह राजावत, शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुशवाहा,सोमेश अवस्थी, जिला मंत्री इश्तियाक कुरैशी, एसपी सिंह तोमर, रौनक सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कवयित्री ऋचा राय को हिंदी गौरव सम्मान

▸ लखनऊ में हुआ समारोह

**सैफई, इटावा।** हिंदी साहित्य के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए इटावा की वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री ऋचा राय को लखनऊ में हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट (रजि.) एवं निखिल प्रकाशन समूह, आगरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय साहित्य उत्सव एवं राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दौरान प्रदान किया गया। 13 सितंबर को राष्ट्रीय पुस्तक मेला, बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग, लखनऊ में आयोजित इस साहित्यिक आयोजन में देशभर से साहित्यकार, लेखक, कवि और साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया। समारोह में कवयित्री ऋचा राय की साहित्यिक रचनात्मकता और हिंदी साहित्य के प्रति उनके योगदान की खुले दिल से सराहना की गई। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें %अदृश्य शत्रु% पाठकों के बीच विशेष लोकप्रिय रही है। ऋचा राय ने



यह भी कहा कि शुद्ध एवं परिष्कृत हिंदी के संरक्षण से हम अपने मृतप्राय होते शब्दों को बचाकर भारतीय सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलुओं को आने वाली पीढ़ी तक सुरक्षित रूप से पहुंचा सकते हैं। विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट एवं निखिल प्रकाशन समूह के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर उनकी साहित्य सेवा को सराहा। साथ ही, समारोह में मौजूद अन्य वरिष्ठ साहित्यकारों ने भी ऋचा राय को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। आयोजन के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम हिंदी भाषा के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने और साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्थाएं पाई जाने पर डीएम खफा

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानीमऊ में अव्यवस्थाओं पर सीएमओ को कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानीमऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई कमियां एवं अव्यवस्थाएं पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अभिलेख जांचते डीएम

निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। जानकारी में सामने आया कि डॉ. गुरसरन, डॉ. पियुषा पंकज तथा फार्मासिस्ट आलोक अनुपस्थित पाए गए। वहीं, लैब टेक्नीशियन मिनू वर्मा और वार्ड आया रजनी मौके पर मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें केवल 24 मरीजों का नाम दर्ज पाया गया। परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार था तथा 6 एम्बुलेंस निष्प्रयोज्य अवस्था में खड़ी मिलीं।

जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि अनुपस्थित चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। चिकित्सालय परिसर में नियमित साफ- सफाई कराई जाए ताकि मरीजों को बेहतर माहौल मिल सके। अनुपयोगी पड़ी एम्बुलेंस का निस्तारण कर उनकी व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है। अतः शासन की मंशा के अनुरूप गंभीरता व जिम्मेदारी से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### आरोग्य मेले में 321417 को मिला उपचार

**कन्नौज।** जनपद के 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। जिसमें कुल 1417 मरीजों ने अपना उपचार कराया। मेले का आयोजन समस्त विकास खंडों में भी किया गया। वहां खंड विकास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा मेले की भव्यता और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया गया।

# मझपुर्वा की गलियों में कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

- स्वच्छ भारत अभियान की खुली पोल, जिम्मेदारों की नहीं पड़ती नजर

**तालग्राम, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लाक तालग्राम क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा में गंदगी और कीचड़ की समस्या चरम पर पहुंच गई है। गांव की गलियां कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरी हुई हैं। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो गई है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को चलना भी दूभर हो गया है।

गांव के लोगों ने कई बार शिकायत करने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने मजबूर होकर रविवार को प्रदर्शन का रास्ता अपनाया। ग्रामीणों में फुरकान, आफाक, आदिल, इस्लामुद्दीन, हासिम, अली रजा, आसिम, लियाकत, गुड्डू, अकील, जब्बार, आसिफ, बारिश आदि ने बताया कि कच्ची सड़कें और बजबजाती नालियां लंबे समय से साफ नहीं की गई हैं। गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। जब इस मुद्दे पर ग्राम पंचायत प्रधान से बात की गई, तो उन्होंने कोई सुनवाई नही गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वच्छ भारत मिशन केवल कागजों पर सिमट कर रह गया है। गांव में न तो सफाई होती है, न ही कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है। गांव की गलियां कीचड़ से भरी पड़ी हैं और सड़कें तालाब बन चुकी हैं।

चुनाव में वादे किए जाते हैं, लेकिन हालात जस के तस बने रहते हैं। बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं।

## खबरें एक नजर में

### संजीवनी हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर जांच कैंप का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संजीवनी हॉस्पिटल, नगर पालिका रोड में कैंसर विशेषज्ञों द्वारा एक नि :शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सभी मरीजों की गहन जाँच की और उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ–साथ सामान्य जाँच की सुविधा प्रदान की। कैंप का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शुरुआती निदान को प्रोत्साहित करना था। मरीजों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी, और हॉस्पिटल प्रबंधन ने उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा। कार्यक्रम में प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी, डॉ. आशुतोष मिश्रा (एमडी), डॉ. गौरव शाक्य, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. अजय यादव, प्रभात अवस्थी और शिवकुमार मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कैंप ने स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### भक्ति, रति व त्याग के प्रतीक हैं भरत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति के तत्वावधान में श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन राम–भरत मिलाप के प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वृंदावन धाम के संत प्रहलादजी महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि भरत ने चित्रकूट यात्रा के लिए राजतिलक की सामग्री लेकर भगवान श्रीराम की खोज शुरू की। यह प्रसंग सिखाता है कि जीव को परम शांति तब तक नहीं मिलती, जब तक वह ईश्वर की शरण में न जाए। श्रीराम और भरत का मिलन भाई–भाई के प्रेम, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। दोनों भाई सुखों का त्याग और विपत्ति अपनाने को तत्पर थे, जो आज के समय में दुर्लभ है। संत ने कहा कि भरत का चरित्र भक्ति (भ), रति (र) और त्याग (त) का प्रतीक है। यह प्रसंग रामचरितमानस का सबसे लोकप्रिय हिस्सा है। पुष्प वाटिका में श्रद्धालुओं की भीड़ से पंडाल छोटा पड़ गया। मुख्य यजमान ओमकार यादव व उनकी पत्नी ने आरती कर प्रसाद वितरित किया। समिति के अध्यक्ष सुशील पांडेय व महामंत्री उमेंद्र यादव ने इसे प्रेम और तपस्या का अनुपम उदाहरण बताया।

### भदेवरा महिला हत्याकांड बॉयफ्रेंड को पुलिस ने दबोचा



**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव में बीते गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि प्रेमिका के साथ मिलकर 75 वर्षीय बुजुर्ग दादी परमा देवी की सिलबट्टे से कूचकर हत्या करने वाली आरोपी बॉयफ्रेंड को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए रविवार को जेल भेज दिया गया है। वही इस मामले में पुलिस ने हत्याकांड में शामिल मृतका की नातिन को बीते शनिवार को ही जेल भेज दिया था। आपको बता दे कि वही प्रेमिका के बॉयफ्रेंड और हत्या में शामिल आरोपी दीपक पुत्र रामलाल निवासी तोरना थाना रेढर को कोंच कोतवली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, कांस्टेबिल राहुल सिंह महिला कास्टेबिल अर्चना ने सूरजज्ञान महाविद्यालय के सामने से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से बरामद हुए बाग में खून के धब्बे लगी शर्ट भी बरामद की गई है। आरोपी दीपक ने प्रेमिका के साथ मिलकर प्रेमिका की दादी परमा देवी की शिलबट्टा से सिर कुचलकर हत्या करना स्वीकार किया है। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। भदेवरा गांव में हुई 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम पर छै माह पहले हुई थी साथ ही दोनों में काफी समय से बात चल रही है बातों बातों में दोनों में प्यार हो गया था। ग्राम भदेवरा निवासी मृतका परमादेवी का अक्खड़ स्वभाव और मामला उजागर कर देने की उसकी जिद ही उसकी जान की दुश्मन बन गई। बताया जा रहा है कि जब परमादेवी ने नातिन पल्लवी और उसके प्रेमी दीपक को एक साथ देखा तो वह आग–बबूला हो गई और उसने पल्लवी को न केवल खरी–खोटी सुनाई बल्कि धमकाया कि वह सुबह पूरा मामला गांव में उजागर कर देगी। पल्लवी ने उसे मनाने की बहुत कोशिश की लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही जिसके चलते नातिन पल्लवी ने प्रेमी दीपक के साथ मिलकर दादी की हत्या की घटना को अंजाम दिया।

# हिंदी दिवस पर ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद रोड स्थित गीतापुरम कॉलोनी के ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्ण माहौल में विविध रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में छात्रों ने कविता पाठ, कहानी वाचन, निबंध लेखन और वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों ने बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान को बढ़ावा दिया।

विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी के साथ–साथ हिंदी भाषा का ज्ञान भी आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है और इसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। डायरेक्टर हिमांशु वर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी को मातृभाषा और राजभाषा के



रूप में सम्मान देना तथा बच्चों में भाषाई गर्व की भावना जागृत करना है। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने कहा कि हिंदी का सम्मान पूर्ण निष्ठा के साथ करना चाहिए और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में सब डायरेक्टर शिवम वर्मा, अर्पित दुबे, ऋचा दुबे, अंकित मिश्रा, जूली वर्मा, प्रीति, रेशू, आकांक्षा, रोहित, सौम्या, क्षमता, नेहा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# हिंदी एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान

- जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी परववाड़ा का शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा (14 से 28 सितंबर) का उद्घाटन प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने मां सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसे सम्मान देने के साथ- साथ जीवन के हर क्षेत्र में इसका प्रयोग बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से आह्वान किया कि हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाएं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कुंजनकुसुम द्विवेदी ने ÷हिंदी के महत्व÷ पर विस्तार से प्रकाश डालते



मां सरस्वती के लिए दीप प्रज्वलित करते प्राचार्य एस. के पांडेय

हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत हिंदी की गुणगान करती हुई कई कविताएं और हिंदी की विकास यात्रा पर आधारित प्रभावशाली भाषण ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर उपप्राचार्य फिरोज अहमद, संजय कुमार यादव, एसके सिंह, बिपिन कुमार, प्रीति यादव, रविंद्र कुमार, शीलू तिवारी सहित आदि लोग रहे।

### राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित

**जलालाबाद।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉ शिप्रा वर्मा प्रभारी हिंदी विभाग ने भारत देश की सांस्कृतिक , क्षेत्रीय और भाषाई विविधता को एक सूत्र में पिरोने के लिए हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी दिवस पूरे देश में हिंदी भाषा के महत्व को प्रदर्शित करने का एक माध्यम है हिंदी जन –जन की भाषा है। यही एक ऐसी भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांधे रखने में सक्षम है। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं में ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।

# श्री रामलीला कमेटी की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित

- भव्य आयोजन की तैयारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय निजी प्रतिष्ठान पर आयोजित श्री रामलीला कमेटी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान शंकर और श्री राम की बारात को धूमधाम से निकाला जाएगा। कार्यक्रमों का शुभारंभ 17 सितंबर को



दोपहर 3 बजे रामलीला मैदान में धरती पूजन के साथ होगा।

कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा ने बताया कि राम बारात को भव्य बनाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आकर्षक झांकियां मंगाई जाएंगी। नगर पालिका अध्यक्ष व आयोजक मनोज दुबे ने सभी पदाधिकारियों से राम काज में तत्परता से जुटने का आह्वान किया। महामंत्री कौशलेंद्र सिंह (श्यामू चौहान) ने कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 17 सितंबर को धरती पूजन, 19 सितंबर को भगवान शंकर की बारात, 28 सितंबर को श्री राम बारात और 3 अक्टूबर को विजय दशहरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में आचार्य प्रशांतानंद चंदन, पंकज कुमार दुबे, दिलीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, अनुराग अग्निहोत्री, टीटू अग्निहोत्री, अमर दीक्षित, विनीत अग्निहोत्री, टिंकू दीक्षित, अतुल वर्मा, अनुराग त्रिपाठी, हिमांशु चौहान, रानू गुप्ता, सर्वेश चौरसिया, राजीवनयन त्रिपाठी, श्यामू चौबे, विवेक गुप्ता और अंकित शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# इस बार नवमी पर नहीं निकलेगी मां दुर्गा की शोभायात्रा



- चैत्र की रामनवमी पर होगा भव्य आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में आयोजित मां नवदुर्गा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार शारदीय नवरात्र की नवमी पर मां दुर्गा की शोभायात्रा के बजाय चैत्र नवरात्र की रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह निर्णय नगर में एक साथ होने वाले कई आयोजनों को ध्यान में रखकर लिया गया।

बैठक में सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतोनंद चंदन ने प्रस्ताव रखा कि शारदीय नवरात्र में गणेश महोत्सव, मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना और रामलीला कमेटी की भव्य राम बारात जैसे आयोजनों के कारण कार्यकर्ताओं का बंटवारा हो जाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सनातन नववर्ष का शुभारंभ चैत्र नवरात्र से होता है, इसलिए रामनवमी पर विशाल शोभायात्रा आयोजित करना उत्तम होगा। इस प्रस्ताव पर रामानंद वर्मा, नरेश गुप्ता गोल्डी, आदेश गुप्ता चच्चा, आनंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विवेक गुप्ता, देवकीनंदन मिश्रा, नरेश वर्मा, आलोक गुप्ता टिल्लू और समिति के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी पप्पी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहमति जताई। सभागार में उपस्थित लोगों ने तालियों से इस निर्णय का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि समिति में कई ऐसे लोग हैं जो अकेले बड़े आयोजन कर सकते हैं, लेकिन सामूहिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाती है। चैत्र नवरात्र में अन्य बड़े आयोजन नहीं होते, इसलिए श्री रामलीला कमेटी, खाटू श्याम सेवा समिति और अन्य संगठनों के सहयोग से मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय नगर में सनातन संस्कृति के प्रचार–प्रसार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### सम्मानित किए गए विशिष्ट सहयोगी

बैठक के समापन से पूर्व कार्यक्रमों में सहयोग करने वालों को माल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं चित्र भेंट करके समिति के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, महामंत्री संदीप दुबे ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नरेश वर्मा, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, आनंद गुप्ता महिंद्रा ट्रैक्टर, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, आचार्य प्रशांतानंद चंदन एवं आलोक गुप्ता टिल्लू आदि को सम्मानित किया गया।

# भाकियू प्रगति ने किया संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अमित मलिक ने संगठन को मजबूत और प्रभावशाली बनाने के लिए व्यापक स्तर पर विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं।

नगर के रॉयल होटल में हुए भव्य कार्यक्रम में मोहित यादव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिहार राज्य का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, चंद्रजीत यादव एडवोकेट को विधि प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष जदुनाथ सिंह यादव और युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष सौरभ यादव को नियुक्त किया गया है। महिला संगठन की जिम्मेदारी कुसुम यादव को सौंपी गई है। इस मौके पर चौधरी



अमित मलिक ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रगति किसानों के हितों के लिए 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर किसी भी किसान को किसी प्रकार की समस्या होती है तो संगठन के किसी भी पदाधिकारी से सीधे संपर्क कर सकता है। आवश्यकता पड़ने पर वे 24 घंटे के अंदर कन्नौज में मौजूद होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन संसद या विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि संगठन का विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। किसी भी राज्य या क्षेत्र में संगठन को पहुँचाने की आवश्यकता होगी, तो वे पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रगति किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और किसान हितों की रक्षा में हर संभव भूमिका निभाएगी।

### डिवाइडर से टकराई कार, महिलाओं सहित चार लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गुजरात से लकड़ी का व्यापार करने वाले सलमान अली और उनके तीन साथियों की अर्टिगा कार शनिवार रात छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में प्रेमपुर चौकी अंतर्गत करमुल्लापुर के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कोकराजहार (आसाम) निवासी सलमान अली, मंजिला खातून पत्नी जैनल, फोरिजा खातून पुत्री ज्योनल शेख और नूर अली पुत्र सबर अली गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसे का कारण प्रारंभिक रूप से चालक का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है।

# सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र उमर्दा का कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

- कृषक गोष्ठी में किसानों से किया संवाद, सुनी समस्याएं




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विकास खण्ड उमर्दा स्थित इंडो-इजरायल सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल्स (सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र) का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में आयोजित कृषक गोष्ठी में भाग लिया और बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों से संवाद किया।

गोष्ठी के दौरान मंत्री शाही ने कहा कि आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों और गुणवत्तापूर्ण बीजों का प्रयोग ही कृषि क्षेत्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के कृषि क्षेत्र के विकास हेतु दिए गए विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और उर्वरकों की सरल एवं सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी। इस पर कृषि मंत्री ने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ अपर कृषि निदेशक भूमि संरक्षण, संयुक्त कृषि निदेशक गुणवत्ता नियंत्रण, संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर, उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी रहे। मंत्री ने एनएफएसएम योजना के अंतर्गत चयनित कृषक ऊधन सिंह (निवासी अहेर तिर्वा देहात, उमर्दा) के संकर मक्का प्रदर्शन प्लॉट का भी अवलोकन किया। गोष्ठी के दौरान कृषकों को तोरिया मिनीकिट बीज का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कृषक रहे।

# खंड विकास अधिकारी का कृषि सहित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर बल

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए रामपुरा खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) गजेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं के प्रति कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और निर्देश भी साझा किए।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि एग्रीस्टैक डिजिटल किसानों एवं फसलों के सर्वेक्षण की पहल को रामपुरा ब्लॉक में लागू किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा



- अधूरे आवास एक सप्ताह में पूरे हों, गौशाला व शौचालय की देखभाल में लापरवाही स्वीकार नहीं

चलाए जा रहे । एग्री स्टैक के अंतर्गत, किसान रजिस्ट्री, खेतों की स्थिति व फसल किस प्रकार बोई गई है, इसकी जानकारी डिजिटल सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र की जा रही है। उक्त सर्वेक्षण से खेती से जुड़े सभी डाटा ग्राम पंचायत स्तर पर सटीक मिलेंगे, जिससे उन योजनाओं के लाभार्थियों का चयन, खेतों की सिंचाई व्यवस्था, बीज और उर्वरक की आपूर्ति आदि में पारदर्शिता और समयबद्धता बढ़ेगी।

**अधूरे आवास एक सप्ताह में पूरे करने के निर्देशः-** खंड विकास अधिकारी रामपुरा श्री सिंह ने मुख्यमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए इस योजना की शुरुआत की है, लेकिन कई लाभार्थियों के मकान अभी भी अधूरे हैं।

सभी ग्राम पंचायत सचिवों और लाभार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराएं। जो भी लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारी को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक पात्र परिवार को उनकी जरूरत की निष्पक्ष जांच करवाकर ही आवास निःशुल्क स्वीकृत होते हैं इसमें किसी दलाल बिचौलिए का कोई सहयोग नहीं होता है अतः आवास स्वीकृत कराने के नाम पर किसी को पैसा ना दें।

### खाद्यान्न वितरण प्रणाली में पारदर्शिता

बीडीओ गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में सरकारी खाद्यान्न वितरण की दुकानों का निर्माण अधूरा है, उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाएगा। फ्इसके बाद इन दुकानों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और समयबद्धता दोनों आवश्यक हैं। ग्राम प्रधान, सचिव एवं कोटेदार संयुक्त रुप से उत्तरदाई हों कि कोई अपात्र व्यक्ति किसी गरीब का हक ना छीन पाए।

### मनरेगा अभिलेख अद्यतन करने के निर्देश

मनरेगा को लेकर भी उन्होंने कहा कि ऑडिट के चलते सभी ग्राम पंचायत सचिवों को सख्ती के साथ निर्देशित किया गया है कि मनरेगा के अभिलेख अद्यतन कराते हुए ब्लॉक कार्यालय को रिपोर्ट भेजें। समय पर अभिलेख अद्यतन न होने पर विकासखंड को नुकसान हो सकता है। रामपुर ब्लॉक के मनरेगा पोर्टल के अनुसार एफ्टीओ भुगतान रिकॉर्ड समान्य रूप से अपडेट है। नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है कुछ कार्यों के भुगतान बकाया है उनके भी भुगतान क्रमबद्ध तरीके से अतिशीघ्र किए जाएंगे। कुछ ग्राम पंचायत के काम अभी तक पूर्ण नहीं है । वीडियो ने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि मनरेगा के सभी अभिलेख (कार्य की स्थिति, भुगतान, बकाया राशि) रिपोर्ट शीघ्र ही ब्लॉक कार्यालय द्वारा समीक्षित कर सार्वजनिक कर दी जाएगी।

### लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

बीडीओ ने स्पष्ट दोहराया कि फ्सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समयबद्धता और पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता है। जो भी कर्मचारी जिम्मेदारी निभाने में ढिलाई करेगा उसके विरुद्ध सक्षम अधिकारी को कार्रवाई हेतु पत्र भेजा जाएगा। योजनाओं की प्रगति पर पूछे गए सवालों के जवाब में बीडीओ ने कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी पहले ही निर्देशित किए जा चुके हैं और अब समयबद्धता से काम करना उनकी जिम्मेदारी है। हम नियमित निरीक्षण करेंगे।

# पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री के साथ अभियुक्त को दबोचा

- भारी मात्रा में बने, अधबने अवैध शस्त्र व उपकरण बरामद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज व थाना कमालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को ग्राम नारायणपुर गढ़िया गंगाइच थाना कमालगंज से अभियुक्त राकेश बाबू उर्फ मुन्नु को अवैध शस्त्र व अवैध शस्त्र बनाने वाले उपकरण सहित गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने किया।



घटना का खुलासा करते एसपी डॉ. संजय कुमार सिंह

जानकारी के अनुसार दिनांक 14.09.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम नारायणपुर गढ़िया गंगाइच से अभियुक्त के कब्जे से 02 तमंचा 12 बोर व 05 अदद तमंचा 315 बोर (चालू हालत में) 02 अदद तमंचा 12 बोर, 06 अदद तमंचा 315 बोर (बिना चालू हालत में) 08 कारतूस जिन्दा 315 बोर, 08 खोखा कारतूस 315 बोर, 05 खोखा कारतूस 32 बोर, 02 खोखा कारतूस 12 बोर, 02 अदद लोहे की आरी 1 ब्लेड सहित/एक बिना ब्लेड के, 01 अदद पंखी, 01 अदद छोटा लोहे का सम्भल, 04 अदद लोहे की नाल, 01 अदद लोहे की स्टेरिंग राड, 01 अदद लकड़ी व लोहा कसने वाली मशीन, 01 अदद हथौड़ी, 02 अदद लोहे की रेंती, 01 अदद लोहे की पत्ती, 01 अदद लोहे की राड 3इंच, 03 अदद लोहे की आरी की पत्ती, 01 अदद लकड़ी काटने की छोटी आरी, 01 अदद छोटी रेंती, 01 अदद रेगमाल का बड़ा पत्ता व 04 रेगमाल के छोटे पत्ता, 04 अदद लोहे की छैनी, 01 लोहे की पत्ती एल आकार की व 01 लोहे की पत्ती जेड आकार की, 02 अदद लोहे की छोटी नाले, 01 अदद प्लास, 01 अदद पेंचकस, 01 छोटी स्प्रींग, 01 लकड़ी की चाप, 01 लकड़ी का गुटका लम्बा, 05 लकड़ी के गुट्टे छोटे, 01 अदद लोहे की ट्रेगर हेमर की पतली राड, अदजला कोयला व खड़ा कोयला, एक 200एमएल की बोतल में लोहे मे डालने वाला तेल बरामद हुआ था तथा जिसके सम्बन्ध में थाना कमालगंज पर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 289/25 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# बाढ़ का पानी छटा, फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर स्थित अमृतपुर राजेपुर गंगा में आई बाढ़ के कारण 32 दिन से बंद मार्ग अब दोबारा खुल गया है। चित्रकूट डिप पर बाढ़ का पानी कम होने से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। हालांकि डिप पर अभी भी करीब एक फीट पानी बह रहा है।

बाढ़ के दौरान चित्रकूट डिप पर तेज बहाव और अधिक पानी होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया था। इस दौरान सभी छोट-बड़े वाहन डबरी मार्ग से होकर आवागमन कर रहे थे।



आवागमन के लिए खुला मार्ग

गंगा का जलस्तर कम होने से डिप पर पानी का स्तर भी नीचे आया है। मार्ग खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय वाहन चालक रामऔतार के अनुसार सड़क खुलने से अब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा बच जाएगा। पहले जाम और खराब सड़क की वजह से समय और ईंधन दोनों अधिक खर्च होते थे। राजेपुर क्षेत्र के निवासी मोतीलाल ने बताया कि बाढ़ के कारण दैनिक जीवन में काफी परेशानियां आ रही थी। सड़क के खुलने से लोगों को सबसे बड़ी राहत मिली है।

# इंस्टाग्राम पर महिला को फॉलो करना युवक को पड़ा महंगा

- महिला के पति ने युवक को बेल्टों से पीटा, हुआ अचेत
- दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

इंस्टाग्राम पर महिला को फॉलो करना युवक को उस समय महंगा पड़ गया, जब महिला के पति ने मोबाइल पर देखकर युवक की बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह अचेत हो गया। सूचना पर पहुंचे युवक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गयी। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीरें दी गयी हैं।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव सिरौली निवासी धर्मवीर का 15 वर्षीय पुत्र रिषभ जो कि खेड़ा सिरौली के एक स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है। लगभग 12 दिन पूर्व रिषभ के मोबाइल पर पड़ोस के ही रहने वाले चंद्रपाल की विवाहित पुत्री काजल ने रिषभ को इंस्टाग्राम पर



मारपीट में आयीं चोटें दिखाता युवक

फॉलो किया। जिस पर रिषभ ने भी परिचित होने के कारण काजल को फॉलो बैक कर दिया और रिषभ ने एसएमएस के माध्यम से काजल से हाल चाल पूछा। यह सब काजल के पति अर्जुन ने मोबाइल में देख लिया। कुछ दिन पूर्व चंद्रपाल ने अपने दामाद अर्जुन व पुत्री काजल को दावत पर अपने घर सिरौली बुलाया। रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे अर्जुन रिषभ के घर पहुंचा और रिषभ की मां से उसे अपने साथ ले जाने की बात कहकर अपने साथ बुला कर ले गया। काफी समय बीत जाने के बाद किसी अन्य युवक से रिषभ की मां को सूचना मिली कि खेत पर अर्जुन रिषभ को बेल्टों से बुरी तरह पीट रहा है। जिसपर रिषभ की मां, पिता धर्मवीर व अन्य परिजन भाग कर खेतों की तरफ पहुंचे, तो रिषभ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।

धर्मवीर ने अपने पुत्र रिषभ को उठाकर घर पर लाकर होश में किया और घटना की सारी जानकारी ली। रिषभ की पीठ पर चोटों के काफी निशान पड़े देख धर्मवीर ने चंद्रपाल से शिकायत करने चाही, तो उन्होंने इनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिस पर धर्मवीर ने यूपी 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 ने चंद्रपाल के दामाद अर्जुन को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। नवाबगंज थाने पहुंचकर एक पक्ष से धर्मवीर ने पुलिस को अर्जुन के खिलाफ, तो वहीं दूसरे पक्ष से काजल ने रिषभ के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# पीड़ित परिवार की आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर कोचिंग संचालक, उसके भाई व एक अन्य साथी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। अमृतपुर व कायमगंज विधायक ने पीड़िता व उसके स्वजनों से मिलकर उन्हें आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने आरोपितों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के स्वजनों ने थाना प्रभारी को हटाने की मांग रखी। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल व कानूनगो ने कोचिंग सेंटर, कब्रिस्तान आदि की नापजोख की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा कंपिल स्थित राजीव इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर पर कोचिंग करती थी। इसी दौरान लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कोचिंग संचालक दिव्यांग शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस ने छात्रा को कोल्डड्रिंक में नशीला



कोचिंग सेंटर की नापजोख करते राजस्व कर्मचारी

- दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलीं विधायक सुरभि
- एसडीएम ने कोचिंग सेंटर की लेखपाल से कराई नापजोख

पदार्थ डालकर पिला दिया। छात्रा के बेहोश होने पर आरोपितों ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। आरोपित छात्रा को मंतातरण कर निकाह करने का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर सीओ को दी। सीओ के आदेश पर दिव्यांग आरोपित शीबू, उसका भाई सलमान व साथी अनस के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को उन्हें जेल भेज दिया। पीड़िता के स्वजनों गांव पहुंचे सांसद मुकेश राजपूत से बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। स्वजनों ने थाना प्रभारी पर एक आरोपित का नाम हटाने को लेकर दबाव बनाए जाने की शिकायत भी की। हालांकि थाना प्रभारी ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। रविवार दोपहर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य व कायमगंज विधायक डॉ सुरभि ने पीड़िता के गांव पहुंचकर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। विधायक से पीड़िता के स्वजनों ने थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग की। रविवार को एसडीएम अतुल कुमार सिंह के निर्देश पर लेखपाल राहुल मिश्रा, रोहित अवस्थी, कानूनगो विमल पटेल ने कंपिल कायमगंज रोड स्थित कब्रिस्तान व कंपिल खास स्थित कोचिंग सेंटर की जमीन गाटा संख्या-585 पर नापजोख की। इस दौरान उन्हें कम्प्यूटर सेंटर मार्केट में सड़क के दोनों तरफ तीन मीटर कब्जा मिला। टीम ने आरोपित अनस के गांव निजामुद्दीनपुर में पहुंच नापजोख की जिसमें गाटा संख्या 336 नवीन परती पर सरकारी जमीन पर आरोपित के पिता व चाचा सहित तीन लोगों का अवैध कब्जा मिला। हिंदू महासभा व हिन्दू रक्षा दल के परिषद के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी द्वारा आरोपितों को बराबर कुर्सी पर बैठाने की घटना पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने थाना प्रभारी को जल्द ही हटाने की मांग की। न हटाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कुछ शिकायतें मिली थी। टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपियों पर रासुका के तहत हो कार्रवाई : विमलेश मिश्रा

फर्रुखाबाद। कम्प्यूटर सेंटर संचालक व उसके साथियों द्वारा छात्रा को गुमराह व नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर सामूहिक दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा व अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू मंच के जिलाध्यक्ष रामवीर सिंह चौहान ने प्रशासन से मां की है। साथ ही यह भी मांग की है कि कम्प्यूटर सेंटर की वैधता व भूमि की जांच करायी जाये और सभी आरोपियों पर रासुका लगाकर कम्प्यूटर सेंटर को बुलडोजर से जमींदोज कराया जाये। जिससे कि कोई अन्य व्यक्ति ऐसा जघन्य अपराध करने की हिम्मत न जुटा सके। रविवार को पीड़िता का डाक्टर राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दूवादी नेता मौजूद रहे। क्षेत्रीय ग्राम प्रधान सचिन राजपूत व अन्य लोगों ने बताया है कि जो कम्प्यूटर सेंटर जिस भूमि पर बना है, वह नगर पंचायत की भूमि बतायी जा रही है। लगभग सात साल पुराना बताया जा रहा है। यह जांच का विषय है। इस अवसर पर हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष के अलावा प्रीती तिवारी, अर्चना द्विवेदी, डाक्टर निधि मिश्रा, सभासद अनिल तिवारी, आचार्य विवेकानंद पाठक, शिवम दुबे, आशीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।



लोहिया महिला अस्पताल के बाहर मौजूद हिन्दूवादी नेता

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक सम्पन्न




बैठक को संबोधित करते अक्षय प्रताप सिंह उर्फ़ गोपाल भैया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की समीक्षा बैठक रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, आम जनता संगठन के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह गौर के नेतृत्व में एकत्र हुई। इस दौरान मनोज सिंह गौर के नेतृत्व में संगठन कि जिले में मजबूत छवि नजर आई। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वरिष्ठ नेता एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ़ गोपाल भैया मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में पहुंचे। उनके साथ जनता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज राष्ट्रीय महासचिव के0एन0 ओझा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह, प्रदेश महासचिव बृजेश सिंह राजावत कानपुर, मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह सेंगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान फर्रुखाबाद पहुंचे। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मनोज सिंह गौर के नेतृत्व में सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान समथकों ने जमकर नारेबाजी भी की और जनसत्ता दल को जन जन तक मनोज सिंह गौर के नेतृत्व में पहुंचने का संकल्प लिया। अक्षय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि वह राजा भैया के जन-जन की सेवा जन सेवक के तौर पर पार्टी का हर एक कार्यकर्ता समर्पित है उसको लेकर चल रहे हैं। पंचायत चुनाव को पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी दमदारी से लड़ेगी। पार्टी से चुनाव जीतने वाला सदस्य जनता का सेवक होगा।

# स्वास्थ्य मेलों में मरीजों का परीक्षण कर दी गयीं दवायें

**शमशाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य मेले में 27 मरीजों की शुगर की जांच कर की गयी, वहीं महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दी गयी। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को विशेष ऐतियात बरतने की सलाह दी।

जानकारी के अनुसार रविवार को शमशाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। चिकित्सक विपिन कुमार की देखरेख में 59 मरीजों ने पंजीकरण कराया और चिकित्सा परामर्श के साथ जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त कीं। क्षेत्र में खांसी, जुकाम, बुखार, दाद-खाज और खुजली जैसी बीमारियां फैली हुई हैं। गंगा कटरी क्षेत्र में स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। बाढ़ के कारण खेतों और ग्रामीण इलाकों में गंदगी फैली है। जिससे लोग बीमारियों से पीड़ित होकर स्वास्थ्य केंद्रों का रुख कर रहे हैं। फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत ने बताया कि मेले में एलटी अलका ने 27 मरीजों की शुगर की जांच की।



स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक

एएनएम नीलम देवी ने महिलाओं को स्वास्थ्य और परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। वार्ड बॉय राजेश कुमार ने राजकीय कार्य में सहयोग किया। मेले का आयोजन गरीब, मजदूर और किसानों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर किया गया। मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के अनुसार फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयां वितरित की गई।

**वहीं अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार** स्वास्थ्य शिविर में 175 मरीजों का इलाज किया गया। अमृतपुर स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर गौरव वर्मा के अनुसार मेले में कुल 175 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। जांच में मलेरिया के 26 मरीजों में से 2 पॉजिटिव पाए गए। टाइफाइड के 18, मधुमेह के 15 और डेंगू के 6 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा बलगम के 8 और हीमोग्लोबिन के 4 मरीजों की भी जांच हुई। स्वास्थ्य केंद्र पर दौलतियापुर, परतापुर, हरसिंहपुर, लीलापुर, अमृतपुर, फखरपुर, बनारसीपुर, कलेक्टरगंज, तौफीक, नगला हूषा, खजुरिया और राजपुर समेत दर्जनों गांवों के मरीज आते हैं। डॉक्टरों और स्टाफ ने मरीजों को दवाइयां और इंजेक्शन दिए। बच्चों के लिए सीरप की विशेष व्यवस्था की गई। बाढ़ के कारण क्षेत्र में वायरल फीवर, सिरदर्द, खुजली, बुखार, पेट दर्द और पैरों में इंफेक्शन के मरीज अधिक हैं। डॉक्टरों ने मरीजों को सलाह दी कि वे मच्छरदानी का प्रयोग करें। साथ ही पानी को उबालकर पीएं और गंदगी व रुके हुए पानी से दूर रहें।

# देश के कई हिस्सों के मेधावियों का आयोजित हुआ सम्मान समारोह



सम्मान समारोह में मौजूद मेधावी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** पाठशाला प्रणेता मुनि श्री 108 अनुमान सागर महाराज के सानिध्य में भगवान विमलनाथ की स्थली कंपिल में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं सहित देश के कई हिस्सों से प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें अर्चित जैन, अनुष्का जैन (मैनपुरी), पलक जैन (फर्रुखाबाद), इशिता जैन (सहारनपुर), नीतिक जैन (गाजियाबाद), अतिशेष जैन (दिल्ली), तन्मय जैन (दिल्ली), शौर्य जैन (दिल्ली), अक्षय जैन (दिल्ली), विद्धि जैन (सवाई) माधोपुर, मध्य प्रदेश, इश्ता जैन (गुरुग्राम) अन्या जैन (दिल्ली), चहात सक्सेना (बजरिया रामलाल), आदर्श राठौर (फर्रुखाबाद), कौशल (फर्रुखाबाद), अनुराग राठौर एवं सूर्या प्रताप सिंह (फर्रुखाबाद) जैसे अनेक छात्र0छात्राएं सम्मिलित हुए। मुनि श्री ने विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया और जीवन में दृढ़ता तथा अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन आगम फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली द्वारा किया गया।

आयोजन समिति ने बताया कि ऐसे समारोह न केवल शिक्षा के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उनमें समाज और धर्म के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करते हैं। इस दौरान पुष्पराज जैन, सुधीर जैन, सुशील जैन, पवन जैन, नरेश जैन, अनुराग जैन, आशीष जैन, अंकज शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पिता ने अतिरिक्त दहेज न मिलने पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मृतका के पिता की तहरीर पर पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कुंवरपुर खास निवासी अंकुर शुक्ला की 22 वर्षीय पत्नी मोहिनी शुक्ला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छः दिन पूर्व नौ सितंबर की शाम घर की बैठक में छत के कुंडे में अंगौछे के सहारे लटका मिला।

मौके पर पहुंचे क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर निवासी मृतका के पिता राजेश मिश्रा व उनकी पत्नी संतोषी ने अतिरिक्त दहेज में बाइक व एक लाख रुपए न देने पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। मृतका के पिता ने शनिवार थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतका के पति अंकुर शुक्ला के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जानलेवा हमले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल, समृद्धि न्यूज। पत्नी से विवाद में दामाद ने चचिया ससुर पर फायर झोंक दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गए। रास्ते में मिले ससुर के गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज सैफई में चल रहा है। चचिया ससुर की तहरीर पर आरोपित दामाद के खिलाफहत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपित को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के गांव दूंदेमई निवासी मायाराम शाक्य शुक्रवार दोपहर कंपिल स्थित ग्यारह मंजिल मंदिर के निकट बैठे थे। उसी समय गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी दामाद गौरव शाक्य ने रंजिश में उन पर फायर कर दिया। जिससे वह बाल बाल बच गए। युवक ने उन पर फिर से फायर करने के लिए तमंचा ताना तो राहगीरों ने उसे दौड़ा दिया। भागते समय युवक के पास चार कारतूस गिर गए। युवक को अटैना मार्ग पर घर की तरफ जाते हुए उसके ससुर रक्षपाल मिल गए। दामाद ने उन्हें देखते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर ससुर की कनपटी पर गोली मार दी। शनिवार को चचिया ससुर मायाराम की तहरीर पर आरोपित दामाद गौरव शाक्य निवासी राईपुर चिनहटपुर के खिलाफहत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर आरोपित गौरव को पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# अतिरिक्त दहेज को लेकर विवाहिता को बेघर करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पीड़िता की तहरीर पर एसपी ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

**जानकारी के अनुसार** शायदा बानो पत्नी सोहान अली निवासी नसरतपुर थाना कमालगंज की निवासिनी है। पीड़िता की शादी आज से करीब 6 वर्ष पूर्व सोहान अली उर्फ सोनू निवासी चितईयन, थाना किशनी, जिला मैनपुरी के साथ मुस्लिम रीतिरिवाज के अनुसार हुई थी। पीड़िता की शादी में पीड़िता के भाईयों ने एक मोटर साइकिल अपाछे, ए0सी0, फ्रिज, फर्नीचर, बर्तन, लड़के को सोने की चैन व अगूंठी के अलावा 2,51,000/-रु0 रुपये नगद देकर शादी में लभगग 9-10 लाख रूपये खर्च किया था। शादी में विदा होकर पीड़िता अपनी ससुराल गयी। लगभग 6 माह तक ससुरालीजनों ने सही सलामत रखा। 6 माह बाद से ही पीड़िता का पति सोहान अली उर्फ सोनू, ससुर शमशुद्दीन, सास सबीना, ननद नूर, आशमीन व इकरा ने अतिरिक्त दहेज में अल्टो कार व एक लाख रूपये नगद माँग कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता द्वारा कहा गया कि जैसे-तैसे मेरे भाईयो ने कर्ज लेकर शादी की। अब कुछ नही दे पायेंगे। अतिरिक्त दहेज की माँग पीड़िता द्वारा अपने घर पर आकर बताई गयी। भाईयों द्वारा काफी समझाया बुझाया गया। अब किसी तरह उपरोक्त लोगों ने पीड़िता को रखा। इस बीच दोनों के संसर्ग से एक पुत्री हुमैरा पैदा हुई। जिसका सारा खर्चा पीड़िता के घर वालों द्वारा उठाया गया। जैसे-तैसे उपरोक्त लोगो ने पीड़िता को तीन साल रखा तथा अतिरिक्त दहेज की माँग पूरी न होने के कारण आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व पीड़िता के पति सोहान अली उर्फ सोनू, ससुर शमशुदीन, सास सवीना, ननद सूर, आशमीन व इकरा समस्त निवासीगण चितईयन थाना किशनी जनपद मैनपुरी हाल पता खजुरी डी-ब्लाक नई दिल्ली ने मात्र पहने हुये कपड़ों में उसकी नाबालिग पुत्र हुमैरा के साथ उसे भगा दिया और कहा कि जब तक अतिरिक्त का एक लाख रूपये नहीं दोगे तब तक मेरे घर मत आना। इस बीच पीड़िता द्वारा बुलाने तथा साथ रखने को कहा गया तथा पीड़िता के भाईयों वाजिद व नईम ने कई बार समझाया। पंचायत डालीं, परन्तु उपरोक्त लोग किसी भी तरह पीड़िता को रखने को तैयार नहीं हैं। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# ग्रामीणों ने किया महायोजना का विरोध, जायेगें न्यायालय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महायोजना, विकास प्राधिकरण, आवास विकास, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रीन वेल्ट के नाम के नाम पर पर किसानों की जमीन पर डाका नहीं पड़ने देंगे। फर्रुखाबाद के किसान सरकार से योजना स्थिगित करने हेतु दबाब बनाने के साथ ही अदालत का भी दरवाजा खटखटायेंगें।

महायोजना के विरोध में बिजाधरपुर, पपियापुर में किसान चौपाल में अशोक कटियार ने कहा कि किसानों कि सरकार जमीन सस्ते में हथिया कर मंहगे में बेचना चाहती है। सरकार का काम कानून व्यवस्था संभालना है, धंधा करना नहीं। उन्होने कहा कि जहां का राजा हो व्यापारी वहां की प्रजा हो भिखारी। उन्होने कहा कि जीएसटी से जनता को निचोड़ लिया गया। आम जनता, व्यापारियों की नाराजगी देखते हुए सरकार जीएसटी के टैक्स को कम करने पर मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि विकास के हम विरोधी नहीं है, लेकिन लोगों के पूरे जीवन की कमाई विकास के नाम पर बर्बाद करना कदापि उचित नहीं है। इस अवसर पर महायोजना के प्रस्तावित नक्से का किसानों ने अवलोकन किया और अन्याय के विरूद्ध संघर्ष का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव यादव, उत्तम यादव, विवेक, रामसेवक, हरेंद्र यादव, उत्कर्ष, शिवराज सिंह, राम प्रकाश राजपूत, रामसरकार राजपूत, सुरजीत शर्मा आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद ग्रामीण

## सूर्य पूजन के साथ 37वाँ मानस सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर रेलवे रोड पर प्रातः काल नैमिष एवं पांचाल घाट के स्वामी रामानंद सरस्वती एवं विद्वान पंडितों ने वेद मंत्रों से सृष्टि के देवता भगवान सूर्य का पूजन किया गया। मुख्य यजमान विशेष पाठक, अनुराग सक्सेना एवं शोभित सक्सेना, संयोजक डॉ0 रामबाबू पाठक, रामेंद्र नाथ मिश्रा ने देवी देवताओं का विधि-विधान से पूजन किया। संत जनों ने मानस सम्मेलन के शुभारंभ पर मंगला चरण के साथ आशीष वचन कहे। डॉ0 रामबाबू पाठक ने कहा कि विगत 37 वर्षों से सम्मेलन का उद्देश्य समाज में लोक कल्याण की कामना एवं पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण कार्य को मानस के द्वारा कथा को माध्यम बनाया। उन्होंने कहा सूर्य ही इस संसार में प्रत्यक्ष देवता है जो हम सब को जीवनदान देते हैं, जीव के मृत्यु के पश्चात प्राणी सुर्य लोग में उसकी आत्मा जाती है, उसके लिए तर्पण को कथा का माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा प्रथम बार श्री राम कथा को भगवान शंकर भोलेनाथ ने माता पार्वती को सुनाई थी। उसके पश्चात इस पृथ्वी पर वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। गोस्वामी तुलसीदास ने कलयुग में श्री राम कथा को मानस के माध्यम से जीवन जीने का सनातन धर्म का ग्रंथ दिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपने पूर्वजों को कथा के माध्यम से याद करना तथा समाज में भावी पीढ़ी के युवाओं में भारतीय संस्कार देना, वर्तमान समय में श्री रामचरितमानस ऐसा ग्रंथ है जो जीवन जीने का आधार बताती है, उससे प्रेरणा ले, उसका अध्ययन और जीवन में अपने आचरण में उतारे। उन्होंने कहा सम्मेलन में आए हुए विद्वानों के विचारों को सुनने के लिए समय से आए और उनके विचारों को अपने जीवन में शामिल कर जीवन को सफल बनाएं। आलोक गौड़, बृजकिशोर सिंह किशोर, अशोक रस्तोगी, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, सुजीत पाठक, रवि अवस्थी, अद्भुत पाठक, आदित्य, वरुण, सचिन आदि जनों ने आरती एवं प्रसाद वितरण किया।



सूर्य पूजन के दौरान मौजूद आचार्य व आयोजक आदि

# न्यायालय के आदेश व टीईटी परीक्षा कराये जाने का शिक्षकों ने किया विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उच्चतम न्यायालय आदेश के विरोध में रविवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाह्न पर सैकड़ों शिक्षक साथियों के साथ सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक द्वारा सासंद को दिये गये ज्ञापन में 2011 से पूर्व नियुक्ति के समय निर्धारित योग्यता पूर्ण करने वाले शिक्षकों के साथ वर्तमान में थोपे गए निर्णय के बाद आ रही चुनौतियों के संबंध में अवगत कराया गया।।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर्येंद्र यादव द्वारा शिक्षकों का पक्ष रखते हुए सांसद को बताया कि विभिन्न प्रकार के शिक्षक जैसे मृतक आश्रित अप्रशिक्षित, स्नातक 50 प्रतिशत से कम, बीपीएड उत्तीर्ण शिक्षक, प्रशिक्षितए इंटरमीडिएट


विधायक सुशील शाक्य को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

### शिक्षकों ने सांसद व विधायक को सौंपा ज्ञापन

उत्तीर्ण शिक्षक टीईटी परीक्षा में आवेदन हेतु पात्र नहीं है, जो इस निर्णय से नौकरी हेतु अपात्र घोषित हो जाएंगे। सांसद ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिलकर पूरी बात रखूंगा। वहीं प्रतिनिधि मण्डल ने भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर एवं अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य को भी ज्ञापन सौंपा। विधायक नागेन्द्र राठौर एवं सुशील शाक्य ने भी शिक्षकों का पक्ष सुनने के बाद आश्वासन दिया कि प्रकरण मुख्यमंत्री को अवगत कराऊंगा। जिला मंत्री प्रवेश राठौर ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर यूटा जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, अटेवा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, टीएससीटी के ओर से जितेंद्र राठौर, विवेक यादव, प्रदीप चतुर्वेदी, अरविंद यादव, पंकज राजपूत, आदेश अवस्थी, मनोज शाक्य, सोमनाथ दीक्षित, राजेश यादव, गोविंद चौरसिया, संजीव पाठक, नारायण राजपूत, नीरज शुक्ल, जबर सिंह यादव, निवास वर्मा, धीरेन्द्र यादव, हिमलेश शाक्य, संजू राठौर, पूनम चौहान, शिप्रा वर्मा, अमिता पांडे, किरण, रोली पांडे, नीलम राठौर, राणा आफताब, शैलजा यादव, अक्षयकांत अग्निहोत्री, अभयकांत अग्निहोत्री, शिवम् चतुर्वेदी, प्रतीक मिश्र, शिवम माथुर, सुमित दुबे आदि मौजूद रहे।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

### सांसद बोले: मैं प्रकरण को लेकर मानव संसाधन विकास मंत्री से करूंगा बात


सांसद को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सांसद के आवास पर पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं मानव संसाधन विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। 1 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय के आए निर्णय के संबंध में अवगत कराया। शिक्षकों ने कहा कि 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्य रूप से करनी है, अन्यथा 2 वर्ष के अंदर शिक्षकों की सेवा समाप्त हो जाएगी। जिससे शिक्षक समुदाय तनाव में है, इस पर सांसद ने कहा की प्रकरण पेपर न्यूज़ के माध्यम से उनके संज्ञान में है तथा सरकार के भी संज्ञान में आ गया है और सरकार कहीं न कहीं आपके साथ खड़ी दिखाई देगी फिर भी आप लोग अपने पत्र के माध्यम से अपनी बात को शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं यह अच्छी बात है। मैं स्वयं भी इस प्रकरण पर मानव संसाधन विकास मंत्री (शिक्षा मंत्री) से बात करूंगा। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्रा, महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, मंडलीय उपाध्यक्ष हरिओम शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राहुल गंगवार, अरविंद राजपूत, जगदीश नारायण अवस्थी, राजीव यादव, राजीव कुमार, प्रमोद कुमार, पवन गुप्ता, नीलम राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी, विनोद पाठक, घासीराम वर्मा, शैलेश दुबे, धर्मेंद्र कुमार, मनोज शाक्य, सुनील अग्निहोत्री एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का सपा नेता ने किया विरोध

### इस क्रिकेट मैच का पहलगाम में मारे गए 26 लोगों के परिवार के लोग भी विरोध कर रहे फिर यह आयोजन भारत देश की सरकार क्यों रही है


सपा नेता नंदकिशोर दुबे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार 14 सितंबर को एशिया कप के तहत क्रिकेट मैच खेला गया है। नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता तो ये आखिर क्रिकेट मैच क्यों?

नन्दकिशोर दुवे वन्देमातरम ने कहा कि आंतकवादी देश पाकिस्तान जो सदियों से आतंकवाद फैला रहा हैं। ओलिंपिक से बड़ा आयोजन कोई नहीं होता, लेकिन रूस में आयोजन हुआ था और अमेरिका समेत कई देशो नें उसका बहिष्कार किया था। इस क्रिकेट मैच का पहलगाम मे मारे गए 26 लोगों के परिवार के लोग भी विरोध कर रहे फिर यह आयोजन भारत देश की सरकार क्यों रही है। पूरे देश की भावनाओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है। मैं इसका विरोध करता हूं। अब अपने भारत देश के नेताओं की देशभक्ति कहा गई हैं।

# क्षत्रिय महासभा की बैठक में विजय दशहरा की तैयारियों पर हुई चर्चा

### मुख्य अतिथि के रूप में आयेगें बृजभूषण सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक बढ़पुर स्थित राजपूताना पैलेस के सभागार में सम्पन्न हुई। विजय दशहरा पर्व की तैयारी पर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लिया। अध्यक्षता अहिवरन सिंह गौर पूर्व प्रधानाचार्य ने की। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर, कैप्टन डीएस राठौर, प्रदेश महासचिव अनिल प्रताप सिंह, भारत सिंह व पूर्व प्राचार्य डा0 मुकेश सिंह राठौर मंचासीन रहे। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि सभी सजातीय लोग विजय दशहरा कार्यक्रम में अधिक से अधिक भीड़ जुटाये और कार्यक्रम को सफल बनाये। डीएस राठौर ने कहा कि आमंत्रण पत्रों का पूरी नगर के साथ-


बैठक में मौजूद क्षत्रिय समाज के लोग

साथ गांव में पहुंचायें जायेंगे। डा0 मुकेश सिंह राठौर ने कहा कि 70 प्रतिशत से अधिक अंक वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक धन की जरुरत पड़ती है, इसलिए सभी लोग सहयोग राशि देकर संकल्पित हो और दस-दस लोगों को लेजाकर सक्रिय सदस्य बनाये। भारत सिंह ने कहा कि जनपद के लिए वीरेन्द्र सिंह एक वरदान की तरह कार्य कर रहे है। विजय दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बृजभूषण शरण सिंह आयेगें। अध्यक्षता करते हुए अहिवरन सिंह ने कहा कि सभी लोग तन, मन, धन से समर्पित हो। जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष किरन सिंह, युवा जिलाध्यक्ष आशुतोष, अरविन्द परिहार, राजीव सोमवंशी, अवनीश तोमर, वेदपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, सत्यपाल प्रगल्भ, दुर्गा नारायण सिंह, सुमन राठौर, योगेन्द्र राठौर, राकेश सिंह, सुरेश सिंह, राहुल चौहान, देवेन्द्र परमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के श्याम सुंदर लल्ला बने प्रदेश उपाध्यक्ष

### 100 से ज्यादा नये सदस्यों को जोड़ा गया


सम्बोधित करते धीरज पाण्डेय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की बैठक में सदस्यता अभियान एवं सम्मान समारोह का आयोजन रेलवे रोड स्थित अनन्त सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष धीरज पाण्डेय ने प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा लल्ला एवं प्रदेश सचिव संजय कटियार को दायित्व सौंपा, साथ ही जिलाध्यक्ष गौरव यादव ने जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, जिला सचिव विपिन यादव को दायित्व दिया।

जनपद में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में 100 से अधिक सदस्य बनाये गये। साथ ही नये सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन संजीव बाथम ने किया।

इस मौके पर गोपाल सक्सेना, सौरव शर्मा, सौरव गुप्ता, मनीष यादव, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक गिहार, नीरज राठौर, रजनीश कटियार, शिवम वर्मा, सुबोध अवस्थी, सभासद विश्वनाथ, गौतम, जौली राजपूत, ज्ञानेन्द्र राजपूत, रवीन्द्र राजपूत, अखिलेश शाक्य, सनी गुप्ता, धनीराम, महादेव वर्मा, अतुल मिश्रा, पंकज गुप्ता, सुधीर बाबू, डा0 महेन्द्र श्रीवास्तव, सोनू वर्मा, अनूप गुप्ता, सौरव शाक्य, सनी कटियार, वैभव सोमवंशी, अखिलेश राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बाढ़ ग्रस्त में शिविर में लगाकर लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

### फर्रुखाबाद विकास मंच ने वितरित करायी नि:शुल्क दवाइयां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कटरी धर्मपुर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बीमार व्यक्तियों एवं घायल व्यक्तियों एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के द्वारा लगाया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न बीमारियों की दवाइयां ली। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 नावेद अंसारी, डॉ0 विमलेश कुमार, डॉ0 पंकज राठौर व फार्मासिस्ट ब्रह्मानंद आदि ने लोगों का चेकअप किया और संबंधित बीमारियों की दवाइयां का वितरण भी किया। कई भाई लोगों की ड्रेसिंग इत्यादि भी की गई। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहां कि ऐसी मुसीबत के समय में लोगों की मदद करना बहुत


स्वास्थ्य परीक्षण कराते लोग

अच्छा लगता है, क्योंकि मुसीबत के समय जो भी बन सके वह मदद हर उस व्यक्ति को करनी चाहिए जो इस लायक है। अब लगातार स्वास्थ्य शिविर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगाए जाते रहेंगे, सभी लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर राजेश दीक्षित, सुनील बाजपेई, विनोद राजपूत, वीरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनिल द्विवेदी, श्यामेंद्र दुबे, नीरज, गिरद सिंह, सुनील मिश्रा, हिमांशु गुप्ता, राजीव वर्मा, डॉ0 राधेश्याम राजपूत, राकेश राजपूत, बादशाह सिंह, धर्मवीर राजपूत, शाहिद आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### घायल गोवंश को पशु चिकित्साधिकारी ने इलाज कर पहुंचायी राहत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नेकपुर नारायणपुर, चपी गैस एजेंसी के पास एक गोवंश की पूंछ कट गई थी। चोट के कारण पूंछ में कीड़े लग जाने के कारण गोवंश बुरी तरह से बिलख रहा था। स्थानीय लोगों ने गौ रक्षक जिलाध्यक्ष अंकित माथुर को सूचना दी। अंकित माथुर ने (सीवीओ) पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दी, लेकिन कोई भी डॉक्टर 2 घंटे तक इलाज करने के लिए नहीं पहुंचा फिर अंकित माथुर ने मंडल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना दी। राहुल राठौर ने पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया। जिसके बाद बढ़पुर के डॉ0 मनोज शर्मा ने पहुंचकर पशु के इलाज किया।

### हिन्दी पखवाड़ा के तहत अधिवक्ता भवन में गोष्ठी आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 15 सितंबर को अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ भवन में अखिल भारतीय हिंदी विधि प्रतिष्ठा जनपद इकाई के तत्वाधान में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा और संकल्प दिवस मनाया जाएगा। जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारी अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी जनपद इकाई के सचिव अनूप कुमार तिवारी दी है।

### आज डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के तत्वाधान में 15 सितम्बर को अपरान्ह ढाई बजे उच्चतम न्यायालय के आदेश के विरोध में शिक्षक जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी मजहर मोहम्मद खान व विमलेश शाक्य ने दी है।

### मा.शि. संघ के कार्यों के लिए प्रवेश व अर्जुन अधिकृत : अनिरुद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने जारी विज्ञप्ति कर बताया कि जनपद में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य व जिला मंत्री अर्जुन प्रताप सिंह निर्वाचित है। जनपद की सदस्यता अभियान एवं अन्य संगठनिक कार्यक्रमों एवं कार्यों के लिए उन्हें अनिवार्यता प्रदान की गई है।

# सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में... काकोरी ट्रेन एक्शन पर नाटक समारोह एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### जिलाधिकारी ने कलाकारों को किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन नाट्य समारोह के अंतर्गत चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं भावपूर्ण नाट्य मंचन हुआ। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है तो और सर पैदा करो नौजवानों हिंद में फिर से गदर पैदा करो आदि नारे लगाये गये।

काकोरी ट्रेन एक्शन नाट्य समारोह के अंतर्गत आयोजित नाटक एक और आजाद का भावपूर्ण मंचन अरविंद दीक्षित के निर्देशन में हुआ। नाटक के प्रारंभ में पंडित रामनारायण आजाद के बाल्यकाल को दर्शाया गया। जिसमें बाल स्वरूप में पंडित रामनारायण आजाद एक अंग्रेज को पत्थर मारकर उसका सर फोड़ देते



काकोरी ट्रेन एक्शन पर नाटक प्रस्तुत करते कलाकार

हैं। यहीं से उनके अंदर क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित होती है उनके द्वारा किए गए बम कांड अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई को नाटक में दर्शाया गया। नाटक में रितिक पाण्डेय उमंग, अर्पण शाक्य, अनुभव सारस्वत, शुभ दीक्षित, देवांश आदि ने भावपूर्ण मंचन किया।

काकोरी ट्रेन एक्शन को दर्शाता नाट्य मंचन अमित सक्सेना के निर्देशन में हुआ। जिसमें राज गौरव पाण्डेय, डॉ0 नावेद अली, सिमरन सिंधी, फाल्गुनी, अंकित गुप्ता, दिलीप कश्यप, विशाल श्रीवास्तव आदि ने भावपूर्ण मंचन किया। नाटक जलियांवाला बाग से प्रारंभ करके किस तरह से काकोरी की घटना की रणनीति बनायी। किस तरह से क्रांतिकारियों ने रणनीति बनाई। कैसे गणेश शंकर विद्यार्थी से मिलकर चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल आदि ने ट्रेन को लूटने की जो रणनीति बनाई उसको दर्शाया गया। भगत सिंह के द्वारा लाहौर बम कांड दिखाते हुए भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, तीनों की फांसी की सजा के साथ नाटक का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ने कहा कि भावपूर्ण नाटक मंचन के माध्यम से हम सभी को अपने क्रांति वीरों को स्मरण करने का अवसर मिला है, उनके बलिदान को हमें कभी भी भूलना नहीं चाहिए। रामनारायण आजाद के पुत्र बॉबी दुबे सहित जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशजों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौर, भास्कर दत्त द्विवेदी, गौरव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, सुरेन्द्र पाण्डेय, आकांक्षा सक्सेना, जितेन्द्र सिंह राजावत, नवीन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अंजुम दुबे ने किया। कार्यक्रम से पूर्व वीरेंद्र सिंह राठौर, भास्कर द्विवेदी ने फीता खोलकर क्रांतिवीरों की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन किया। काकोरी ट्रेन एक्शन का ट्रेन मॉडल को कार्यक्रम में दर्शाया गया, सभी अतिथियों व आगंतुकों ने उसकी भरपूर प्रशंसा की। भूपेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में आयोजित संगोष्ठी में डॉ0 रंगनाथ मिश्रा, वैभव राठौर, डॉ0 संतोष पाण्डेय, सांसद मुकेश राजपूत एवं भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ0 रति शंकर त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त किया।

गोष्ठी का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के छात्रों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# नौ पदक जीत कर मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में टीम बनी उपविजेता


ट्राफी के साथ खिलाड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विद्यालयी मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितंबर को चिरंजीलाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज कानपुर में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की टीम के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड, 2 सिल्वर मेडल प्राप्त कर उपविजेता रही।

पदक विजेता खिलाड़ी राजन ने गोल्ड मेडल कंपोजिट विद्यालय शमशेर नगर, श्याम सुंदर ने गोल्ड मेडल, प्रशांत ने गोल्ड मेडल, रजत ने सिल्वर मेडल अहिल्याबाई होलकर इं0कालेज, सचिन ने गोल्ड मेडल राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज, सत्यम ने सिल्वर मेडल, सूरज ने गोल्ड मेडल, अनन्या माथुर ने गोल्ड मेडल श्री रामकृष्ण मेमो0 इं0 कालेज, अन्नू राजपूत ने गोल्ड मेडल बाबा इतवारी लाल इं0क0 ने जीता। टीम कोच संजीव कटियार व टीम मैनेजर केशव गंगवार ने जनपदीय टीम को मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया। सभी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी 21 से 23 सितंबर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मंडल में उपविजेता होने पर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास ने सभी खिलाड़ियों एवं टीम कोच मैनेजर को बधाई दी।

# भाकियू अखण्ड प्रदेश की बैठक में किसानों की सुनी गई समस्यायें


बैठक में मौजूद किसान नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश की मासिक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक की अध्यक्षता में पछपुखरा स्थित एक पैलेस में संपन्न हुई। किसानों की समस्याओं का निराकरण कैसे किया जाए के विषय पर चर्चा हुई। क्रांति पाठक ने अपनी टीम के नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। राष्ट्रीय महासचिव बबलू दीक्षित ने कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी किसानों और लोगों से अपील की कि बाढ़ के कारण काफी किसानों एवं ग्रामीणों का नुकसान हुआ है। ऐसे में सक्षम लोग बाढ़ पीड़ितों की मदद करें। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने कहा कि किसान की समस्यायें है, जिसे प्रशासन अनदेखी कर रहा है और थानों में पुलिस किसानों का उत्पीड़न करती है। जिस किसी किसान का उत्पीड़न हो रहा है वह हमारे पास आकर अपनी समस्या बताये, उसका निराकरण कराया जायेगा। इस मौके पर अवधेश सोमवंशी, छन्नू प्रधान, भानु वर्मा, सौरभ दीक्षित, विशाल दुबे, मोहित खन्ना, राहुल तोमर, शिव शुक्ला, सुनील प्रधान, मिथुन राठौर, इकरा खान, रूबी कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# हिंदी भाषा में सभी भावों को भरने की अद्भुत क्षमता है.....

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रेमी आज भी हिन्दी बोलते हैं। अंग्रेजी भाषा को लोगों ने इतना बढ़ावा दे दिया कि अपनी मात्र भाषा को भूलने लगे हैं, जबकि प्रारम्भिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा में सभी भाषाओं को पढ़ाया जाता है।

इंग्लिश मीडियम पद्धति के कारण मातृ भाषा को कमजोर किया गया है। अभी भी समय है कि हम लोग अपनी मातृ भाषा को प्रयोग व उपयोग करें और जन-जन तक इस भाषा को पहुंचायें। हिन्दी भाषा में सभी भावों भरने की अद्भुत क्षमता है। भाषा हमने सारी सीखी, पर हिन्दी जैसी बात नहीं।

संस्कृत से संस्कृति मिली, हिन्दी से हिन्दुस्तान, पर आज अंग्रेजी के चक्कर में हम भूल गये अपनी पहचान, स्वामी विवेकानन्द ने अपनी मातृ भाषा के विषय में एक अमेरिकन से कहा था कि हमें हिन्दी भाषा पर गर्व है और उनके उद्बोधन के दौरान अमेरिका में उनके सम्मान में मंच तक हिल उठा।

### हिन्दी भाषा को उचित सम्मान मिले: कुनेन्द्र गंगवार


कुनेन्द्र गंगवार, प्रधानाचार्य

राजाराम इं0का0 अचरा खलवारा के प्रधानाचार्य कुनेन्द्र गंगवार ने बताया कि हिन्दी भाषा को उचित सम्मान मिले। देश के महान कवियों मैथली शरण गुप्त, महादेवी वर्मा ने हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए सराहनीय प्रयास किये। डाकघर, बैंकों व एलआईसी व शैक्षिक संस्थानों में हिन्दी पखवाड़ा बड़े जोर शोर से मनाया जाता है, आज भी खाता खोलने बैंकों में जाओं तो अंग्रेजी के फार्म दिये जाते है।

### हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए सरकार ठोस कदम उठाये: संजय दुबे


संजय दुबे, प्रधानाध्यापक

प्रधानाध्यापक व समाजसेवी संजय दुबे ने बताया कि सरकार हिन्दी भाषा का उत्थान करें, प्रचार-प्रसार के लिए ठोस कदम उठाये। हमें गर्व है कि किंग जार्ज मेडिकल कालेज के डा0 सूर्यकान्त त्रिपाठी ने चिकित्सा के क्षेत्र में पहली बार हिन्दी भाषा में शोध लिखा, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है।हम लोग मिलकर हर क्षेत्र में हिन्दी भाषा का प्रयोग करें, जिससे हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा मिले।

### सदन में अंग्रेजी बोलना राष्ट्रभाषा का अपमान: राजकिशोर शुक्ला


राजकिशोर शुक्ला, प्रधानाध्यापक

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री व प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि देश की 50 प्रतिशत जनता आज भी निरक्षर है। वहीं संसद में चुने गये प्रतिनिधि द्वारा फर्राटेदार अंग्रेजी बोलकर राष्ट्रभाषा हिन्दी का अपमान हो रहा है। देश के नागरिक हिन्दी भाषा अच्छी तरह न जानते हो उसके बावजूद भी न्याय पालिका में भी अंग्रेजी भाषा में निर्णय दिया जाता है।

### हम सब मिलकर मातृ भाषा हिन्दी को बढ़ावा दें: आदेश अवस्थी


सहायक अध्यापक आदेश अवस्थी

संविलियन विद्यालय अरियारा के सहायक अध्यापक व मीडिया प्रभारी भारत विकास परिषद आदेश अवस्थी ने बताया कि हमें गर्व है कि हिन्दी भाषा मेरी मातृ भाषा है। हम हिन्दी का सम्मान करते है। मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि अपने द्वारा लेखन कार्य में हिन्दी का ही प्रयोग करें, जिससे हिन्दी का प्रचार-प्रसार बढ़े और हमें अपनी राज भाषा कहने में गर्व बना रहे।

# शिक्षामित्र शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ जल्द मिलेगी राहत : पंकज



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने बीते शनिवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को आभार पत्र सौंपा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर शिक्षामित्रों के लिए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें मानदेय वृद्धि और कैशलेस इलाज की सुविधा शामिल है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शिक्षामित्रों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिख चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इन मांगों को गंभीरता से लिया है। इन घोषणाओं पर जल्द ही अमल किया जाएगा। शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, महामंत्री महेश सिंह और कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने संयुक्त बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि यह घोषणा शिक्षामित्रों के श्रम और सम्मान को नई पहचान देगी। लंबे समय से चली आ रही मानदेय वृद्धि और स्वास्थ्य सुविधा की मांग को अब सकारात्मक दिशा मिली है।

कार्यक्रम में हेमलता पांडेय, निर्भय पटेल, टुनटुन मिश्रा, दिलीप श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद थे। शिक्षामित्रों का मानना है कि इन घोषणाओं के लागू होने के बाद आने वाली दीपावली उनके लिए वास्तव में खुशियों की दीपावली होगी।

## मां से पैसे न मिलने पर 14 वर्षीय नाराज किशोर ने छोड़ा घर, परिजन परेशान

**पनियरा के अनंतपुर से लापता हुआ किशोर, पुलिस कर रही तलाश**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पनियरा थाना क्षेत्र के अनंतपुर राय टोला से एक किशोर के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है।



सत्यपाल सिंह का 14 वर्षीया भतीजा अंकुश सिंह शनिवार दोपहर से गायब है। घटना 13 सितंबर की है। दोपहर करीब 2 बजे अंकुश ने अपनी मां से पैसे मांगे। मां ने पैसे देने से मना कर दिया और डांट लगाई। इसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया और अब तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास के इलाकों में उसकी खोजबीन की। कहीं कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने पनियरा थाने में सूचना दी। प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम निवास ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम किशोर की तलाश में जुटी है। गांव और आसपास के क्षेत्र में बच्चे के लापता होने की खबर से लोगों परेशान है। परिवार के लोग भी अपने बच्चे की तलाश को लेकर काफी चिंतित हैं लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए हैं।

# सुहागिन महिलाओं ने पुत्र की दीर्घायु की कामना को लेकर रखा जीवित्पुत्रिका व्रत

- शिव मंदिरों में पहुंच कर देवाधिदेव महादेव सहित मां पार्वती व गणेश का पूजन अर्चन कर पुत्र के दीर्घायु की कामना की



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पितृपक्ष के अष्टमी तिथि दिन रविवार को सुहागिन महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। सजधज कर शिव मंदिरों में पहुंच कर देवाधिदेव महादेव मां पार्वती सहित गणेश का षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन वन्दन कर पुत्र के दीर्घायु की कामना की।

इस व्रत को लेकर सुहागिन महिलाएं सुहाग से जुड़ी वस्तुओं को खरीदने के लिए आतुर दिखी। बीते दिनों से महराजगंज, फरेन्दा, घुघली पनियरा, सिसवा, नौतनवां, निचलौल, लक्ष्मीपुर, बृजमनगंज, बहादुरी, भैया फरेंदा, धानी सहित छोटे बड़े बाजारों सहित चौराहे पर चहल-पहल देखा जा रहा है। सुहागिन महिलाएं सुहाग से जुड़े सामग्री की खरीददारी करने में मशगूल रही।

आज रविवार को इस व्रत को निर्जला रखकर सुहाग से जुड़े सामग्री को लेकर शिव मंदिरों में पहुंच कर देवाधिदेव महादेव की पूजन अर्चन वन्दन कर पति पुत्र के दीर्घायु की मंगल कामना की। जिससे मंदिरों पर चहल-पहल रहा।

आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी ने बताया कि इस व्रत में एक दिन पहले सरपुतिया की सब्जी खाना जरुरी होता है। चौबीस घंटे निराजल रखकर सुहागिन महिलाएं चार बजे भोर में गुड़ चीनी मिलाकर प्रसाद ग्रहण कर जल पीती है सुहागिन महिलाओं के लिए यह व्रत एक तपस्या है जो किसी तपस्या कम नहीं है। आज यह व्रत श्रद्धा विश्वास के साथ सुहागिन महिलाओं ने बड़े ही सहजता से उत्साह पूर्वक मनाया। इसके पश्चात घर में तरह तरह के मीठा पकवान भी बनाती है, और श्रद्धा पूर्वक ब्राह्मण भोजन करा दान पुण्य करतीं हैं। इसी क्रम में यह त्यौहार श्रद्धा पूर्वक पूरे जनपद के हर गांवों में बड़े धूमधाम से मनायाजा रहा है।

## कान जांच निःशुल्क चिकित्सा शिविर होगी दो दिन आयोजित

**20 व 27 सितंबर को आशीर्वाद स्पीच एंड हियरिंग सेंटर करेगा जांच शिविर का आयोजन**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** आशीर्वाद स्पीच एंड हियरिंग सेंटर ने कान की जांच के लिए दो दिन नि:शुल्क शिविरका आयोजन किया है। पहला शिविर 20 सितंबर को महाराजगंज में प्रमिला अल्ट्रासाउंड के सामने स्थित क्लीनिक पर और दूसरा शिविर 27 सितंबर को घुघली के बसंतपुर में आयोजित किया जाएगा।

आडियोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार वर्मा के अनुसार, आजकल लोगों में सुनने की क्षमता लगातार कम होती जा रही है। कान के उपकरणों के अधिक इस्तेमाल से यह समस्या और बढ़ रही है। इससे कान में कई तरह के रोग पैदा हो रहे हैं। कान में इंफेक्शन बढ़ने से गले में भी दिक्कत होने लगती है। यह इसलिए होता है क्योंकि नाक, कान और गला एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। शिविर में आधुनिक मशीनों से कान की जांच की जाएगी। इसमें बच्चों के कान की जांच, कान के पर्दे की जांच और हकलाने-तोतलाने की स्पीच थेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। सेंटर के मैनेजर सत्यम कुमार श्रीवास्तव ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी जांच कराने की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### सपा मुखिया ने यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद का बढ़ाया मान, बेटे अर्श को भी दिया आशीर्वाद



**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।** जनपद के निवासी समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान के पार्टी के प्रति समर्पण, संघर्षों, कर्मठता, शालीनता, त्याग तथा संगठन विस्तार कार्य से खुश होकर सपा प्रमुख/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय लखनऊ में बुलाकर आंवला लोकसभा, मुरादाबाद कुंदरकी विधानसभा तथा मथुरा वृन्दावन में कैडर कैंप सहित अन्य कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान अखिलेश यादव ने खुर्शीद अहमद खान के मेधावी बेटे अर्श खान को भी आशीर्वाद और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। खुर्शीर अहमद खान ने अपने महबूब नेता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार का सदस्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो सम्मान और स्नेह दिया उसके लिए हम आजीवन ऋणी रहेंगे। श्री खुर्शीद ने पूरा भरोसा और विश्वास जताया कि 2027 में प्रदेश की पीड़िता जनता एक बार पुनः अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

### आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए, पीस कमेटी की बैठक आयोजित



- सीओ ने कहा- त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** ठूठीबारी कोतवाली परिसर के आनंद सभागार में आज रविवार को नवरात्र और रामनवमी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निचलौल पुलिस क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने की। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने सोशल मीडिया पर अनर्गल बातें न लिखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपस में भाईचारा बनाए रखें। किसी तरह की समस्या होने पर खुद निर्णय न लें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार गौंड, विक्की कुमार, माहरूफ, गुड्डू मिर्जा, अतुल सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान व व्यापारी मौजूद रहे।

# नेपाल में तनाव का असर वार्डर के सीमावर्ती जिलों में भी

- तीन दिन बाद भी बाजार बंद, सड़कों पर सन्नाटा; एनएच पर न पुलिस, न ही चेकिंग



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नेपाल के भैरहवा शहर में तीन दिन बाद भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे गल्ला मंडी, मिलन चौक, बुद्ध चौक, देवकोटा चौक और आंख अस्पताल चौराहे पर स्थिति सुस्त है। कुछ दुकानें खुली हैं, लेकिन ग्राहकों की आवाजाही नहीं है। आंख अस्पताल सहित कई प्रमुख संस्थान पूरी तरह बंद हैं।

शहर में सुरक्षा बलों की मौजूदगी नहीं दिख रही है। नेपाल के राष्ट्रीय राजमार्गों पर न तो पुलिस है और न ही कोई चेकिंग हो रही है। स्थानीय लोग सिर्फ जरूरी काम के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सोनौली बॉर्डर से नेपाली नागरिकों का भारत में आना-जाना शुरू हो गया है। हालांकि, भारतीय नंबर के वाहन अभी भी नेपाल में प्रवेश नहीं कर रहे हैं। सरकार स्थिति को नियंत्रण में बताती है, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। लोगों के चेहरों पर डर साफ दिखाई दे रहा है। बंद बाजार और सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति बताती है कि वास्तविक शांति अभी बहाल नहीं हुई है। भैरहवा सहित पूरा सीमावर्ती क्षेत्र ठहराव की स्थिति में है। हालांकि स्थिति में सुधार हो रहा है, लेकिन जनजीवन अभी भी सामान्य नहीं हुआ है।

## महिला को बंदर ने काटा, हालत बिगड़ी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बाजार में रविवार की सुबह महिला को बंदर ने दाहिने हाँथ में काट लिया महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को बंदर से बचाते हुए महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के ड्रमण्डगंज बाजार निवासी रामु केशरी की 46 वर्षीय पत्नी नीतू घर से अपने दुकान पर जा रही थीं की जैसे ही बाजार में पहुंची की बंदर ने महिला के ऊपर हमला कर महिला के दाहिने हाँथ में काट लिया। महिला की चीख पुकार सुनकर अगल बगल के लोग लाठी डंडे से बंदर को मारते हुए महिला को बंदर से बचाते हुए महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे व फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा द्वारा महिला को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है। महिला अपने घर चली गई ड्रमण्डगंज बाजार में बंदरो का आतंक बना हुआ है। बंदरो द्वारा आए दिन लोगो के ऊपर हमला कर घायल किया जाता है लेकिन विभाग द्वारा ऐसे बंदरो को पकड़ने में नाकाम साबित हो रहा है।

# हिन्दी देश की सभ्यता व संस्कृति भाषाओं का श्रृंगार : सुधेशमोहन



**फरेंदा महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दी देश की सभ्यता व संस्कृति एवं भाषाओ का श्रृंगार है। उक्त बातें चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस मनाने के पश्चात प्रवचंक सुधेशमोहन श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है।हिन्दी दिवस पर अपनी व्याख्या करते हुए बच्चो ने कहा की भारत माँ के भाल पर सजी स्वर्णिम बिंदी हूँ, मैं भारत की पुत्री आपकी अपनी हिन्दी हूँ।

बच्चो ने हिन्दी दिवस पर चित्रकारी भी की,स्कूल के प्रधानाचार्य जगमोहन मिश्र ने कहा की 1953 से पूरे भारत मे 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है इसे आधिकारिक भाषा मे के रुप मे स्थापित करवाने के लिये काका कालेकर, हजारी प्रसाद द्विवेदी,सेठ गोविन्द दास सहित अनेक साहित्यकारों ने अथक प्रयास किया था। कार्यक्रम मे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजेश सहानी,हरी बहादुर, धीरेन्द्र मिश्र, पुरुषोत्तम पाण्डेय,पुनिता मिश्रा, शिल्पा सिंह सहित अनेक स्टॉफ मौजूद रहे।

# मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ददरी मार्ग पर रविवार कि सुबह मैजिक वाहन कि टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद चेहरे मे गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के महादेव गांव निवासी 25 वर्षीय दुर्गा बाइक से कोटार नाथ दर्शन करने के लिए आया था दर्शन करने के बाद वापस घर लौट रहा था कि जैसे ही हलिया ददरी मार्ग पर पहुंचा कि मैजिक वाहन चालक ने बाइक सवार की बाइक मे टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के चेहरे मे गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध मे चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की मैजिक वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर युवक एम्बुलेंस सेवा वाहन से आया था। प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।



## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** हिनौता गांव के पास शनिवार रात एक 26 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चुनार मार्ग पर लूसा रेलवे स्टेशन के करीब ददरा हिनौता गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग से लगभग सौ मीटर की दूरी पर पश्चिम तरफट्रेन की चपेट में आने से शनिवार की रात युवक की मौत हो गई। लूसा स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची चुर्क थाने की जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुटी गई है। मृतक लाल रंग की टीशर्ट तथा नीले रंग की जींस पैंट पहना है। मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है।



# जंगली सुअर के शिकारियों को वन विभाग की टीम ने किया गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय वन क्षेत्र के परसिया बीट कम्पार्टमेन्ट नंबर छह में शनिवार कि रात्रि में शिकारियों द्वारा बंदूक से जंगली सुअर का शिकार करने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घेराबंदी करके दो शिकारियों को बाइक के साथ मौके से जंगली जानवर सुगर को मृत अवस्था में बरामद करते हुए दोनों शिकारियों को रेंज परिसर लाकर छह लोगो के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। प्रभागीय वनाधिकारी तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय के निर्देश पर जंगल में बंदूक से जंगली जानवरो का शिकार करने की सूचना पर हलिया रेंज के के अंतर्गत परसिया बीट कम्पार्टमेंट नंबर छह में पहुँचे वन दरोगा सूरज पाण्डेय, वन्यजीव रक्षक राजकुमार वर्मा, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह, शीतला बक्स सिंह ने घेराबंदी करते हुए मौके से मतवार गांव निवासी अजय कुमार व नंदू को गिरफ्तार कर जंगली जानवर सुअर को बरामद करते हुए दोनों शिकारियों को रेंज परिसर लाते हुए पूछताछ करते हुए छह शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गए है। जंगली जानवर सुअर का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया है। इस संबंध में रेंजर अवध नारायण मिश्रा ने बताया की परसिया कम्पार्टमेंट नंबर छह में जंगली जानवर का बंदुक से शिकार करने वाले दो शिकारियों को गिरफ्तार कर छह शिकारियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# क्षेत्र में धूम-धाम से मनाया गया जिउतीया पर्व



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के हलिया कस्बा, हथेडा, पुरवा अवसान सिंह, अदवा कालोनी, अहुगी, सिकटा, महुगढ, आदि गाँव में महिलाओं ने जिउतीया माता का पूजा धूम धाम से कर मन्नते मागी।

आश्विन मास के कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रख कर संतान के दीर्घायु होने कि कामना के साथ जीउतिया माता का पूजन किया।

पूजा सामग्री में पुड़ी, गुझिया आदि पकवान बनाकर केला, सेव, अमरूद, अनार, अनन्नास, नाशपाती, नारियल आदि फल फूल लेकर ढोल नगाड़े के साथ संपन्न हुआ।

# वनों से संबंधित योजनाओं की ग्रामीणों को दें जानकारी : वन्यजीव प्रतिपालक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय रेंज परिसर में रविवार को कैमूर वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने वनकर्मियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्रीन चौपाल में वन्यजीव रक्षक द्वारा चौपाल में वनों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही पौध रोपण के लिए ग्रामीणों को जागरूक करेंगे बैठक में वन्यजीव प्रतिपालक द्वारा वनकर्मियों से कहा की अगर कोई वन भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर लिया है तो उसे फसल काटने के बाद खाली कराया जाय वन भूमि व कास्तकार के मिलजुला नंबर है तो सर्वेयर से वन भूमि की पैमाइश कराया जाय नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई किया जाय। वन क्षेत्र में अवैध कटान व शिकार व अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाया जाय। रात्रि में गस्त तेज कर दिया जाय वन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली दो मार्ग बडौही से गुर्गी व हलिया से मतवार के मरम्मत के लिए बीस लाख रूपये स्वीकृत हो गया है। जिसमें सड़क पर बने गड्ढे को वन विभाग द्वारा अपने देखरेख में भरने का काम किया जाय बडौही से गुर्गी वन भूमि के अंतर्गत पड़ने वाले सम्पर्क मार्ग के रपटा व पुलिया के निर्माण कार्य के लिए वन विभाग द्वारा स्टीमेट बनाकर दिया जायेगा। राज्यसभा सांसद अरुण सिंह द्वारा अपनी निधि से बजट जारी करने के बाद पुलिया रपटा का निर्माण कार्य कराया जायेगा। समाजसेवी सुधीर सिंह द्वारा कहा कि वनकर्मियों द्वारा नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई किया जाय। अनावश्यक परेशान नहीं किया जाय। विकास कार्य में सड़क के निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न ना किया जाय। इस दौरान रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्र, मेजा रेंजर अजय सिंह, वन दरोगा सूरज पाण्डेय, श्रवण कुमार संत, वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह, नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा, अंकुर शुक्ला, संदीप कुमार, ताराचंद अग्रहरी, लाल बहादुर पाल, प्रशांत दुबे, सुखी चंद्र सिंह गुर्जर, राजू सिंह, जोगेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सर्पदंश से गाय व बछिया ने तड़प-तड़प कर तोड़ा दम

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बसेवरा गांव में गंगा तट पर स्थित मांझी बस्ती में बीती रात सर्पदंश से खूंटे से बंधी गर्भवती गाय और डेढ़ साल की बछिया ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। गोपालक कामता प्रसाद मांझी ने बताया कि टार्च जलाने पर कोबरा नाग दिखाई पड़ा। वह गाय के पास ही दस मिनट तक फुफकारता रहा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर पास के ही बाजरे के खेत में चला गया। गोपालक ने बताया कि बीती रात नौ बजे गाय के पास ही फन फैलाए कोबरा प्रजाति का नाग दिखाई पड़ा। खूंटे से बंधी गाय और बछिया ने दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था।

निजी चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गोपालक ने बताया कि राजकीय पशु चिकित्सालय हरगढ़ के चिकित्सकों से गाय व बछिया का पोस्टमार्टम कराने के लिए संपर्क किया गया, रविवार की छुट्टी होने का हवाला देकर उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। गोपालक ने बगैर पोस्टमार्टम कराए ही सीवान में गहरे गड्ढे में दोनों को दफना दिया।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का 186 मरीजों ने उठाया लाभ

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 186 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 43 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 55 मरीजों का उपचार किया गया।

इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रवि राज के देखरेख में 47 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला



चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 41 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 186 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है।

इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।